RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 295
फरीदाबाद, मंगलवार, 05 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने किया टीम का ऐलान
पेज - 12


## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 68865 | ▲ | 2.05 % |
| निफ्टी | 20686 | ▲ | 2.07 % |
| सोना | 63080 | ▼ | 32 /10 gm |
| चांदी | 76147 | ▼ | 446 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 24.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### एयरफोर्स का ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश, दो पायलट की मौत



**हैदराबाद।** इंडियन एयर फोर्स का एक ट्रेनिंग विमान सोमवार सुबह तेलंगाना में क्रैश हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ। विमान में दो पायलट मौजूद थे। जिसमें एक ट्रेनर थे जो नए कैडेट को प्लेन उड़ाना सिखा रहे थे। सोमवार सुबह डिंडिगुल के एयर फोर्स एकेडमी से विमान ने उड़ान भरी और 8:55 बजे क्रैश हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्लेन कुछ मिनटों में ही जलकर खाक हो गया। पिछले 8 महीनों में एयर फोर्स का यह तीसरा प्लेन एक्सीडेंट है। इससे पहले जून में ट्रेनी विमान किरण क्रैश हो गया था। वहीं मई में मिग-21 प्लेन क्रैश हो जाने से तीन पायलटों की मौत हो गई थी। एक जून को वायु सेना का सूर्य किरण ट्रेनर विमान कर्नाटक के चामराजनगर जिले के भोगपुरा गांव में क्रैश हो गया था।

### झोपड़ी में आग लगने से तीन बच्चों की मौत

**फिरोजाबाद।** यूपी में फिरोजाबाद जिले के जसराना इलाके में एक झोपड़ी में लगी आग से झुलसकर तीन बच्चों की मौत हो गई। उन्हें बचाने की कोशिश में उनका पिता गम्भीर रूप से झुलस गया। डेरा बंजारा इलाके में देर रात शकील अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ झोपड़ी में सो रहा था। तभी झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में उसके बच्चों अनीस, रेशमा की मौके पर ही मौत हो गई।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


# लोस में विभिन्न दलों के सदस्यों ने न्यायपालिका को दलालों से मुक्त कराने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### कार्ति चिदम्बरम ने कहा, केंद्र को दलाल रूपी बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए प्रावधान करना चाहिए



**लोकसभा** में सोमवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने न्यायपालिका को दलालों से पूरी तरह मुक्त करने की जरूरत बताई। कांग्रेस ने जहां इस संबंध में बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए आवश्यक प्रावधान करने पर जोर दिया, वहीं भाजपा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में न्यायपालिका को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और द्रमुक जैसे दलों ने इस विधेयक को वापस लिए जाने और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदम्बरम ने अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि छोटी अदालतों में छोटे-मोटे दलालों के खिलाफ पहल करने के साथ-साथ केंद्र को दल्ला रूपी बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए प्रावधान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस विधेयक के समर्थन में है, लेकिन जटिल विधिक प्रक्रिया और सामाजिक असमानता के कारण दलाल पैदा होते हैं। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने अपनी उपयोगिता खो चुके सभी अप्रचलित कानूनों या स्वतंत्रता-पूर्व अधिनियमों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के प्रयास के आलोक में लोकसभा में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक विचार एवं पारित किए जाने के लिए पेश किया।

मेघवाल ने कहा, कानूनी पेशा एक महान पेशा है। विधि आयोग को नई परिस्थितियों के अनुसार न्यायिक सुधार लाने का अधिकार दिया गया था। देश में अदालत परिसरों में दलालों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। इसलिए, यह महसूस किया गया कि संबंधित अधिनियम में संशोधन किया जाए, जिसमें दलालों से संबंधित प्रावधान होने चाहिए। यह विधेयक राज्य सभा से पहले ही पारित हो चुका है।

सरकार ने भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) के परामर्श से लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट, 1879 को निरस्त करने और अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में संशोधन करने का निर्णय लिया है। विधेयक का उद्देश्य अनावश्यक अधिनियमों की संख्या कम करने के लिए अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट, 1879 की धारा 36 के प्रावधानों को शामिल करना है। यह धारा अदालतों में दलालों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने की शक्ति प्रदान करती है।

भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार अपना औचित्य खो चुके ब्रिटिशकालीन कानूनों को निरस्त करने के प्रति वचनबद्ध है। पाल ने कहा कि अदालतों में दलालों के चंगुल में सबसे अधिक गांव के अनपढ़, अशिक्षित लोग फंसते हैं। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान चलाया है तो न्यायपालिका में भी इस तरह की स्वच्छता बनाए रखने की जरूरत है।

## राजस्थान में आज होगी कांग्रेस विधायक दल की बैठक

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक मंगलवार को यहां होगी। पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक मंगलवार सुबह 11 बजे बुलाई है। राज्य की 200 सदस्यीय विधानसभा की 199 सीट पर मतदान हुआ, जिसके वोटों की गिनती रविवार को की गई। इसमें भाजपा को 115 सीट के साथ बहुमत मिला जबकि कांग्रेस 69 सीट पर सिमट गई। करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

### हरियाणा सरकार का सेक्सुअल क्राइम पर बड़ा फैसला

# दोषी को नहीं मिलेंगी सरकारी सुविधाएं पेंशन-लाइसेंस होगा सस्पेंड

### सरकार नया डोमेन पायलट आधार पर पंचकूला जिले से शुरू करने वाली है

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के आरोपियों के खिलाफ सरकार ने सख्त कदम उठाया है। सरकार की और से इस मामले के आरोपियों को उनसे सामाजिक पेंशन, छात्रवृत्ति और हथियार लाइसेंस सहित सभी सरकारी सुविधाएं वापस लेने का फैसला किया है। इन अपराधों में बलात्कार, बलात्कार का प्रयास, यौन उत्पीड़न, निर्वस्त्र करना, पीछा करना, छेड़छाड़, तस्करी और शोषण और यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम के तहत कोई भी धारा शामिल है। सरकार के एक ऑफिसर ने बताया कि सरकार इसके लिए नया डोमेन पायलट आधार पर पंचकूला जिले से शुरू करने जा रही है। आने वाले समय में इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक जिन आरोपियों के खिलाफ महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के लिए अदालत में आरोप तय किए गए हैं, उनका डेटा पुलिस और अभियोजन सहित विभिन्न हितधारक विभागों से डोमेन पर डाला जाएगा। संबंधित विभाग समय-समय पर डेटा की निगरानी और समीक्षा करेंगे और आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने के तुरंत बाद सरकारी सुविधाएं निलंबित कर देंगे।

बलात्कार, बलात्कार का प्रयास, यौन उत्पीड़न, निर्वस्त्र करना, पीछा करना, छेड़छाड़, तस्करी और शोषण और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत किसी भी धारा सहित महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए आरोपी सरकारी सुविधाएं खो देंगे। वेबसाइट अब लाइव है और पंचकूा जिले में डेटा फीडिंग के लिए तैयार है। आंकड़ों के आधार पर, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, एससी और बीसी कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग पेंशन सहित अन्य लाभों को तुरंत निलंबित कर देंगे।

इसी प्रकार, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग आरोपियों की छात्रवृत्ति को निलंबित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा, जिला वकील आरोपी व्यक्तियों का डेटा अपलोड करेंगे, जिसके बाद संबंधित डीसी आरोपियों के हथियार लाइसेंस निलंबित कर देंगे।

इसी साल राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में महिला अपराध में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। महिला अपराध से संबंधित एक साल में 3658 मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन मामलों में 1716 रेप के केस शामिल हैं। रिपोर्ट में हैरानी जताई गई है कि वर्ष 2020 में 13 हजार मामले महिला अपराध के दर्ज किए गए थे, जो 2021 में बढ़कर 16658 पर पहुंच गए हैं। 2020 में 1373 की तुलना में 2021 में 1716 बलात्कार की घटनाएं हुई।

# मिजोरम के सीएम चुनाव हारे जेडपीएम को मिलीं 27 सीट

### एमएनएफ 10, भाजपा दो और कांग्रेस एक सीट पर सिमटी

**एजेंसी।** इम्फाल



**मिजोरम** के 40 विधानसभा सीटों का रिजल्ट आ गया है। इस बार नई नवेली पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) 27 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। सत्ताधारी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को 10, भाजपा को 2 और कांग्रेस के खाते में एक सीट आई हैं। मिजोरम में सबसे बड़ा उलटफेर आइजोल ईस्ट-1 सीट पर हुआ। यहां मुख्यमंत्री जोरामथंगा चुनाव हार गए। उन्हें जेडपीएम के ललथनसंगा ने दो हजार से ज्यादा वोटों से हराया। हार के बाद सीएम ने डॉ. हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात कर इस्तीफा दे दिया।

जेडपीएम की जीत पर पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री पद के दावेदार लालदुहोमा ने कहा- मैं पार्टी की जीत से खुश हूं। मुझे इसी तरह के नतीजों की उम्मीद थी। अगले दो दिनों के अंदर मैं राज्यपाल से मिलूंगा। शपथ ग्रहण इसी महीने होगा। लालदुहोमा इंदिरा गांधी के सिक्योरिटी इंचार्ज रह चुके हैं। जेडपीएम ने 2018 में 8 सीटें जीती थीं।

जोरम पीपुल्स मूवमेंट पार्टी शुरुआत में छह क्षेत्रीय दलों का गठबंधन था, जिसमें मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जोरम नेशनलिस्ट पार्टी, जोरम एक्सोडस मूवमेंट, जोरम डिसेंट्रलाइजेशन फ्रंट, जोरम रिफॉर्मेशन फ्रंट और मिजोरम पीपुल्स पार्टी शामिल थीं। 2018 में जेडपीएम ने इसी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा था और आठ सीटें जीतीं। इसके बाद चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जुलाई 2019 में पार्टी को रजिस्टर्ड किया। सबसे बड़ी संस्थापक पार्टी मिजोरम पीपुल्स कॉन्फेंस, 2019 में गठबंधन से बाहर हो गई थी और बाकी बची पांच पार्टियां एक में शामिल हो गईं, जिसे जेडपीएम नाम दिया गया। इसके नेता लालदुहोमा एक पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं। जो पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की सिक्योरिटी संभाल चुके हैं। अभी राहुल गांधी की जब संसद सदस्यता गई थी तो लालदुहोमा एक बार फिर चर्चा में आ गए थे। दरअसल, लालदुहोमा ने 1984 में मिजोरम से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा सीट जीती थी। बाद में उनका राज्य कांग्रेस के नेताओं से मतभेद हो गया और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। वे 1988 में दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होने वाले पहले लोकसभा सांसद बने। 2018 में लालदुहोमा ने आइजोल पश्चिम- एक और सेरछिप से निर्दलीय चुनाव जीता।

# भाजपा या तो जजपा का विलय कराए या साथ छोड़ें : बीरेंद्र सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार



**हरियाणा** भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने एक बार फिर भाजपा-जजपा गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं कह चुका हूं कि जजपा वालों को बोलो कि या तो अपनी पार्टी मर्ज कराए या फिर साथ छोड़ें। आज भाजपा को हरियाणा में किसी की बैसाखियों की जरूरत नहीं है।

जब गठबंधन किया तब के हालात अलग थे, लेकिन आज बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि मेरा 52 साल से ज्यादा का राजनीतिक एक्सपीरियंस है ये फैसला करना होता तो वह अकेले चुनाव लड़ने का करते। जो कमजोर होता है, उसे सहारे की जरूरत होती है।

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मेरे परिवार का लंबा राजनीतिक सफर रहा है। पहले मेरा पिता राजनीति में रहे। जिस जगह (उचाना) से मैं 5 बार एमएलए रहा वहां से मेरी पत्नी भी विधायक रही है। ऐसा नहीं है कि हम चुनाव हारे नहीं, हारे भी हैं, लेकिन राजनीति का लंबा अनुभव होने के कारण मैं ये कह सकता हूं कि आज भाजपा को किसी की हरियाणा में आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन इसलिए करना पड़ा क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला। चुनाव में लार्जेस्ट पार्टी बनने के नाते भाजपा का ये दायित्व था कि वह प्रदेश में मजबूत सरकार दे। इसलिए पांच साल का गठबंधन किया। अब सरकार को 10 साल हो गए। ऐसे में भाजपा काफी मजबूत है। बता दें, चौधरी बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेमलता को 2019 के चुनाव में दुष्यंत चौटाला ने उचाना सीट से हरा दिया था।

# रोहतक मठ के महंत राजस्थान सीएम की दौड़ में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**रोहतक** स्थित अस्थल बोहर मठ के महंत बाबा बालकनाथ तिजारा सीट से जीत के बाद राजस्थान सीएम की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

बाबा बालक नाथ को प्रबल दावेदार इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि पिछले दिनों अस्थल बोहर मठ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, बाबा रामदेव, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे थे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित साधुओं ने बाबा बालक नाथ को सीएम बनाने की आवाज उठाई थी। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम पद के लिए नाम की घोषणा तो नहीं की, बाबा बालकनाथ की सराहना जमकर की थी। इस वजह से उनके सीएम बनने को लेकर कयास तेज हो गए हैं। हालांकि, राजस्थान में सीएम पद को लेकर फिलहाल सात नेताओं के नाम चर्चा में हैं। जिनमें पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, गजेंद्र सिंह शेखावत, दिया कुमारी के नाम प्रमुख हैं। बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीतने के बाद बुलडोजर के बयान पर कहा कि अपराधियों में बुलडोजर का भय है। बुलडोजर के जरिए अपराधियों में भय स्थापित करना है। तिजारा में जो अपराधियों से जुड़े हैं, उनका कोई स्थान नहीं।

# तमिलनाडु-आंध्र से आज टकराएगा मिचौंग 204 ट्रेन और 70 फ्लाइट कैंसिल

### 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार

**एजेंसी।** चेन्नई



**बंगाल** की खाड़ी से दो दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग पांच दिसंबर को सुबह 12 बजे से पहले आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के तट से टकरा सकता है। मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक, इस दौरान 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आइएमडी ने बताया कि, तूफान का असर ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पुडुचेरी में रहेगा। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चार के लिए था जबकि तेलंगाना में पांच दिसंबर के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। ओडिशा में पांच दिसंबर के लिए ऑरेंज अलर्ट है। इन राज्यों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। अब तक 204 ट्रेनें और 70 फ्लाइट कैंसिल हैं। तमिलनाडु में दो लोगों की दीवार गिरने से मौत हो गई, जबकि एक शख्स घायल हो गया। एयरपोर्ट के रनवे पर पानी भरने की वजह से रनवे बंद कर दिया गया है। तूफान के कारण तमिलनाडु के महाबलीपुरम बीच पर समुद्र का स्तर लगभग पांच फीट तक बढ़ गया है। मिचौंग तूफान नाम म्यांमार ने दिया है। इसका मतलब है ताकत और लचीलापन होता है। मिचौंग साइक्लोन साल 2023 में बंगाल की खाड़ी का चौथा और हिंद महासागर में बनने वाला छठा तूफान है।

# मणिपुरः उग्रवादियों के दो समूहों के बीच गोलीबारी, 13 की मौत

**एजेंसी।** इम्फाल




**मणिपुर** के तेंगनौपाल जिले में सोमवार को उग्रवादियों के दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम 13 लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर लीथू गांव में हुई। तेंगनौपाल जिले के एक अधिकारी ने कहा, म्यांमा जा रहे उग्रवादियों के एक समूह पर इलाके में दबदबा रखने वाले उग्रवादियों के एक अन्य समूह ने घात लगाकर हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, मौके पर पहुंचे सुरक्षाबलों को अब तक 13 शव मिले हैं। मारे गए लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वे स्थानीय नहीं थे। तेंगनौपाल जिले की सीमा म्यांमा से लगती है।

# विधानसभा चुनावों के नतीजों का असर इंडिया गठबंधन पर नहीं होगाः विपक्ष

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष को कड़ी मेहनत करने की जरूरत





**विपक्ष** के कई दलों के नेताओं ने सोमवार को कहा कि पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भले ही हिंदी पट्टी के तीन प्रदेशों में बड़ी जीत मिली हो, लेकिन इसका असर विपक्ष के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर नहीं पड़ेगा। यद्यपि उनका यह भी कहना है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्ष को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भाजपा ने रविवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की तथा कांग्रेस को करारी शिकस्त देकर हिंदी पट्टी में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत दर्ज की।

नतीजों के एक दिन बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों को और अधिक मेहनत करनी होगी। नतीजों और गठबंधन पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इससे गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमें और अधिक मेहनत करनी होगी। अब्दुल्ला ने कहा, जीत और हार होती रहती है। हमें हार के साथ-साथ जीतने वालों से भी सीखना चाहिए। इंडिया को एकजुट होना है...हमें देश को मजबूत करने की जरूरत है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं हो पाने पर अब्दुल्ला ने कहा, सभी को समायोजित करना होगा और हमें आगे बढ़ना होगा।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज झा ने भी कहा कि नतीजों का गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, ये राज्य के चुनाव थे। इन्हें पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय चुनाव विभिन्न मुद्दों पर होंगे। इसका (विधानसभा चुनाव परिणाम) कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, सभी को इंडिया गठबंधन की एकता को समझना होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी इस बात पर आत्मावलोकन करेगी कि चुनाव में क्या गलत हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि इसका विपक्षी समूह पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

वेणुगोपाल ने कहा, सभी विपक्षी दल सोमवार को सुबह संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में बैठक में शामिल हुए। मध्य प्रदेश में सपा के साथ सीटों का तालमेल नहीं होने के मुद्दे पर वेणुगोपाल ने कहा, उन्हें शिकायत करने की आजादी है और कुछ शिकायतें वास्तविक भी हो सकती हैं। हम इस पर गौर करेंगे और आवश्यक सुधार करेंगे।

# अनाधिकृत कॉलोनियों, स्लम बस्तियों व झोपड़ियों में बिजली कनेक्शन देगी सरकार : सीमा त्रिखा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** सरकार ने प्रदेश की अनाधिकृत कॉलोनियों, स्लम क्षेत्रों व झुग्गी-झोपड़ियों में बिजली कनेक्शन देने की मानवीय पहल शुरू की है, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बधाई के पात्र हैं। यह कहना है बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा का।

सीमा त्रिखा ने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में बरसों से रहे लोगों ने बिजली कनेक्शन के लिए पहले भी आवेदन किये थे, लेकिन इन क्षेत्रों में बिजली कनेक्शन देने की सरकार की पॉलिसी नहीं होने के चलते इन लोगों को बिजली कनेक्शन नहीं मिल पाते थे और ये लोग बिजली चोरी को विवश होते थे। ऐसे लोगों की समस्या का समाधान करते हुए राज्य सरकार ने उक्त सुविधा प्रदान की है। अब ऐसे क्षेत्रों के लोक विभाग को बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर तुरंत बिजली का कनेक्शन पा सकेंगे। श्रीमती त्रिखा का कहना है कि बड़खल विधानसभा में कई अनाधिकृत कॉलोनियां, स्लम क्षेत्र व झुग्गी-झोपड़ियों में काफी लोग निवास करते हैं, जिनके पास बिजली के कनेक्शन नहीं हैं।

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि बिजली की जरूरत आज के समय में सभी नागरिकों को है। बिजली भी हमारे जीवन का एक अमूल्य हिस्सा बन चुका है। हमारे सभी संसाधन बिजली की मदद से ही चलते हैं। अगर बिजली न हो तो आजकल कोई भी काम आगे बढ़ ही नहीं सकता है।

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि इस योजना से जहां एक ओर बिजली कनेक्शन के बिना अभावग्रस्त जीवन व्यतीत कर रहे जरूरतमंद लोगों को सहूलियत होगी, वहीं काफी हद तक बिजली चोरी पर भी अंकुश लगेगा। विधायक ने इस इलाके उन सभी लोगों जिनके पास बिजली के कनेक्शन नहीं हैं, से अपील की है वे इस योजना का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द अपने कनेक्शन के लिए विभाग के पास आवेदन कर दें, ताकि उन्हें शीघ्र ही कनेक्शन देकर बिजली की आपूर्ति की जा सके।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता व्यक्ति को परिजनों के हवाले किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने गुमशुदा व्यक्ति को तलाश के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति घर वालों से किसी बात को लेकर नाराज था, जिसको लेकर व्यक्ति 16 अक्टूबर को अपने घर से बिना बताए निकल गया था। जिसको परिजनों द्वारा काफी तलाश किया गया, नहीं मिलने पर थाना ओल्ड में सूचना दी गई। जिसका मामला दर्ज कर व्यक्ति की तलाश की जा रही थी।



मामले में क्राइम ब्रांच कैट द्वारा कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को फरीदाबाद कांप्लेक्स एरिया से बरामद किया गया है। व्यक्ति से पूछताछ में सामने आया कि व्यक्ति परिजनों के साथ किसी बात को लेकर नाराज था, जिसको लेकर वह बिना बताए घर से निकल गया था। गुमशुदा व्यक्ति को हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया गया है। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया गया है।

# 11 दिसंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगेगा रोजगार मेला

## इच्छुक युवक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रधानमंत्री** राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेला कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार तथा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशों की अनुपालना में 11 दिसंबर को एनएच- 4 एनआईटी फरीदाबाद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक विशाल शिक्षुता/रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि इस मेले में आईटीआई के सभी इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग व्यवसाय के पास-आउट हो चुके



प्रशिक्षणार्थी, जिन्होंने अभी शिक्षुता या जॉब हासिल नहीं की है, वे सभी इस मेले में भाग लेकर शिक्षुता / जॉब प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में जिले की कुछ प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे- जेसीबी इंडिया लिमिटेड, हैवेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेंडन विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बिसीएच इंडिया लिमिटेड, बोहरा रबर्स प्राइवेट लिमिटेड, विक्टोरिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, जेबीएम ऑटो लिमिटेड, एबीबी इंडिया लिमिटेड, जिंदल रेक्टिफायर प्राइवेट लिमिटेड, व्हर्लपूल इंडिया लिमिटेड के भाग लेंगी।

सभी आईटीआई पास-आउट प्रशिक्षणार्थी अपने मूल दस्तावेजों सहित शिक्षुता/रोजगार के लिए 11 दिसंबर को सुबह नौ बजे एनएच- 4 एनआईटी फरीदाबाद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहुंचकर इस मेले का लाभ उठाएं। जिन उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन नहीं किया है, वे अपना आईटीआई पास सर्टिफिकेट, 10वी पास सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, फोटो, पैन कार्ड साथ लेकर आएं, जिसमें उनका रजिस्ट्रेशन मौके पर ही किया जाएगा तथा जो भी उद्योग इसमें भाग लेना चाहते हैं, लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# दृढ़ निश्चय ही खिलाड़ियों की सफलता का मूल मंत्र

## फरीदाबाद में शुरू हुआ राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ

## एथलेटिक्स, फेंसिंग, तीर अंदाजी व शूटिंग की प्रतियोगिताएं हुईं शुरू





पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दृढ़ निश्चय सफलता का मूल मंत्र है। खिलाड़ियों का अपना दृढ निश्चय तय होता है और खिलाड़ी अपना निश्चय के अनुसार ही लक्ष्य पूरा करके देश, प्रदेश, जिला व परिवार का नाम रोशन करेंगे।

कृष्णपाल गुर्जर ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा खिलाड़ियों की खान है। देश में जितने भी ओलंपिक, एशियन, वर्ल्ड कप के खेल हुए हैं, उनमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व में अलग पहचान बनाई है। खेलों में भारत देश के वन थर्ड मेडल हरियाणा के खिलाड़ी लेकर आते हैं। इसका श्रेय हरियाणा सरकार की बेहतरीन खेल नीति पर जाता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई हरियाणा खेल नीति की बदौलत से ही विभिन्न खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी, गोल्ड, ब्रांच और सिल्वर मेडल लेकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जनवरी माह में जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जहां उसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बता दें कि फरीदाबाद में यह राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ छह दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। खेल महाकुंभ में फरीदाबाद जिला को एथलेटिक्स, फेंसिंग, तलवार बाजी व शूटिंग की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं खेल व अन्य सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतियोगिता की तैयारियों में कोई कमी न रखें। इसके साथ ही सभी बच्चों के ठहरने, खाने व यातायात की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स के 1200 खिलाड़ी, फेंसिंग के 500 और शूटिंग के 250 खिलाड़ी फरीदाबाद में शामिल हुए हैं। पुलिस व महिला खिलाड़ियों को ठहरने के लिए 12 अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गई है। जहां शौचालयों, कमरों, पेयजल व सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था है। पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासक को खान पान की गुणवत्ता चैक करने के लिए भी निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग को खिलाड़ियों के ठहराव, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगोली इत्यादि की जिम्मेदारी दी गयी थी। है। प्रत्येक बच्चे को सुविधा दी जाएगी और प्रत्येक बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखा जाएगा। सीएमओ को पर्याप्त एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गया है जिसमें दवाएं व चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 में लड़कों की 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान तुषार रेवाड़ी, द्वितीय स्थान अनिल महेंद्रगढ़ और तृतीय स्थान नवदीप जींद ने प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान मीना भिवानी, द्वितीय स्थान छोटी हिसार और तृतीय स्थान हरी मलिक फरीदाबाद ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला परिषद के अध्यक्ष विजय सिंह लोहिया, अर्जुन अवार्डी खेल रत्न भीम सिंह, सरकार तलवार, खेल उपनिदेशक गिरिराज सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लाइन चेंज ड्राइव करने वाले 942 वाहन चालकों के काटे चालान



**फरीदाबाद।** एसएचओ ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने स्पेशल अभियान के तहत लाइन चेंज ड्राइव करने वाले 942 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया है। जिसमें सेंट्रल जोन के 84, बल्लभगढ़ जोन के 141, एनआईटी जोन के 133 व ट्रैफिक के 584 चालान शामिल हैं। लाइन चेंज का 500 का, अगर पहली बार है। लेकिन अगर दूसरी या उससे अधिक बार चालान होता है तो 1500 रुपये होगा। इसके अलावा अन्य सभी यातायात नियमों को तोड़ने वालों के 1456 वाहन चालकों के पोस्टल, ई चालान काटकर जुर्माना किया गया है। गलत लाइन में ड्राइव करने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।

# मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों को जल्द पूरा करें अधिकारी : विक्रम सिंह



## डीसी ने मुख्यमंत्री की लंबित घोषणाओं की समीक्षा बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** घोषणाओं में जिन विकास कार्यों के लिए भूमि की आवश्यकता है, उन कार्यों के लिए भूमि संबंधी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाए, ताकि विकास कार्यों को तुरंत अमलीजामा पहनाया जा सके। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ मुख्यमंत्री की लंबित घोषणाओं को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की।

डीसी विक्रम ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जिला फरीदाबाद में घोषित किए गए विकास कार्यों गुणवत्ता पूरी तरह से नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। मुख्यमंत्री घोषणा के जो विकास कार्य शुरू नहीं किए गए हैं, उन्हें यथाशिघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित करें। जिन कार्यों पर काम चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री घोषणा के विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले। डीसी विक्रम सिंह ने स्वास्थ्य, खेल, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, एचएसवीपी, परिवहन, कृषि, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग सहित सभी विभागों के मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की एक-एक करके विभागवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सीटीएम हरिराम, एसपी अभिमन्यु, पीडब्लूडी बी एंड आर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु, बीडीपीओ बल्लभगढ़ अजीत सिंह, एसडीओ जसवीर सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# जंगल में मिली दो दिन की बच्ची



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## रोने की आवाज सुनकर व्यक्ति पहुंचा, अस्पताल में कराया भर्ती

**सेक्टर-58** के जंगलों में दो दिन की नवजात बच्ची मिली है। बच्ची को बादशाह खान सिविल अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची की हालत स्थिर है। बच्ची के परिजनों के बारे में अभी कुछ पता नहीं पाया है। जानकारी के अनुसार, किसी व्यक्ति को गुजरते हुए बच्चे के रोने के आवाज सुनाई दी। जब वह पास गया तो झाड़ियों में एक बच्ची पड़ी हुई थी। उसके ऊपर सूखे पत्ते पड़े थे। इसके बाद वह बच्ची को लेकर बल्लभगढ़ महिला थाने लेकर पहुंचा। महिला थाना पुलिस इसके बाद इलाज के लिए उसे अस्पताल में ले गई। बच्ची के पैर में एक टैग लगा हुआ है, जिस पर बेबी ऑफ नीतू लिखा हुआ है।

# 13 पुलिसकर्मियों को चुना हीरो ऑफ वीक, प्रशंसा पत्र देकर किया प्रोत्साहित

## चाय पर चर्चा कर सभी को बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करने के लिए हीरो ऑफ द वीक अभियान की शुरुआत की है। अगर पुलिसकर्मियों के काम के लिए उनको प्रोत्साहित किया जाएगा तो उनके कदम आगे बढ़कर अपने काम को और ज्यादा मुस्तैदी से करेंगे। पुलिस के जवानों द्वारा इनामी आरोपियों, संगीन अपराधी के अलावा गुमशुदा नाबालिग बच्चे, महिला व बुजुर्गों की तलाश किया गया है। 13 सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मियों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र व इनाम देकर उन्हें सम्मानित किया। पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए कार्यों की चाय पर चर्चा की गई।

पुलिस आयुक्त ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय में बुलाया, जहां पर पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। हीरो ऑफ द वीक चुने गए पुलिसकर्मियों के साथ अपने कार्यालय में पुलिस आयुक्त ने चाय पर चर्चा की तथा पुलिसकर्मियों द्वारा फील्ड में किस तरह से बेहतर कार्य किया जा सकता है, इस पर चर्चा की। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को आमजन से फील्ड में अपने व्यवहार को शालीनता से रखने की व इमानदारी से कर्तव्य का निर्वाहन करने की बात कही।

क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर में तैनात पंकज, क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 में तैनात एएसआई प्रदीप व सिपाही संदीप, क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 में तैनात मुख्य सिपाही सुरेंद्र, मोबाइल फॉरेंसिक साइंस यूनिट मुख्य सिपाही मनोज कुमार और महिला सिपाही पूजा, महिला थाना सेंट्रल में तैनात महिला एएसआई रजनी मजोका, थाना बीपीटीपी में तैनात एसआई सुनील व सिपाही बलकेश, पुलिस चौकी सेक्टर-7 में तैनात एएसआई जेल सिंह व सिपाही सुरेश कुमार, थाना मुजेसर में तैनात एएसआई विजेंद्र सिंह, थाना मुजेसर में तैनात एएसआई रामसिंह को सम्मानित किया गया है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं.-7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलमचौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

ये मर्जी आपकी है, आप अब मानो नहीं मानो
समर्थन झूठ के या सत्य के हो आप पहचानो
हुए बर्बाद फिर भी कर रहे जयकार बस यूं ही
ये दहशत में है या फिर देशहित में आप ही जानो

# संकल्प यात्रा को मिल रहा जनसमर्थन, जरूरतमंद हो रहे लाभान्वित : राजेश नागर

## सोमवार को तिगांव व अधाना पट्टी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**तिगांव** के विधायक राजेश नागर की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत सोमवार को तिगांव और अधाना पट्टी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई।


विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक राजेश नागर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए लाभार्थियों को जागरूक व प्रेरित किया और उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया गया। वहीं उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए लोगों से सीधा संवाद किया।

तिगांव विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। सरकार का मानना है कि जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आधार मान कर ही गरीबी मिटाने का कार्य प्रारंभ किया है। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है।

मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव सांझा करते हुए व गांव निवासी रामकरन नागर, अधाना पट्टी की ममता देवी सहित अन्य पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी बुजुर्गों ने कहा कि मनोहर सरकार की ओर से प्रदेश में लागू किए गए परिवार पहचान पत्र ने प्रदेश के वृद्धजनों को पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है।


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा रीना पुत्री श्रवण दिनांक 30.11.2023 को गांव मेवला महाराजपुर, जिला फरीदाबाद से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, हष्ट-पुष्ट शरीर, गले पर पुरानी चोट का निशान है कद 5 फुट 1 इंच बा उम्र करीब 22 साल है, जिसने हरे रंग का सूट व सलवार जिस पर गुलाबी रंग के फूल छपे हुए है, मुकदमा नम्बर 949 दिनांक 01.12.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रभारी पुलिस चौकी सेक्टर-46, : 9582200153**
**अनुसन्धान अधिकारी ए.एस.आई. कृष्ण कुमार : 9953415467**
**प्रबन्धक अफसर थाना सूरजकुंड : 9582200127**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा मनीष पति शारिका निवासी मकान नम्बर 53, सेक्टर-7ए, फरीदाबाद से दिनांक 22.11.2023 को समय सुबह करीब 08.00 बजे काम के लिए घर से निकला था, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गोरा,गोल चेहरा, मोटा शरीर, काली आँखे, सिर के उपरी हिस्से में बाल नहीं है व सीधे हाथ की बाजू में रोड डली हुई है कद 5 फुट 7 इंच बा उम्र 51 साल है, जिसने लाल रंग की टी-शर्ट व काले रंग की जीन्स और पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 928 दिनांक 02.12.2023 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना सेक्टर-08, फरीदाबाद : 0129-2241784**
**थाना प्रभारी सेक्टर-08, फरीदाबाद : 9582200134**
**इन्चार्ज सेक्टर-07, फरीदाबाद : 9582200164**
**अनुसन्धान अधिकारी : 9899565497**

# प्रस्तावित कलेक्टर रेटों के ड्राफ्ट पर मांगे सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**डीसी नेहा** सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 (एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक) के लिए कलेक्टर रेट का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने बताया कि आमजन से इन प्रस्तावित कलेक्टर रेटों के ड्राफ्ट पर ऐतराज व सुझाव मांगे गए हैं। इसलिए जिला की सभी तहसीलों की प्रस्तावित रेट के ड्राफ्ट को राजस्व विभाग की वेबसाइट अथवा पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति इन प्रस्तावित कलेक्टर रेटों पर कोई ऐतराज या सुझाव देना चाहता है तो वह सात दिसंबर तक संबंधित तहसील के कार्यालय अथवा एसडीएम कार्यालय और जिला की वेबसाइट व ई-मेल आईडी पर अपने ऐतराज व सुझाव प्रस्तुत कर सकता है।

# जीवा स्कूल के छात्रों ने जोनल रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कमिश्नरेट लेवल इंटर स्कूल कॉलेज रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन फरीदाबाद सेक्टर 21ए स्थित हॉमर्टन स्कूल में किया गया था।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस राकेश कुमार आर्य उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष स्कूली छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य समाज में ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। सर्वप्रथम यह स्पर्धा जिला स्तर पर आयोजित होती है। जिसमें जिले के विद्यालयों के सभी छात्रों के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नों के रूप में ट्रैफिक नियमों से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

पहले चरण में विजेता छात्र दूसरे चरण के लिए स्थान बनाते हैं। इस प्रकार विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद कमिश्नरेट लेवल में पहुंचे छात्र ही राज्य स्तर की स्पर्धा में भाग लेते हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता में जीवा स्कूल के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट बुद्धि एवं कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया।

इस प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं के नाम इस प्रकार से हैं। सातवीं से अभिषेक, मीना, कक्षा आठवीं से डोनिशा गर्ग एवं साहिल कुमार, कक्षा नौवीं से अक्षित दुवि, गर्व गोयल, कक्षा ग्यारहवीं से प्रियंका मनवानी, इन सभी छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से इस कड़ी स्पर्धा में भी बुद्धि एवं कौशल का परिचय दिया।

सभी विजेताओं को एक.एक लैपटॉप, एक एक स्मार्ट वॉच, एवं विनर ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चा अपना लक्ष्य निर्धारित करता है, सभी नियमों का पालन करता है, भविष्य में वह अवश्य ही सफलता प्राप्त करता है। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने सभी विजेता छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गुरु नानक जयंति



**फरीदाबाद।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरुनानक देव जी के 554वें जन्मोत्सव के अवसर पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में पाठ व लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में शबद कीर्तन भी किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भी श्रद्धा भाव से बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा कार्य कर गुरु का आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय ने रोटरी क्लब ग्रीन, फरीदाबाद के साथ मिलकर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। इस मौके पर रोटेरियन राजेश बी कुकरेजा, प्रभाकर झा, विनय गोयल, प्रमोद मनोचा और जितेंद्र भाटिया के अलावा शहर के प्रमुख शिक्षाविद रमेश डागर, अनिल रावल, दीपक यादव, ऊधम अधाना, अकुल अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अभिषेक गोयल और अंकुश गोयल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया और विद्यालय द्वारा इस धार्मिक आयोजन की सराहना की। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, प्रबंधक तेज प्रकाश पांडेय ने सभी अतिथियों को उनकी उपस्थिति और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में धार्मिक कार्यों में भाग लेने की भावना उत्पन्न होती है।

### दुष्कर्म केस में युवक को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** किशोरी के साथ दुष्कर्म केस में क्राइम ब्रांच कैट व थाना एनआईटी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। एक दिन के रिमांड के बाद उसे कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रणजीत बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के गांव पाक्री बसारत का रहने वाला है। पुलिस आरोपी के घर बिहार से गिरफ्तार किया है। रणजीत एक 13 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग लड़की को पहले ही बरामद कर लिया था। रणजीत एक साल नौ महीने से फरार था। उस पर नाबालिग के बयान दर्ज करने के बाद पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया था। पुलिस ने उसे मामले में पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### सब्जी विक्रेता को पीटकर घायल किया, 12 के खिलाफ केस

**पलवल।** सब्जी विक्रेता पर करीब एक दर्जन युवकों ने हमला कर सब्जी को सड़क पर फेंक दिया और लोहे की सरिया व डंडों से दुकानदार की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने दुकान से नकदी लूटने का भी आरोप लगाया है। कैंप थाना पुलिस ने घायल सब्जी विक्रेता की मां की शिकायत पर तीन नामजद सहित एक दर्जन के खिलाफ मारपीट, जान से मारने धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुरेश के अनुसार, हुडा चौक स्थित परशुराम कॉलोनी निवासी राजलता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी सब्जी मंडी पलवल में दुकान है। दुकान पर उसका बेटा नितिन बैठता है। बेटा दुकान पर मौजूद था, तभी किठवाड़ी पुल के समीप रहने वाला रवि अपने साथ 10 लोगों को लेकर दुकान पर आया और बेटे पर हमला कर दिया। आरोपियों ने सरिया व डंडों से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने पैरों पर वार कर तोड़ने का प्रयास किया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी और दुकान के गल्ले में रखी नकदी लूटकर ले गए। कैंप थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर विनोद, रवि, हैप्पी सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्पेशल अभियान के तहत बुलेट पटाखा मोटरसाइकिलों पर कड़ा प्रहार

### 15 पटाखा छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल इंपाउंड, करीब चार लाख का किया जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पुलिस** अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ हवाबाजी कर यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला पुलिस की विभिन्न इकाइयों ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 15 पटाखा छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल इंपाउंड कीं। साथ ही इन पर 3,70,500 रुपये का जुर्माना किया गया। बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल धर पकड़ अभियान में होडल थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह की टीम ने सात, हथीन थाना प्रभारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार की टीम ने छह, उटावड थाना प्रभारी उप निरीक्षक टेक सिंह की टीम ने एक एवं बस स्टैंड चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुनील कुमार की टीम ने बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल इंपाउंड की। इंपाउंड की गई बुलेट पटाखा मोटरसाइकिलों मे एक मोटरसाइकिल पर सर्वाधिक 43,500 का जुर्माना किया गया। पुलिस कप्तान पलवल डॉ. अंशु सिंगला बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि अभी केवल पलवल पुलिस चालान ही कर रही है, संभल जाएं अन्यथा इस अपराध के लिए मुकदमा का भी प्रावधान है।

इसके साथ ही पुलिस कप्तान पलवल ने बुलेट मोटर मोटरसाइकिल के साइलेंसर को मॉडिफाई करने वाले मिस्त्रियों को भी आगाह करते हुए कहा है कि वह किसी भी प्रकार के साइलेंसर में मॉडिफिकेशन न करें अन्यथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल एवं ब्लैक फिल्म कार गाड़ी के संबंध में आप नंबर नोट करें या फोटो खींचकर यातायात थाना प्रबंधक के मोबाइल नंबर 8930202034 अथवा सम्बंधित थाना प्रबंधक के मोबाइल पर सीधा भेज सकते हैं। ताकि उनपर नकेल कसी जा सके। सूचना भेजने वाले कि पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिला पलवल की आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों की पूरी तरह से पालना करें तथा अपने व औरों के जीवन को बचाएं, शराब का सेवन कर कभी वाहन न चलाएं।

# ऊपरी मंजिल से गिरकर युवती की संदिग्ध मौत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-70 स्थित हेरिटेज सोसाइटी की रहने वाली युवती की बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध मौत हो गई। मृतका की पहचान कुसुम के रूप में हुई है। हादसे की सूचना पाकर तिगांव के एसपी राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवती का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस के मुताबिक, युवती दिल्ली की रहने वाली थी और वह फरीदाबाद में काम करती थी। यहां वह अकेली रहती थी। उसके परिजनों को सूचना दी गई है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि युवती की मौत कैसे हुई है। उसने सुसाइड किया है या उसे किसी ने धक्का दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोमवार को ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-70 स्थित अंसल रॉयल हेरिटेज सोसायटी में युवती की डेड बॉडी मिलने से हड़कंप मच गया। वह इस सोसाइटी की 13वीं मंजिल पर बने फ्लैट में रहती थीं। सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में वह ऊपरी मंजिल से नीचे गिर गई। 25 वर्षीय युवती कुसुम देहरादून की रहने वाली बताई जा रही है। वह किसी कंपनी की मार्केटिंग शाखा में काम करती थी। आज सुबह उनकी डेड बॉडी सोसाइटी के परिसर में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद यह साफ हो सकेगा कि यह हत्या है या हादसा है। युवती की डेड बॉडी को बादशाह खानअस्पताल में रखवा दिया है और उसके स्वजन को सूचना दी गई है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा



### ग्रामीणों ने किया संकल्प यात्रा का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विकसित** भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद उपमंडल पलवल के गांव जैंदापुर व किशोरपुर में पहुंची। यात्रा का ग्रामवासियों ने स्वागत किया और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ भी ली। गांव जैंदापुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जगबीर सिंह तथा गांव किशोरपुर में विधायक हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर ने बतौर मुख्य अतिथि अपना संबोधन दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। उन्होंने सभी स्टॉलों पर मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से भी यात्रा का फीडबैक लिया। ग्रामवासी योजनाओं की जानकारी लेने, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच करवाने, कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी लेने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण पंहुच रहे हैं। मौके पर ही पात्र व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने विकसित भारत को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। यात्रा के दौरान एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में निश्चित तौर पर कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी कारण से योजना का लाभ नहीं ले पाया है, वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन करके योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है।

मुख्य अतिथि ने जिला समाज कल्याण, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, राजस्व, क्रीड, पब्लिक हैल्थ, महिला एवं बाल विकास, एलडीएम द्वारा लगाए गए बैंको के स्टॉल, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की स्टॉल सहित अन्य विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और सभी अधिकारियों से सरकार की योजनाओं के बारे में फीडबैक रिपोर्ट भी हासिल की। ग्रामवासियों ने एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न विभागों के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी के अनुभवों को भी सभी के साथ सांझा किया। ड्रोन प्रणाली से नैनो यूरिया खाद का प्रयोग करने की प्रक्रिया को भी बारीकी से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रचार सामग्री का भी वितरण किया। कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों व जन मानस को संकल्प शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्कूली बच्चों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर पुररकृत किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत चार पात्र ग्रामीण महिलाओं को गैस चूल्हे वितरित किए। कार्यक्रम में एसईपीओ अंशु डागर, ग्राम सचिव यशवीर, कर्मचंद, महेश सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं बच्चे, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर फायरिंग में बच्चे को गोली लगी

### पहले व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**भाई** के घर से लौट रहे व्यक्ति का रास्ता रोककर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं, हमलावर उसके घर भी पहुंचे और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। गोली लगने से बच्चा घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। होडल पुलिस ने शिकायत के आधार पर आठ नामजद समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गढ़ी पट्टी होडल निवासी देवेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई के घर से स्कूटी पर अपने घर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही अजय, साहिल, दिनेश, बंटी, राहुल, सौरव, मोहित और चंद्र ने उसका रास्ता रोक लिया। जब उसने कारण पूछा तो सभी युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। उसने शोर मचाया तो उसके भाई सतीश व लक्ष्मण वहां उसे बचाने आ गए। जिसके बाद आरोपी जाति सूचक गालियां देते हुए वहां से चले गए। भाई उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गया। उसी दौरान वही युवक पीछे से अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंचे।

वहां उसकी पत्नी और बच्चों से मारपीट करने लगे। उसी दौरान पड़ोस का 12 वर्षीय मनीष उनके घर आ गया और उसको गोली लग गई। आरोपियों ने उनके परिजनों को जान से मारने मारने की नीयत से कई राउंड फायरिंग की। धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद सूचना पाकर सज्जन सिंह समेत पुलिसबल गांव में पहुंचा। वहीं घायल मनीष को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रामानुज कॉलेज में तीन दिवसीय भारत स्काउट गाइड शिविर प्रारंभ

### शिविर में प्रतिभागी ले रहे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा व सीख रहे अनेक करतब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**औरंगाबाद** पलवल स्थित रामानुज एजुकेशनल कॉलेज में भावी बैचलर ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षित अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय कैंप जिला इकाई द्वारा प्रारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के डायरेक्टर ताराचंद शर्मा द्वारा ध्वजारोहण करके किया। कैंप का नेतृत्व डीओसी योगेश सौरोत ने किया। प्रशिक्षण कार्य डीओसी कब बुलबुल भारत दहिया, संजूबाला, जिला प्रशिक्षक शारदा पाराशर, विष्णु गौड़, अर्चना तथा रोवर लीडर अरविंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया कि बीएड के प्रशिक्षित अध्यापकों तथा विद्यार्थियों को स्काउटिंग कौशल का प्रशिक्षण देने के लिए यह तीन दिवसीय कोर्स सात दिसंबर तक आयोजित किया गया है। जिसमें संस्था के सिद्धांत, नियम, झंडा गीत, प्रार्थना, प्रतिज्ञा के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, कैंपफायर का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनिल तंवर, अंशु डांबला, निर्मल सिंह, हुकम सिंह, सुशीला सिंह, पूनम शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# योग शिविर में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला योगासन** स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व योग समिति गहलव के तत्वावधान में जिला पलवल के सहरावत पाल के सबसे बड़ा गांव गहलव में राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ विद्यालय में योग विज्ञान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह सहरावत के सानिध्य में शुभारंभ हुआ। शिविर की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल करणपाल ने की तथा संयोजन पवन कुमार ने किया।

शिविर के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को ऋषि मुनियों द्वारा स्थापित प्राचीन योग विद्या, भारतीय संस्कृति सत्य सनातन संस्कृति के विषय नैतिक शिक्षा के साथ योगासन, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार, अंकुरित आहार, अच्छा खाओ आयु बढ़ाओ को साक्षात करके मोटा अनाज, साबुत अनाज को भिगोकर सदोपयोगिता पर बल दिया। षटकर्म में जल लेती, सूत्र नेती, कुंजल, दंडधोती, धोती, न्यूलीक्रिया का भी अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर 600 छात्र छात्राओं को आसन में ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, वृक्षासन, पद्मासन, गोमुखासन, चक्रासन, धनुरासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, वज्रासन, वज्रासन, एक पद सिकंदासन, पक्षीआसान, मयूरासन, शीर्षासन का अभ्यास भी कराया गया।

प्राणायाम में भस्त्रीका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, आंतरिक, अग्निसार, उदगीर, प्रणव जाप के साथ ध्यान योग भी कराया गया। सूक्ष्म व्यायाम में स्कंध चालान, काटी चालन, योगिग जॉगिंग आदि के साथ पेट, पीठ व जोड़ों के विशेष लचक बनाने के साधन बताए गए। इस योग सत्र में करणपाल प्रधानाचार्य, जय सिंह, पवन कुमार, हरेंद्रपाल, हेमंत, नरेश कुमार शर्मा, वीर सिंह, रविंद्र, भूप प्रकाश, हरवंश, लीना जैन, सोनिया महिला विशेष रूप से उपस्थित लाभ उठाया।

# गांव बघौला व मीरापुर में ग्रामीणों को बताई योजनाएं



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**भारत** देश को वर्ष 2047 तक विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों की शुरूआत की है। देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई गई इस मुहिम में प्रत्येक देशवासी को अपना योगदान देना होगा, तभी यह राष्ट्रव्यापी अभियान सफल होगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार सोमवार को गांव बघौला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। संकल्प यात्रा इसके पश्चात गांव मीरापुर पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। गांव मीरापुर के कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी व खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत मुख्य रूप से मौजूद रहे।

दोनो कार्यक्रमों में उपस्थित स्कूली बच्चों व आमजन मानस को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। यात्रा में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्र और हरियाणा सरकार के नौ साल के कार्यकाल पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री में केंद्र और हरियाणा में नौ साल के कार्यकाल में विकास कार्यों पर फोकस दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याएं सुनी गई व मौके पर उनका निदान किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी का आमजन को लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों यात्रा को गंभीरता से लेकर इस यात्रा के साथ जुडक़र केंद्र और हरियाणा सरकार की नीतियों के बारे में जागरूक हो रहे हैं।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई, यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए डेस्क, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टॉल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाई गई विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता करवाई गई, जिनके विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उज्जवला योजना की पात्र महिला नामत: अंजू, सोनू, ज्योति, रामश्री, भावना, कमलेश, प्रीति, सूरजमुखी, उषा, साक्षी को गैस चूल्हा वितरित किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग की ओर से ड्रोन की प्रदर्शनी भी की गई। इस अवसर पर गांव बघौला के सरपंच तुलाराम, गांव मीरापुर से कुंवरपाल सहित ग्रामीण, स्कूली बच्चे, महिलाएं व विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकार के साथ कैनविन फाउंडेशन श्रमिकों की सेहत सुधारने के लिए संकल्पबद्ध: नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**औद्योगिक** स्वास्थ्य विभाग के साथ कैनविन फाउंडेशन ने सेक्टर-18 स्थित मुंजाल शोवा कंपनी में औद्योगिक स्वास्थ्य विभाग की उप-निदेशक अलका हुड्डा के नेतृत्व में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया।

इस शिविर का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने किया। कंपनी के चेयरमैन योगेश मुंजाल, अवि मुंजाल ने नवीन गोयल का अपने परिसर में स्वागत किया। जिसका उन्होंने आभार जताया। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार के साथ मिलकर कैनविन फाउंडेशन स्वास्थ्य के अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम करता है। हमारा यही ध्येय है कि श्रमिकों की सेहत सही रहनी चाहिए।

इन श्रमिकों के माध्यम से ही हम विकास की सीढ़ियां चढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में लाखों की संख्या में श्रमिक रहते हैं। स्थानीय लोगों से अधिक प्रवासी श्रमिकों की संख्या यहां ज्यादा है। गुरुग्राम में जो बड़ी-बड़ी इमारतें हैं वो इन्हीं



सेक्टर-18 स्थित मुंजाल शोवा कंपनी में स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे नवीन गोयल।

श्रमिकों के हाथों से बनी हैं। जो औद्योगिक हब है, वह इन्हीं श्रमिकों की मेहनत से आगे बढ़ रहा है। ऐसे मेहनतकश वर्ग से काम कराने के साथ उनकी सेहत की चिंता करना भी जरूरी है। हरियाणा सरकार श्रमिकों के हितों के लिए अनेक कदम उठा रहा है। मुफ्त के बराबर भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार के श्रम विभाग ने कैंटीन, पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को पहली कक्षा से डिप्लोमा, डिग्री, स्नातक एवं स्नातकोत्तर आदि कक्षाओं तक 8000 रुपये से 20000 रुपये तक की वार्षिक आर्थिक सहायता दी जाती है।

पंजीकृत निर्माण कामगार की बेटी के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीद के लिए प्रोत्साहन, कोचिंग कक्षाओं के लिए आर्थिक सहायता, बच्चों की शादी के लिए आर्थिक सहायता, पैतृक घर जाने के लिए किराया, चिकित्सा सहायता, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना, घातक बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता समेत अनेक श्रेणियों में आर्थिक सहायता दी जा रही है।

कंपनी के चेयरमैन योगेश मुंजाल, अवि मुंजाल ने कंपनी परिसर में शिविर लगाने के लिए कैनविन फाउंडेशन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के लिए कैनविन फाउंडेशन गुरुग्राम में बेहतर काम कर रही है।

गरीब तबके लिए फाउंडेशन के क्लीनिक और अस्पताल काफी लाभकारी साबित हो रहे हैं। इस अवसर पर डा. डीएस देशवाल, सीनियर वाइस प्रेजीडेंट पीके गोदारा, एचआर मैनेजर अरुण कालरा समेत कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी व ताईक्वांडो खेल प्रतियोगिता हुई



गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय तीरंदाजी व ताईक्वांडो खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।

**गुरुग्राम।** राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ 2023 के तहत सोमवार को सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में तीरंदाजी तथा ताईक्वांडो खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एसडीएम रविंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। एसडीएम रविंद्र यादव ने स्टेडियम में उपस्थित खेल प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा की खेल प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। देश में भी हरियाणा की स्पोर्ट्स स्टेट के रूप में एक नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि युवावस्था में आपका कोई भी फील्ड हो, उसमे लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। आपको अपने लक्ष्य को एक विजन एवं संकल्प के साथ अपने जीवन में परिवर्तित करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के द्वारा बनाई गई खेल नीति से खिलाडियों को निरंतर फायदा हो रहा है। जिसका देश के अन्य राज्य भी अनुसरण कर रहे है। एसडीएम ने कहा कि हरियाणा के बच्चे प्रतिभा के धनी है आप जो संकल्प अपने जीवन में अवतरित कर लेंगे तो आपको सिद्दि अवश्य मिलेगी। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए उनको शपथ भी दिलवाई। शुभारंभ कार्यक्रम में खिलाड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट आयोजित किया गया वहीं विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने बताया कि गुरुग्राम में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में राज्य के समस्त जिलों से खिलाडी भाग ले रहे हैं।

### संस्कृत मॉडल स्कूल में 8 दिसंबर को दिव्यांगों के लिए लगेगा शिविर

**सोहना।** स्थानीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 8 दिसम्बर को दिव्यांगों के लिए जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में दिव्यांगों की डॉक्टरी जांच के अनुसार प्रमाण पत्र बनाएं जाएंगे। जिन्हे मौके पर ही दिया जाएगा। संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि 8 दिसम्बर को परिसर में दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनाने का शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में डॉक्टरों की टीम आएगी। दिव्यांगों को आवश्यकता के अनुसार प्राकृत उपकरण फ्री दिए जाएंगे। ताकि दिव्यांगजन अपने आपकों किसी अन्य पर निर्भर न समझे। वर्मा ने बताया कि यह शिविर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक दिव्यांग के लिए लगाया जा रहा है। जिसमें किसी भी उम्र का दिव्यांक शिविर में भाग ले सकता है।

### नए कलेक्टर रेट निर्धारित करने के लिए आपत्तियां आमंत्रित

**मेवात।** जिला नूंह में वर्ष 2024 के लिए जमीन के नए कलेक्टर रेट निर्धारित किए जा रहे हैं। जिला का कोई भी नागरिक आगामी 7 दिसंबर तक इस संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव तहसील, उप तहसील, एसडीएम कार्यालय में दे सकता है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट को जिला नूंह की वेबसाईट हह्वद्ध.द्ग1.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दिए गए है। वेबसाइट पर लॉगिन करके कोई भी नागरिक इसे देख सकता है। किसी नागरिक को इस संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव है तो वह 7 दिसंबर तक तहसील, उप तहसील, एसडीएम कार्यालय दे सकते हैं। इसके अलावा वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन दर्ज करवा सकते है। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर के बाद किसी भी नागरिक का कोई एतराज व सुझाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# लोक गीतों व पुष्प वर्षा से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

**ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्योदय उत्थान योजनाओं का लाभ देने का सरल माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा**

**विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत समस्याओं की सुनवाई की**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत व हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का सरल माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम का सोमवार को पटौदी खंड के गांव हालियाकी व लांगड़ा में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। गांव की



भारत संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम के हत पटौदी खंड के गांव हालियाकी व लांगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को शपथ दिलाते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

महिलाओं ने लोक गीतों व पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता बतौर मुख्यातिथि पहुंचे।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने उपस्थित ग्रामीणों की संबोधित करते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार के विगत नौ वर्ष गरीब कल्याण के वर्ष रहे हैं। इस दौरान गरीबों के घरों में शौचालय बनाए गये, पक्के घर दिए गए, स्वच्छ जल के लिए जल जीवन मिशन योजना व हर घर नल से जल योजना चलाई गई। भारत व हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के हित में किसानों के खाते में छह-छह हजार रुपये प्रतिवर्ष डाले जा रहे हैं, ताकि किसान बीज, खाद के लिए आत्मनिर्भर हो सके। इसके अलावा गरीबों के जनधन के खाते खुलवाए गए जिन खातों में सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सहयोग राशियां डी.बी.टी. (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से बिना भ्रष्टाचार के इन तक पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान बिना किसी परेशानी के सरल तरीके से अपनी फसल को मंडी में बेच सके इसके लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से उन्हें समयबद्ध तरीके से फसलों की खरीद का भुगतान किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि किसानों की फसल को किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व खराब हुई फसल की त्वरित रूप से सूचना देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल की शुरुआत की गई है। इस दौरान उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को तय समय मे उनके निवारण के निर्देश भी दिए।

**एलईडी युक्त वैन ने सरकार की योजनाओं की दी जानकारी :** संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के पांचवे दिन सोमवार को गांव हालियाकी और लांगड़ा में एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया। दोनों गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को उन्नत तकनीक से परिचय कराने के लिए ड्रोन शो का भी आयोजन किया गया।

# पटौदी बार कैशियर पद के लिए एकमात्र दावेदार एडवोकेट सरला देवी



नामांकन दाखिल करतीं एडवोकेट सरला देवी।

**गुरुग्राम।** पटौदी बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए दाखिल किए गए सभी नामांकन सही पाए गए हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट मनोज कुमार शर्मा के मुताबिक पटौदी बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए कुल 10 नामांकन दाखिल हुए हैं। सोमवार को सभी नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। मंगलवार को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसके साथ ही चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी।

पटौदी बार एसोसिएशन के कैशियर के पद पर एडवोकेट सरला देवी का चुना जाना निश्चित है। अब केवल उनके निर्विरोध चुना जाने की औपचारिक घोषणा होना बाकी है। कैशियर के पद के लिए पटौदी बार एसोसिएशन के चुनाव में एकमात्र दावेदार एडवोकेट सरला देवी ही रही हैं। उनके मुकाबले कोई भी अन्य प्रतिद्वंद्वी नहीं होने के कारण एक प्रकार से सरला देवी कैशियर के पद पर चुनी जा चुकी है। एडवोकेट सरला देवी के निर्विरोध चयन को लेकर प्रधान पद के दावेदार और पटौदी बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट विशाल सिंह चौहान, पूर्व प्रधान एडवोकेट तेजपाल सिंह चौहान, एडवोकेट कुलजीत भोटोटिया, एडवोकेट सुधीर कुमार मुद्गल, एडवोकेट अजीत सिंह चौहान, एडवोकेट संदीप यादव, एडवोकेट सूरजपाल परमार, एडवोकेट सुंदर सिंह गुरावलिया, एडवोकेट रामपाल सिंह, एडवोकेट दिनेश जांगड़ा, एडवोकेट दिनेश चौहान सहित अन्य एडवोकेट ने बधाई दी है। इसी कड़ी में चुनाव अधिकारी एडवोकेट मनोज कुमार शर्मा ने बताया पटौदी बार के सह सचिव पद के लिए एडवोकेट भारत यादव, एडवोकेट सुशील भारद्वाज और एडवोकेट राज प्रकाश के द्वारा नामांकन किया गया है। इस प्रकार से देखा जाए तो पटौदी बार के सचिव के लिए तिकोना मुकाबला होना निश्चित है।

# सीमा जागरण मंच ने आंतरिक राष्ट्रीय सुरक्षा पर किया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोशल** मीडिया, आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा आदि विषयों पर सीमा जागरण मंच की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से अभ्यास वर्ग के सदस्यों ने शिरकत की।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा जागरण मंच गुरुग्राम विभाग संयोजक विजय प्रजापति ने किया। सभी नव नियुक्त दायित्वान कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। सीमा जागरण मंच के शिल्पी अखिल भारतीय सहसंयोजक मुरलीधर भिण्डा ने कहा कि हम सब एक परिवार के रूप में सीमा जागरण मंच के माध्यम से देश की सीमाएं सुरक्षित रहे इस भाव से समाज में हम जागरण का कार्य करें। सीमा जागरण मंच के शिल्पी अखिल भारतीय सह-



सीमा जागरण मंच के कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

संयोजक मुरलीधर भिण्डा, दिल्ली प्रदेश महामंत्री प्रोफेसर डॉ. दीप नारायण पाण्डेय, प्रदेश सह युवा प्रमुख डीयू में प्रोफेसर डॉ. श्याम नारायण पाण्डेय, नितिन वशिष्ठ, अमित सिंह, रामचंद्र, गिरिराज, सीमा जागरण मंच गुरुग्राम विभाग सह-संयोजक अवधेश सिंह, डॉ. रश्मि अग्रवाल ने सीमा जागरण मंच गुरुग्राम विभाग अभ्यास वर्ग में अलग-अलग सत्रों में जो विषय हम सबके बीच रखे, जिससे हम सभी को बहुत सारी नई चीज सीखने के लिए मिली।

# निर्धारित समय पर परियोजनाओं का निर्माण हो पूरा: अनुराग रस्तोगी

**अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की जिला से संबंधित विकास परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव एवं जिला के प्रशासकीय अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को गुरुग्राम जिला में 25 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं, शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं, जन संवाद कार्यक्रम, सेवा का अधिकार विजिलेंस से संबंधित तथा गंभीर श्रेणी के आपराधिक मामलों की जांच की प्रगति की समीक्षा की। डीसी निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अतिरिक्त मुख्य सचिव का स्वागत किया और संबंधित परियोजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।



लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में विकास परियोजनाओं व सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेते अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी।

अनुराग रस्तोगी ने आपराधिक मामलों से संबंधित जांच की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि नशाखोरी की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। शिक्षण संस्थाओं ने निरंतर जागरुकता अभियान जारी रखने चाहिए। पुलिस व शिक्षा विभाग इस क्षेत्र में एक अभियान चलाए। उन्होंने ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई व जब्त ड्रग्स को नष्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर अपराध व हत्या सहित अन्य जघन्य अपराधों की जांच की समीक्षा की। डीसीपी मुख्यालय दीपक गहलावत ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विभाग से संबंधित कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि बैंकिंग व टेलिकॉम कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संदिग्ध बैंक एकाउंट्स व मोबाइल नंबर को ब्लॉक कराने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इस वर्ष हत्या व गंभीर श्रेणी के अन्य अपराधों के मामलों में कमी दर्ज की गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 25 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में जीएमडीए द्वारा बनाई जा रही वाटिका चौक से क्लोवर लीफ (सीपीआर) तक 4500 मीटर लंबी मास्टर ड्रेन के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि इस ड्रेन के कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि आगामी बरसात के सीजन से पहले यह काम कर सके। इसके अतिरिक्त 100 एमएलडी क्षमता के धनवापुर एसटीपी, चंदू डब्ल्यूटीपी, श्री शीतला माता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नए सेक्टर्स के लिए मास्टर रोड को विकसित करना, रामपुरा से पटौदी रोड तक 6 मार्गीय सड़क, पेयजलापूर्ति संबंधित परियोजना, मानेसर में एसटीपी, सदर बाजार की दो पार्किंग, खेल परिसर वजीराबाद, कमान सराय पार्किंग, टॉवर ऑफ जस्टिस, सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में 100 बेड क्षमता के नए भवन के निर्माण की प्रगति, पंचगांव से फरूखनगर वाया जमालपुर सड़क, राजकीय महाविद्यालय, मानेसर व गुरुग्राम विश्वविद्यालय में बन रहे ब्लॉक्स के निर्माण आदि की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति से अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत कराया।

# विधायक संजय सिंह ने दुकानदारों को बांटे लड्डू, 2024 में भाजपा की जीत का पक्की



सोहना विधायक संजय सिंह सोमवार को सोहना में पार्टी को तीन राज्यों में मिली भारी जीत की खुशी में लड्डू बांटते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** विधायक संजय सिंह ने पार्टी को तीन राज्यों में मिली प्रचंड़ जीत की खुशी में दुकान-दुकान जाकर लड्डू बांटे।इस अवसर पर विधायक के साथ भारी मात्रा में पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पहले विधायक ने शहर के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की।

भारतीय जनता पार्टी को मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीशगढ़ में मिली भारी सफ्लता की खुशी में सोहना विधायक संजय सिंह ने शहर की बगीची में बना हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के जिला पदाधिकारी हरबीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव चूंग, समाज सेवी नरेश सैनी, टेकचंद समेत अन्य कार्यकर्ता और सदस्य मौजूद थे। विधायक ने शहर में दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक संजय सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते यह परिणाम आया है। प्रदेश और देश में भाजपा की सरकारे जिस गति से विकास कर रही है। गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए कल्याणकारी नीतियां और योजनाएं लागू कर रही है।

उससे देश का एक-एक नागरिक खुश है। स्वास्थ्य से लेकर राशन, रोजगार, यातायात की सुविधा, आवास, उज्जवला जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से हर कोई खुश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा से लेकर अर्थ व्यवस्था आदि योजनाएं हर किसी नागरिक को लाभ देने वाली है।

# चारों प्रदेशों के कुल वोट प्रतिशत में आगे रही कांग्रेस: पंकज डावर

**आम जनता का विश्वास कांग्रेस के साथ**

**गुरुग्राम।** चार प्रदेशों के चुनाव परिणाम में 3 प्रदेशों के अच्छे परिणाम नहीं आने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि जाहिर सी बात है कि यह परिणाम सबको चौंका रहे हैं। इन प्रदेशों की जनता भी इस हार की वजह नहीं समझ पा रही है।

डावर ने कहा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के टोटल वोट पर ध्यान दें तो भाजपा से ज्यादा वोट कांग्रेस को मिले हैं। बावजूद इसके तीन राज्यों के परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे। पंकज डावर ने बताया कि इन चारों प्रदेशों में कुल मत पर ध्यान दें तो कांग्रेस को 4 करोड़ 90 लाख 69 हजार 462 वोट मिले, जबकि इन्हीं 4 राज्यों को मिलाकर भाजपा को कुल 4 करोड़ 81 लाख 29 हजार 325 वोट मिले। इसमें मध्य प्रदेश में भाजपा को 2,11,13,278 कांग्रेस को



1,75,64,353, राजस्थान में भाजपा को 1,65,23,568 कांग्रेस को 1,56,66,731, छत्तीसगढ़ में भाजपा को 72,34,968 कांग्रेस को 66,02,586, तेलंगाना में भाजपा को 32,57,511 कांग्रेस को 92,35,792 वोट का अंतर मिला। इन परिणामों पर ध्यान दें तो इन चारों प्रदेशों में आज भी भाजपा से अधिक लोग कांग्रेस की नीतियों को पंसद कर रहे हैं। पंकज डावर ने कहा कि चार प्रदेशों के अलावा 5वें प्रदेश मिजोरम में भी भाजपा से ज्यादा लोग कांग्रेस को पसंद कर रहे है। जिसके कुल वोटों के परिणाम अभी नहीं मिले हैं, लेकिन जो परिणाम सामने आया है उससे यह साफ है कि मिजोरम में भाजपा को लोग पसंद नहीं करते। पंकज डावर ने कहा कि इन तीन प्रदेशों में मिली हार के पीछे जो भी कमियां रही हैं, अब उस पर ध्यान देते हुए कांग्रेस के संगठन को मजबूत करना है।

# घाटी में टूटी दीवार दे रही जान लेवा हादसों को न्यौता

एन रोहिल्ला। सोहना

**तावडू** जाने वाले मार्ग के घाटी क्षेत्र में टूटी हुई सुरक्षा दीवार वाहन चालकों के लिए कोहरे में जान दुश्मन बन जाती है। सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण हर वर्ष एक-दो वाहन घाटी से गहराई वाले स्थानों पर गिरने से हादसे होते है। जिससे वाहन क्षतिर्ग्रस्त होने के अलावा चालक व परिचालक चोटिल होते है।

लोक निर्माण विभाग ने करीब डेढ़ वर्ष पहले तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी में सड़क हादसों को रोकने के लिए मेटल की दीवार लगाने की योजना बनाई थी। लेकिन उक्त योजना आज तक अमल में नहीं लगाई गई है। टूटी हुई दीवार को फिर से निर्माण नहीं कराया है। घाटी की दीवार वाहन गहरी खाई गिरने के दौरान टूटी थी। यही टूटी दीवार सर्दी के मौसम में छाने वाले कोहरे में जान की दुश्मन बन जाती है। क्योकि घाटी से उतरने वाले वाहन चालकों को टूटी हुई दीवार कोहरा छाने के दौरान बहुत ही नजदीक आने पर दिखाई देती है। ऐसे में वाहन चालक भारी वजन वाले वाले वाहन को संभाल नहीं पाते है।



सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी में टूटी सुरक्षा दीवार दे रही जान लेवा हादसों को न्यौता।

जिससे वाहन घाटी से लगती गहरी खाई में गिर जाते है।

**टूटी दीवारों का नहीं किया निर्माण :** घाटी में टूटी सुरक्षा दीवार को बीतें डेढ़ साल में फिर से निर्माण नहीं किया है। सर्दी का मौसम अपनी छाने वाले कोहरे की शुरुआत हो गई है। जिससे कोहरा होने पर घाटी से उतने वाला वाहन हादसे का शिकार कभी भी हो सकता है। जिस स्थानों पर सुरक्षा दीवार टूटी है। वहा पर घाटी की गहराई 20 से 25 फूट तक है। साथ में आबादी क्षेत्र लगता है।

**नहीं बनी मेटल की दीवार :** बीएण्डआर विभाग ने करीब डेढ़ साल पहले घाटी क्षेत्र में चलने वाले वाहनों की सुरक्षा के इरादे से गहरी खाई में गिरने से बचाने के लिए उद्देश्य से मेटल की दीवार लगाने की योजना बनाई थी। उक्त योजना आज तक पूरी नहीं हो सकी है। जबकि बीएण्डआर विभाग ने घाटी की करीब तीन किलोमीटर दूरी में यह दीवार लगाई जानी थी।

> “ **घाटी** में मेटल से बनाई जाने वाली सुरक्षा दीवार की टेंडर प्रक्रिया जल्द ही शुरु होने वाली है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।
> ( अजीत सिंह-एसडीओ लोक निर्माण विभाग )

# 15 दिसंबर को फिरोजपुर झिरका बार के चुनाव की तिथि घोषित

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**फिरोजपुर** झिरका बार एसोसिएशन के होने वाले चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सोमवार को बार एसोसिएशन के चुनावों को लेकर शेड्यूल जारी हुआ है। चुनाव का शेड्यूल जारी होते ही प्रधान, उपप्रधान, सचिव व संयुक्त सचिव पद के सभी उम्मीदवार बार सदस्यों की सीट पर जाकर हाथ जोड़कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करने में जुट गए हैं।

बार एसोसिएशन के चुनाव 15 दिसंबर को होंगे। इसके लिए सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। यह जानकारी बार एसोसिएशन के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान एडवोकेट और डॉक्टर प्रेमचंद प्रेमी एडवोकेट ने दी। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर झिरका बार के चुनाव 15 दिसम्बर को होंगे। जिसके लिये मुख्य चुनाव अधिकारी अख़्तर हुसैन एडवोकेट और एआरओ शाहिद खान को बनाया गया है। बार एसोसिएशन के प्रधान, उपप्रधान, सचिव एवं संयुक्त सचिव पदों के लिए चुनाव मतदान के माध्यम से होगा। मतदान बार एसोसिएशन परिसर में करवाया जाएगा। जिसके लिए पुलिस प्रशासन सहित अन्य प्रकार की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।


बार चुनाव प्रक्रिया को लेकर प्रधान पद के लिए नामांकन करते एड. मुकेश सिंघल ।

बार प्रधान मुसर्रत अली ने बताया कि 4 दिसंबर से 5 दिसंबर तक शाम चार बजे तक का समय नामांकन के लिए निर्धारित किया गया है। नामांकन के बाद 6 दिसंबर को नामांकनों की छंटनी की जाएगी। 7 दिसंबर तक उम्मीदवार नामांकन वापस से सकते हैं। नामांकन वापसी उपरांत चुनाव मैदान में रहे प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। 15 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान के उपरांत मतों की गणना कर, चुनाव परिणाम की घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को प्रत्येक पद के लिए नामांकन सिक्योरिटी फीस के रूप में 5000 रुपये अदा करने होंगे। यह राशि नॉन-रिफंडेबल होगी।

उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन फ़िरोज़पुर झिरका में फिलहाल 196 सदस्य हैं, जो मतदान का हिस्सा बन सकेंगे। चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार का बार सदस्य होना अनिवार्य है। चुनाव में एआरओ के तौर पर शाहिद एडवोकेट चुनाव के समय मौजूद रहेंगे। चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों की योग्यता निर्धारित की गई है। जिसमें प्रधान पद के लिए बार काउंसिल एनरोलमेंट से लेकर अब तक की दस साल या इससे ज्यादा की रेगुलर एक्टिव प्रैक्टिस होनी चाहिए। उपप्रधान पद के लिए कम से कम पांच साल, सचिव पद के लिए पांच साल तथा सह सचिव पद के लिए तीन साल की रेगुलर प्रैक्टिस अनिवार्य की गई है। चुनाव अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन प्रधान पद के लिए मुकेश सिंघल और अल्ताफ़ एडवोकेट के नामांकन आए और उपप्रधान पद के लिए मुस्तफ़ा एडवोकेट रानिका व सचिव पद के लिए जावेद नावली और सहसचिव पद के लिए तालिब सीसोना ने अपना नामांकन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूली बच्चों को जागरुक करने की पहल लगातार जारी



**मेवात।** पुलिस अधीक्षक नूंह के दिशा-निर्देशों पर शुरु हुई इस पहल में स्कूली बच्चों को अरावली पर्वत श्रृख्ला के प्राकृतिक सौंदय, पेड़-पौधों का संरक्षण, पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ-2 जागरुक किया जा रहा हैं । इसी सम्बंध में सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल सलाहेड़ी, नूंह के बच्चों को नूंह पुलिस के सरकारी वाहन में नूंह-तावडू मार्ग के बीच अरावली पर्वत श्रृख्ला पर ले जाकर भ्रमण कराया गया । जहां पर बच्चों को प्राकृतिक पेड़-पौधों, पर्यावरण, जीव-जंतुओं से सम्बंधित विशेष जानकारी दी गई । इस दौरान इस मुहिम के नोड़ल अधिकारी कुलदीप सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह बच्चों के साथ मौजूद रहे । बता दे कि इससे पहले भी नूंह पुलिस द्वारा डीएवी0 पुलिस पब्लिक स्कूल नूंह, कस्तूरबा गांधी बाल विद्यालय स्कूल नूंह व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल नूंह के बच्चों को अरावली पर्वत श्रृंखला पर ले जाकर भ्रमण कराया जा चुका है ।

### पुलिस बूथ के साथ में झोपड़ी में मिला अजगर

**तावडू।** उपमंडल के गांव कोटा खंडेवला में पुलिस बूथ के नजदीक एक झोपड़ी में सोमवार को एक अजगर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने पुलिस जवानों को बताया तो सूचना मिलने पर वन्य जीव कर्मचारी मौके पर पहुंचे।जिन्होंने अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित तरीके से अरावली पहाड़ में छोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन व जब्बार सरपंच सेहत आदि ने बताया कि सोमवार सुबह वह कोटा गांव के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।उन्होंने बताया कि तावडू-नोरंगपुर मार्ग पर एक पुलिस बूथ व नाके के नजदीक बनी झोपड़ी के सामने लोगों की भीड़ थी,साथ ही कुछ पुलिस जवान भी मौजूद थे।वह नजदीक पहुंचे तो झोपड़ी के कोने में एक छोटा अजगर बैठा था,जबकि दूसरा विशालकाय अजगर अरावली पहाड़ की ओर निकल गया।झोपड़ी में अजगर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस जवान पहुंच गए जिनकी सूचना पर वन्य जीव विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच अजगर को सुरक्षित तरीके से अपने पिंजरे में कैद हो लिया,फिर थोड़ी देर बाद ही रेस्क्यू किए गए अजगर को सुरक्षित अरावली पहाड़ में छोड़ दिया।वन्य जीव टीम से मिली जानकारी के मुताबिक तावडू उपमंडल की सीमा से लगने वाला गांव कोटा खंडेवला सराय,खरक जलालपुर,भंगवो और चाहल्का भी अरावली पहाड़ के साथ सटे हुए हैं।इन गाँवो में अजगर और तेंदुए आने की सूचनाएं मिलती रहती है।अरावली क्षेत्र में तेंदुओं और अजगरों की भारी संख्या है।गुरुग्राम सहित विभिन्न क्षेत्रों से रेस्क्यू किए जाने वाले अजगर सहित कई प्रकार के सांपो को भी यहां पर छोड़ा जाता हैं।बता दें कि करीब तीन महीने पहले भी गांव भंगवो में दो बार विशाल का अजगर देखा गया था। जिसे जागरूक ग्रामीणों ने पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा छोड़ा था।वन्य जीव विशेषज्ञगों के कहना है कि अजगर सहित विभिन्न प्रकार के जंगली जानवर अक्सर भोजन की तलाश में कई बार आबादी क्षेत्र की ओर निकल आते हैं।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 7 को

**मेवात।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आगामी 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस बैठक में कुल 15 परिवादों को निपटारा किया जाएगा, जिनमें 3 पुराने तथा 12 नए परिवाद शामिल हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायत के जवाब के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एजेंडे में शामिल जिन शिकायतों की सुनवाई होगी, उनमें गांव उजीना निवासी प्रमोद कुमार की शिकायत जिला राजस्व अधिकारी, गांव शिकारपुर निवासी रफीक की कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मोहम्मदपुर अहीर निवासी मुकेश की शिकायत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, गांव ओथा निवासी इब्राहिम, गांव टपकन निवासी मकसूद की शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित शामिल हैं। इसी प्रकार एजेंडे में गांव चीला निवासी असपाक की शिकायत स्वास्थ्य विभाग, पुन्हाना निवासी फूल सिंह की शिकायत नगरपालिका पुन्हाना, तावडू निवासी जयपाल की शिकायत नपा तावडू,गांव मेवली निवासी वहीद खां की शिकायत बिजली निगम, पुन्हाना निवासी सलीम खान की शिकायत जन स्वास्थ्य विभाग, गांव नावली निवासी जुबेदा की शिकायत समाज कल्याण व नूंह निवासी आसिफ अली की शिकायत नगर परिषद नूंह, पार्षद नूंह सरिपन की शिकायत कल्याण विभाग, गांव चुन्धीका निवासी छोटी की शिकायत नागरिक संसाधन विभाग से संबंधित हैं।

### विकसित भारत-संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आज

**मेवात।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि विकसित भारत-संकल्प यात्रा के तहत कल 5 दिसंबर को जिला के खंड नगीना के गांव मांडीखेड़ा, खंड फिरोजपुर झिरका के गांव धमाला, खंड पिनगवां के गांव शाहचोखा व खंड पुन्हाना के गांव चांदकी व खंड तावडू के गांव बिस्सर-अकबरपुर व गांव खोरी कलां तथा इंडरी ब्लॉक के गांव हिरमथला, रेवासन में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी गांवों में पहुंचेंगे और स्टॉल स्थापित कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी देंगे तथा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ देना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों का भी आह्वान किया कि वे इस यात्रा के दौरान कार्यक्रम में पहुंचकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी लें और योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करें।

### दुकान से सामान चोरी, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

**मेवात।** पिनगवां - शिकरावा मार्ग पर सरकारी अस्पताल के समीप भवन निर्माण का सामान बेचने वाले दुकानदार का लाखों रुपए का सामान चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस अब सीसीटीवी के आधार पर थ्री व्हीलर गैंग का पता लगाना शुरू कर दिया है। राहुल कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी कस्बा पिनगवां ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि मैंने श्याम ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से शिकरावा रोड पिनगवां मे एक टाल खोली रखी है। रात को लगभग 8 बजे मैं अपनी उक्त टाल को बन्द करके घर चला गया था।

पायनियर क्लासीफाइड

**LOST & Found**

I, Saurabh Singh S/o Hari Shankar Singh R/o Varansi, Uttar Pradesh, Phoolpur, Pincode 221206 have lost my following documents 10th mark-sheet (Roll No. 5238060), 12th mark-sheet (Roll No. 5746357), B.Com all marksheet and Degree, M.com all marksheet and Degree, Bank of India Passbook, Baroda, U.P. Gramin Bank Passbook & Chq. Book Date and Time where Property was lost 01.12.2023 reporting missing Gurgaon Bus Stand, Police Station Gurgaon Sadar. Finder contact above address.

# जमीन के टुकड़े को लेकर भाई ने भाई का बहाया खून

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मिली शिकायत पर पुलिस ने केस दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है, पीड़ित ने आरोप पर लगाया लाठी-डंडे से मारपीट करने का आरोप**

**फिरोजपुर झिरका** थाना क्षेत्र अंतर्गत रवा गांव में जमीन के टुकड़े को लेकर भाई ही भाई के खून का प्यासा हो गया। जमीनी विवाद में जमकर खून खराबे की खबर है। मामला अब थाना पहुंच चुका है।

बता दें कि जमीनी विवाद को लेकर मेवात जिले के रवा गांव में सगे भाइयों द्वारा बड़े भाई पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत पर पुलिस ने केस दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हम पति - पत्नी फिरोजपुर झिरका बाजार से अपने घर को जा रहे थे। जब हम गांव रवा के अड्डे पर टैम्पो से उतरे तो सलमू, मुस्ताक, रुक्कम निवासी रवा जो मेरे सगे छोटे भाई हैं। पहले से ही हममशवरा होकर अपने हाथों में लाठी - डंडों को लेकर खड़े थे। जैसे ही हम थोड़ी दूर चले तो उपरोक्त सभी मेरे ऊपर टूट पड़े और लाठी - डंडों से बुरी तरह से मारपीट की। उन्होंने ने मुझे बहुत बुरे तरीके से मारा पिटा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मेरे भाइयों ने हमारा जीना हराम कर रखा है। मेरे से जमीन को लेकर रंजिश रखते हैं और उन्होंने मेरे साथ पहले भी कई बार मारपीट की है और कई बार गांव के मौजिजान लोगों के साथ पंचायत हुई है, लेकिन दोषीयान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मुझे गांव के लोगों ने बचाया नही तो वह लोग मुझे जान से खत्म कर देते । मौके पर गांव के लोगों ने 112 नंबर पर फोन किया जो कि मौके पर पहुंचे और वारदात का मुआयना किया उसके बाद मेरे को सरकारी अस्पताल फिरोजपुर झिरका ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां पर एम एल आर काटी गई। उसके बाद मांडीखेड़ा सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर ईलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मेरे सात लड़कियां और एक छोटा सा लड़का है। जिसको मेरे भाई जान से मारने की बात करते हैं ताकि विरासत उनके नाम आ जाए। वह मुझसे फर्जी तरीके से जमीन पर दस्तखत कराना चाहते हैं। इसलिए मेरे साथ मारपीट की। मारपीट में मेरा पैर टूट गया और कई जगह पर गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर हुआ कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**बाल** विवाह मुक्त भारत का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। बाल विवाह के मामलों में तेजी से कमी आई है। हरियाणा के सबसे पिछड़े नूंह जिले में शक्ति वाहिनी के द्वारा तकरीबन दर्जन भर बाल विवाह रुकवाए गए हैं। आगे पूरी तरह से बाल विवाह रोकने के लिए शक्ति वाहिनी लगातार प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्रवाई करने से लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए जुटी रहती है।

जिन अधिकारियों-कर्मचारी तथा समाजसेवियों ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सहयोग किया है। उन सभी को शक्ति वाहिनी के द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय नूंह की तीसरी मंजिल पर स्थित पुलिस विभाग के कांफ्रेंस हाल में हुई बैठक के बाद प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। शक्ति वाहिनी से जुड़े कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के कई विभाग उनके साथ इस अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं। जिनमें पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग इत्यादि शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और बाल विवाह होने से महिलाएं कई प्रकार की बीमारियों से जूझने लगती हैं। उन महिलाओं का शारीरिक व मानसिक रूप से भी विकास नहीं हो पाता। अगर बाल विवाह करवाने वाले या उसमें किसी तरह सहयोग करने



**शक्ति वाहिनी के तकरीबन 10 कर्मचारी फील्ड में उतरे हुए हैं और लोगों को बाल विवाह के बारे में जागरूक कर रहे हैं**

वाले व्यक्ति की भूमिका पाई जाती है तो उसे 2 साल तक की जेल और एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। जिनमें अभिभावक, रिश्तेदार, बिचौलिया तथा धर्मगुरु के साथ - साथ आयोजन में शामिल नाई,रसोईया, टेंट, तथा बैंड इत्यादि का काम करने वाले लोग भी शामिल हो सकते हैं।

कुल मिलाकर हरियाणा के नूंह जिले में बाल विवाह को पूरी तरह से रोक कर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए टीम मजबूती से जुटी हुई है। शक्ति वाहिनी के तकरीबन 10 कर्मचारी फील्ड में उतरे हुए हैं और लोगों को बाल विवाह के बारे में जागरूक कर रहे हैं, जहां भी उन्हें बाल विवाह से संबंधित कोई शिकायत मिलती है। उस पर तत्काल कार्रवाई की जाती है।

# नगर समेत क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा टीम ने मिठाई दुकानों और डेयरियों पर की छापेमारी

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** सहित क्षेत्र में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग टीम की और से मिठाई और डेयरियों की दुकानों पर छापेमारी की गई।जिसकी खबर से पूरे नगर में सभी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अधिकतर दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के शटर को बंद कर लापता हो गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कई दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं।जिन्हें जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा जाएगा। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चौहान ने बताया कि सोमवार को तावडू नगर के गर्ग मिष्ठान भंडार पर छापेमारी कर रसगुल्ला के नमूने लिए गए। दुकानदार संचालक लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।जिस पर कार्रवाई की गई है।इसके अलावा नगर के सोहना मार्ग पर स्थित बाबा श्याम डेयरी से घी और दही के नमूने लिए गए।इसी मार्ग पर गोयल सुपर बाजार पर टीम पहुंची तो संचालक मौके से भाग गया।इसी प्रकार गांव खोरी कला में भी भारत और किसान डेयरी पर छापेमारी कर घी के नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई के दौरान विभाग के कर्मचारी गौरव और राहुल समेत कई सदस्य रहे।उन्होंने बताया कि सभी खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूनों को जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है 140 करोड़ देशवासियों को आगे बढ़ाना: जाहिद हुसैन चेयरमैन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत नूंह विधानसभा के गाँव सलम्बा जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता जाहिद हुसैन रहे। गांव वासियों ने मुख्य अतिथि जाहिद हुसैन का फूल माला,बुके देकर वे पगड़ी पहनकर स्वागत किया। गांव के सरपंच ने मुख्य अतिथि जाहिद हुसैन को गांव की तरफ से एक मांग पत्र भी दिया। जिस पर मुख्य अतिथि ने आश्वासन दिया कि मैं इस सभी मांगों को जरूर पूरा कर आऊंगा।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी गणमान्यों व गाँववासियों को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ भी दिलाई तथा सभी



विभागों की स्टॉलों का अवलोकन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की हर विभाग की लाभकारी योजनाएं-गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए चलाई गई हैं उनके बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर ही आईडी संबंधी, आधार कार्ड, वोटिंग कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेंशन आदि संबंधी नए बनाए गए तथा इनमें त्रुटियों का मौके पर ही समाधान किया गया।सरकार द्वारा दिए जा रहे पशु लोन, छोटे व्यापार लोन के बारे में बताया गया तथा मुफ्त दवाईयां, मुफ्त गैस चुल्हा कनेक्शन आदि मौके पर दी गई।

एलईडी के माध्यम से गाँववासियों को सरकार की सभी योजनाओं के बारे में बताया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

इस अवसर पर बीडीपीओ नूह ,सचिव,पंच,सरपंच, नदीम खान युवा, जैद खान, बरकत अली, जाहिद मुस्तफा, अरशद खान सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत-संकल्प यात्रा का गांवों में जोरदार स्वागत

**यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने ली संकल्प शपथ**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा चलाई गई विकसित भारत-संकल्प यात्रा का जिला के गांवों में पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने इस यात्रा के दौरान अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है, क्योंकि उन्हें अपने कामों के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा और उन्हेंगांवों में ही विभागीय योजनाओं का फायदा मिल रहा है।



विकसित भारत-संकल्प यात्रा आज जिला के खंड इंडरी के गांव बाजेड़का में पहुंची, जहां पर एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार व सरपंच फैजल खान मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके बाद यह यात्रा गांव सलंबा पहुंची और ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया। इसी प्रकार जिला के खंड नगीना के गांव खेड़ली खुर्द व खंड फिरोजपुर झिरका के मोहम्मदबास तथा खंड पिनगवां के गांव खानपुर घाटी व खंड पुन्हाना के गांव भूरियाकी में भी विकसित भारत-संकल्प यात्रा ग्रामीणों के बीच पहुंची और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और योजनाओं के लाभ के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया।

गांव भूरियाकी में आयोजित कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अंत्योदय की भावना के अनुरूप गरीब आदमी का जीवनस्तर ऊंचा उठाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं और इस यात्रा के माध्यम से उन सभी लाभपात्रों को योजनाओं को लाभ दिया जाएगा, जोकि किसी कारण से सरकार की योजना का लाभ उठाने से वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार की दूरगामी सोच है कि सरकार द्वारा लोगों के घर-द्वार के पास पहुंचकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संकल्प शपथ भी दिलाई। इन कार्यक्रमों में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से लोक कलाकारों के माध्यम से भी सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। कलाकारों ने गीतों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी। इन सभी कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संकल्प शपथ भी दिलाई गई।

इस यात्रा में स्वास्थ्य व आयुष विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों का निशुल्क इलाज किया गया तथा उन्हें दवाइयां भी दी। सीएससी स्टॉल पर लोगों के योजनाओं संबंधित फार्म भरे गए। ग्रामीणों के आयुष्मान योजना के कार्ड बनाए गए तथा उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को गैस कनेक्शन दिए गए।

**ड्रोन से खेती करने के तरीके सिखाए :** विकसित भारत-संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों व ग्रामीणों को ड्रोन के माध्यम से खेती करने, ड्रोन से उर्वरक व दवा का छिड़काव करने का प्रदर्शन किया और बताया कि यह ड्रोन खेत में जरूरत अनुसार दवा व उर्वरक का स्वयं छिड़काव करता है, जिससे किसानों की मेहनत व समय की बचत होती है।

**जल संरक्षण व पानी में जीवाणु जांच दी जानकारी :** संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा पानी में जीवाणु जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पानी के ऑनलाइन बिल भरने के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जल संरक्षण का महत्व समझें तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाकर भविष्य की पीढ़ी के लिए भी पानी बचाएं।

# अरावली पर्वत के साथ-साथ बनेगा जंगल सफारी

**मेवात।** अरावली पर्वत के साथ - साथ गुरुग्राम तथा नूंह जिले की हजारों एकड़ भूमि में जंगल सफारी बनने जा रही है। इस जंगल सफारी से न केवल पहाड़ों में अवैध खनन पूरी तरह से रोका जा सकेगा बल्कि जड़ी बूटियां तथा जीव जंतुओं को भी बचा कर रखा जा सकेगा। हरियाणा के सबसे पिछड़े नूंह जिले का विकास भी जंगल सफारी बनने के बाद तेज गति से होने से इनकार नहीं किया जा सकता। दूर दराज के पर्यटक जब इस जंगल सफारी का भ्रमण करने आएंगे तो न केवल सरकार को राजस्व का लाभ होगा बल्कि इस इलाके पर भी उद्योगपतियों की नजर पड़ेगी। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से बातचीत के दौरान पता चला कि तकरीबन 10000 एकड़ भूमि जंगल सफारी के लिए नूंह जिले में चिह्नित की गई है। जिसमें तावडू, नूंह इत्यादि खंड की भूमि शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। जिसमें उनको भी मेंबर रखा गया है। जल्दी ही इस जंगल सफारी पर काम शुरू हो सकता है। इस जंगल सफारी में उस भूमि की पहचान कर ली गई है, जहां से इसे बनाया जाएगा। आपको बता दें कि अरावली पर्वत को काला पहाड़ के नाम से जाना जाता है और इसकी प्राकृतिक सुंदरता सबको अपनी और आकर्षित करती है। बरसात के दिनों में तो यहां हरियाली देखने लायक होती है और कई इलाकों में प्राकृतिक झरने तक बहते हैं। जंगल सफारी बनने के बाद इस इलाके को और सजाया व संवारा जा सकता है तथा प्राकृतिक सुंदरता को बचाकर रखने के साथ - साथ, जड़ी-बूटियों और जीव - जंतुओं को भी आने वाली नस्लों के लिए बचाया जा सकता है। कुल मिलाकर जंगल सफारी नूंह जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना मानी जा रही है। अब देखना यह है कि 2024 तक इस पर कार्य शुरू हो पाता है या नहीं, लेकिन केंद्र सरकार व राज्य सरकार जंगल सफारी को लेकर लगातार प्रयासरत है।


धीरेंद्र खड़गटा ( डीसी, नूंह )

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# जलवायु परिवर्तन

## कॉप 28 में जलवायु पर मंथन

**जलवायु परिवर्तन** से निपटने के लिए आयोजित कॉप 28 ने विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों की सहायता का मार्ग खोला है। संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के दुबई में दुनिया भर के नेता विश्व जलवायु कार्य सम्मेलन-कॉप 28 में भाग ले रहे हैं जिसकी शुरुआत 30 नवंबर से हुई थी। यह सम्मेलन राज्यों व सरकार प्रमुखों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसमें वे प्रमुख जलवायु संबंधी निर्णयों को स्पष्ट कार्रवाई व विश्वसनीय योजना में बदलने के संकेत देते हैं। शेख मुहम्मद बिन जायद अल नाहयान, संयुक्त राष्ट्रसंघ महासचिव एंटोनियो गुटरेस तथा राजा चार्ल्स-तृतीय ने उद्घाटन समारोह में अपनी बात रखी। 12 दिनों तक दुनिया भर के नेता जलवायु परिवर्तन की विभीषिका पर चर्चा करेंगे क्योंकि अब तक हुई प्रगति के साथ भावी चुनौतियों पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है। कॉप 28 के प्रमुख नतीजे और जलवायु परिवर्तन के लिए उठाए जाने वाले कदम बहुत शानदार नहीं हैं, पर कुछ प्रगति जरूर हुई है। कॉप 28 के पहले दिन सभी पक्षों ने एकजुट होकर 'लॉस एंड डैमेज फंड' को सक्रिय बनाने तथा इसके लिए धन जुटाने पर सहमति जताई। अनेक देशों ने फंड में धन देने की घोषणा की और यह धनराशि लगभग 300 मिलियन डालर तक पहुंच गई। सम्मेलन में देशों ने पेरिस समझौते के लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः रेखांकित की। विभिन्न पक्षों ने ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक काल से 2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक की सीमा में रखने तथा इसे 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड की सीमा में लाने की प्रतिबद्धता प्रकट की। यह प्रतिबद्धता जलवायु परिवर्तन के सर्वाधिक गंभीर प्रभावों से बचने के लिए जरूरी है।



सौभाग्य से विकसित व विकासशील देशों ने जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण की आवश्यकता समझी है। सुनिश्चित फंडिंग के साथ अनेक योजनायें अब क्रियान्वित की जा सकती हैं जिनसे कार्बन उत्सर्जन घटाने में काफी सहायता मिलेगी। इनमें ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं में वृद्धि तथा टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन शामिल हैं। इस सम्मेलन को 'जलवायु कार्रवाई' में फंडिंग के लिए याद किया जाएगा जिसे पहले ही दिन सुनिश्चित किया गया। विकसित देशों ने विकासशील देशों की ज्यादा वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया ताकि वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपट सकें और स्वयं को कम-कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं में बदल सकें। वित्तीय प्रतिबद्धताओं का उद्देश्य विकसित और विकासशील देशों के बीच खाई कम कर साझा जिम्मेदारी स्वीकार करना है। सम्मेलन ने खोज तथा तकनीक हस्तांतरण पर जोर दिया है। चूंकि, कॉप 28 ने प्रकृति आधारित समाधानों के महत्व पर जोर दिया है, इसलिए इसमें वनों, आर्द्र भूमि तथा अन्य परिस्थितिकी तंत्रों की भूमिका पर ध्यान दिया गया जो जलवायु परिवर्तन के प्रति मजबूती पैदा कर सकते हैं। भूमि के टिकाऊ प्रयोग तथा संरक्षण व्यवहारों को प्रोत्साहित करने की पहलें शुरू की गई हैं। हालांकि, कॉप 28 ने थोड़ी प्रगति की है, पर इसके समक्ष चुनौतियां बनी हुई हैं। कॉप 28 को अपनी समाप्ति तक कुछ महत्वपूर्ण परिणाम अवश्य प्राप्त करने चाहिए। यह केवल पर्यावरण का मुद्दा न होकर अनेक विकासशील देशों के जीवन का सवाल भी है क्योंकि समुद्रों का जलस्तर बढ़ने या सूखे और बाढ़ के कारण उनकी कृषि व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो सकती है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए फौरन कार्रवाई करना जरूरी हो गया है, नहीं तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

# म्यांमार में जन-विद्रोह की सफलता

म्यांमार में वर्तमान जन-विद्रोह की लगातार बढ़ती सफलता से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि वहां सैनिक शासन अंततः समाप्त होगा। भारत को ऐसे में चीन का प्रभाव सीमित करने के लिए विकल्पों पर विचार करना चाहिए।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ वर्तमान जन-विद्रोह लगातार तेज होता जा रहा है। प्रतिरोधी समूहों के गठबंधन की आक्रामक कार्रवाई 27 अक्टूबर को सवेरे शुरू हुई थी जिसने म्यांमार के सत्तारूढ़ सैनिक शासकों को गंभीर मुसीबत में डाल दिया है। सैनिक शासन के मीडिया मुखपत्र 'ग्लोबल न्यू लाइट आफ म्यांमार' में प्रकाशित रिपोर्टों से वहां की भयावह स्थितियों का पता चलता है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कार्यकारी राष्ट्रपति मिंट स्वे ने हाल ही में म्यांमार की रक्षा परिषद को बताया कि देश एक संकटपूर्ण स्थिति में है। यदि सेना प्रभावी रूप से विद्रोही समूहों के खिलफ कार्रवाई करने में विफल रहती है तो देश विभाजित हो सकता है। विद्रोह समूह लगातार हमले कर रहे हैं जो व्यापक जन-प्रतिरोध का हिस्सा है। यह आक्रामक कार्रवाई 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' या संक्षेप में ब्रदरहुड एलायंस द्वारा शुरू की गई है। इसमें नस्ली राखीन सशस्त्र समूह, अराकान सेना-एए, तथा पालुंग की सशस्त्र शाखा नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए शामिल हैं। 'पालुंग' वास्तव में तांग नस्ली अल्पसंख्यक समूह का बर्मी नाम है। इसके साथ ही एलायंस में म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए भी शामिल है जो उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय है।

ब्रदरहुड एलायंस की सेना ने विद्रोह में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उसने उत्तरी शान, काचिन और राखीन राज्यों में तथा सागैंग व मांडले क्षेत्रों के पहाड़ी क्षेत्रों में अनेक सैनिक अड्डों पर कब्जा कर लिया है। वेबसाइट 'द इरावडी' के अनुसार, सेना के खिलाफ अनेक विद्रोही समूह सक्रिय हैं। इनमें पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ, विपक्षी नेशनल यूनिटी सरकार-एनयूजी की सैनिक शाखा, करेनी नेशनलिटीज़ डिफेंस फोर्स-केएनडीएफ तथा देश के एक सर्वाधिक शक्तिशाली हथियारबंद नस्ली संगठन द काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी-केआईए शामिल है। केआईए ब्रदरहुड एलायंस की सशस्त्र सैनिक गतिविधियों का समन्वय करती है। ब्रदरहुड एलायंस ने सैनिक शासन के 224 अड्डों तथा उत्तरी शान राज्य में सात कस्बों पर कब्जा कर लिया है। ब्रदरहुड एलायंस के कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रमुख म्यांमार-चीन व्यापार मार्ग पर स्थिति कई रणनीतिक केन्द्र भी शामिल हैं। काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी-केआईए तथा एलायंस के प्रतिरोधी बलों का अब चिन शिउ हा पर पूरा नियंत्रण है जो चीनी सीमा पर महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र है। इसके साथ ही एक अन्य रणनीतिक कस्ब सेनी पर उनका कब्जा है। इसके साथ ही शिउ हा व्यापार मार्गों के जुड़ने वाले स्थानों पर स्थित लाशियो-मूस व लाशियो चिन पर उनका कब्जा है।

इसके अलावा चीन सीमा पर मूस कस्बे में एक व्यापार गेट किन सान क्यात पर भी कब्जा करने में वे सफल हुए हैं। चिन नेशनल आर्मी तथा अन्य चिन प्रतिरोधी समूहों ने भारतीय सीमा पर स्थित फाला कस्बे में रेह खा डा पर कब्जा कर लिया है। सैगांग क्षेत्र में खंपात तथा चिन राज्य में रिखवादर और लाईडेनपी पर भी सैनिक शासक के विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है। सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोहियों ने आपरेशन 1027 शुरू किया है। इस आपरेशन से समन्वय करते हुए करेनी सेना, करेनी नेशनल पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट-केएनपीएलएफ, केएनडीएफ व पीडीएफ ने संयुक्त रूप से एक और आक्रामक अभियान-आपरेशन 11 शुरू किया है। 11 नवंबर को सैनिक शासक के 20 से अधिक अड्डों पर कब्जा करने के बाद विद्रोहियों ने क्या राज्य की चौकियों, लोइका व डेमोसो कस्बों तथा दखिणी शाान राज्य के निकटवर्ती पेकोन कस्बे पर भी कब्जा कर लिया है। उन्होंने लेशियो-चिन शा हा रोड पर स्थिति रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुनलोंग कस्बे पर भी कब्जा कर लिया है। इसे कोकांग क्षेत्र का प्रवेशद्वार माना जाता है। प्रतिरोधी समूहों ने म्यांमार के अनेक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों पर आवागमन बंद करने में सफलता पाई है। इनमें शान राज्य से गुजरने वाले मांडले-लेशियो मूस व मांडले-लेशियो-चिन शा हा सड़कें शामिल हैं। सैनिक शासक के खिलाफ सक्रिय विद्रोही समूहों का चीन की सीमा पर स्थिति अनेक व्यापार मार्गों पर भी कब्जा हो गया है।

म्यांमार की सेना को वैसे तो 'टटमाडा' कहा जाता था, पर अब इसे 'सिट-टैट' कहना ज्यादा उचित होगा क्योंकि यह विद्रोहियों का वर्तमान सैनिक अभियान शुरू होने के बाद से लगातार रक्षात्मक रूप से पीछे हट रही है। म्यांमार की जनता तथा सशस्त्र बलों के शक्तिशाली विद्रोह के कारण सरकारी सेना में सैनिक हतोत्साहित हैं और उनमें से काफी लगातार सेना छोड़ कर भाग रहे हैं। 4 मई, 2023 को ये मायो हेन ने कहा कि वर्तमान समय में सेना में लगभग 150,000 कर्मचारी हैं, जिनमें से लगभग 70,000 युद्ध में भाग लेने वाले सैनिक हैं। सेना के कम से कम 21,000 सैनिक विभिन्न सैनिक कार्रवाइयों में हताहत हुए हैं, सेना छोड़ कर भाग गए हैं या विद्रोह शुरू होने के बाद विद्रोही सैनिक बलों के साथ शामिल हो गए हैं। इतने कम सैनिकों के कारण म्यांमार की सरकारी सेना या सिट-टैट बहुत मुश्किल से स्वयं को लड़ाकू बल बनाए रखने का प्रयास कर रही है। ऐसे में वह सरकार के रूप में पूर्णतः निष्प्रभावी हो गई है।'

इस रिपोर्ट को 'युनाइटेड स्टेट इंस्टीट्यूट फार पीस' ने महत्वपूर्ण स्थान दिया है। म्यांमार के सैनिक शासन की कतारों में भी मतभेद और असंतोष व्यापक रूप से फैल रहा है। इन मतभेदों के चलते अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। सरकारी सेना में शामिल अनेक युवा सैनिक अधिकारी इस बात से बहुत अप्रसन्न व असंतुष्ट हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ उठ खड़ा हुआ है। ये मायो हेन की रिपोर्ट व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद तथा खासकर वर्तमान विद्रोही आपरेशन तेज होने के पश्चात म्यांमार की सरकारी सेना में हताहतों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। खबरों के अनुसार, सैनिक शासकों की सेना के सैकड़ों सैनिक मारे जा चुके हैं। हालांकि, सैनिक शासक हताहत सैनिकों के बारे में विश्वसनीय आंकड़े नहीं देते हैं, लेकिन अनेक तथ्यों से इसका खुलासा होता है। 99वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन के कमांडर कर्नल आंग क्या ल्विन मारे गए थे। इसी प्रकार 2021 में विद्रोह शुरू होने के फौरन बार फर्स्ट डिवीजनल कमांडर भी मारे गए थे। हाल ही में एक ड्रोन हमले में सिट-टैट के लाइलेनपी अड्डे पर मारे गए मेजर सो विन हित्के का मामला महत्वपूर्ण है जो सेकेन्ड-इन-कमांड थे। वर्तमान समय में सैनिक शासक के खिलाफ स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

हालांकि, उसके पास अनेक टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां, तोपखाना और वायुसेना है, लेकिन नस्ली बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में टैंकों की तैनाती बहुत कठिन है। घने जंगलों वाले पहाड़ी क्षेत्रों, गहरे नालों और खड़ी ढलानों के कारण ये क्षेत्र छापामार युद्ध के लिए आदर्श हैं। यह भी स्पष्ट है कि भारी हथियारों और प्रशिक्षित तोपखाने के समर्थन के बावजूद हवाईहमलों और तोपखानों से युद्ध नहीं जीते जा सकते हैं। यदि ऐसा होता तो अमेरिका वियतनाम पर विजय प्राप्त कर लेता। म्यांमार में तेजी से बदलती स्थितियों से अब पूर्णतः स्पष्ट हो गया है कि सैनिक शासक का स्थान इतिहास के कूड़ेदान में है। भले ही यह फौरन संभव न हो, पर अनेक लोगों की सोच से बहुत जल्दी होगा। ऐसे में भारत को अपने विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

बीजिंग का नस्ली लड़ाकुओं से निकट संबंध है और कुछ लोगों को संदेह है कि चीन ही म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोह को हवा दे रहा है। ऐसे में म्यांमार में चीन का प्रभाव सीमित करना होगा। पूर्वोत्तर में भारत की सुरक्षा चिन्तायें गंभीर हैं और प्रमुखतः इसी कारण उसने म्यांमार में सैनिक शासक के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे थे। भारत की सीमा से सटे म्यांमार के अनेक क्षेत्रों में नस्ली विद्रोही समूह लगातार शक्तिशाली होते जा रहे हैं। इनके दबाव में भारत में म्यांमार के अनेक सरकारी सैनिकों के आने की खबरें भी प्रकाशित हुई हैं जिनको वापस भेज दिया गया था। ऐसे में भारत को एनयूजी के साथ निकट सहयोग करने तथा नस्ली बलों से संबंध बनाने के प्रयास करने चाहिए।

# आवारा कुत्तों के लिए 'आपरेशन फिरकी'

"सरकार को कुत्तों की नसबंदी के लिए सस्ते, गैर-सर्जिकल विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान का समर्थन करना चाहिए"

**जगदीश कौर**
(लेखिका, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं)



वर्ष 2021 की एक धुंध भरी सर्दियों की सुबह, मैं दक्षिण दिल्ली कॉलोनी में अपने आवास के फ्रंट-लेन पार्किंग क्षेत्र में एक हंगामे की ओर आकर्षित हुआ। रात में कहीं से एक मादा कुत्ता आ गया और उसने बच्चा पैदा कर दिया। आस-पास के लोग मां को खाना खिलाने और परिवार को कड़ाके की ठंड के मौसम में आराम पहुंचाने के लिए सभी साधनों के साथ दिखाई दिए।

माता ने समीपवर्ती क्षेत्र को ही अपना स्थायी निवास स्थान बना लिया। वह बहुत डरी हुई आवारा थी और खाने के पास भी तभी आती थी जब उसे पूरा यकीन हो जाता था कि आसपास कोई नहीं है। उसकी तेज चाल को देखते हुए मैंने उसका नाम फिरकी रखा और वह हर जगह इसी नाम से जानी जाती है। छह पिल्लों में से एक को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया और दूसरा बाइक से घायल हो गया। उचित समय पर, हमने पांच पिल्लों को गोद लेने की व्यवस्था की।

आगे प्रजनन रोकने के लिए फिरकी की नसबंदी कराने की कोशिशें शुरू हो गईं। उसके नाम के अनुरूप, उसे पकड़ना एक कठिन काम था। एमसीडी से बार-बार अनुरोध करने के बाद, वे चौथे प्रयास में उसे पकड़ने में सफल रहे। एक बड़ी राहत की सांस ली जो ज्यादा समय तक नहीं टिकी क्योंकि 3 दिनों के बाद उसे यह बहाना बनाकर वापस छोड़ दिया गया कि उसका रक्त परीक्षण असामान्य था। वह खोया हुआ अवसर था क्योंकि वह अभी भी स्वतंत्र है, दूसरे और तीसरे बच्चे में से तीन जीवित कुत्तों के साथ तीन और बच्चों को जन्म देने में कामयाब रही। हम कड़ी मेहनत से दूसरे कूड़े को नसबंदी के लिए उठाने में कामयाब रहे और कुछ महीनों के बाद पता चला कि उन्हें भी बिना किसी सर्जरी (अज्ञात कारणों से) के बिना वापस छोड़ दिया गया था।

फिरकी समय के साथ होशियार हो गई है, वह दिन में अपने परिवार के साथ बड़े नाले



में छिपती है और केवल सुबह और रात में भोजन के लिए बाहर आती है। अतिउत्साही निवासियों ने आस-पास के दर्जनों आवारा जानवरों के लिए कुत्तों को खाना खिलाने की व्यवस्था की है और यह भी सुनिश्चित किया है कि उन्हें अपने घरों से ही भोजन मिलता रहे। दक्षिणी दिल्ली एमसीडी कार्यालय में बार-बार कॉल और दौरे, पशुचिकित्सक से व्यक्तिगत अनुरोध, वरिष्ठ एमसीडी अधिकारियों को टैग करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट और आरडब्ल्यूए को संदेश फिरकी को पकड़ने में सफल नहीं हुए। कई बार, जब हम फ़िरकी को घेरने और एमसीडी टीम को सूचित करने में कामयाब रहे, तो उनका दृष्टिकोण बहुत ही आकस्मिक और दयनीय था जिसके परिणामस्वरूप प्रयास विफल हो गए।

एक निजी पशुचिकित्सक की सलाह पर, मैं उसे बेहोश करने में कामयाब रहा लेकिन प्रयास फिर से विफल रहा। मेरी हताशा और लाचारी की कोई सीमा नहीं थी, यहां तक कि उसे पकड़ने के लिए 10,000 रुपये के इनाम की घोषणा भी कर दी गई। इसके बाद कुत्ते पकड़ने वालों, कॉलोनी के गार्डों, कचरा बीनने वालों, सफाईकर्मियों और कुछ गैर सरकारी संगठनों ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन फिरकी हर प्रयास से बच गया। हमने आस-पास के क्षेत्र में नर कुत्तों की भी नसबंदी करवाई, लेकिन वहां हमेशा कोई न कोई कुत्ता रहता था, जो संभोग करता था, जिसके परिणामस्वरूप एक नया कूड़ा पैदा होता था। तो, गली के आवारा कुत्तों से मुक्त हिस्से से, अब हमारे पास हर जगह सात कुत्ते हैं, जो रात भर वाहनों का पीछा करते हैं और भौंकते हैं।

भारत में स्थानिक रेबीज की उच्च घटनाओं में मानव बस्तियों के बीच बिना टीकाकरण वाले फ्री-रोमिंग कुत्तों (एफआरडी) या सड़क कुत्तों की उपस्थिति एक प्रमुख योगदानकर्ता है। सुबह की सैर करने वालों, साइकिल चालकों और दोपहिया सवारों का पीछा करने वाले आवारा कुत्तों के कारण अनगिनत मौकों पर निर्दोष व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी मौत हुई है। भारत में राष्ट्रीय रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम एक दशक से अधिक समय से कार्यान्वयनाधीन है। 2030 तक भारत से कुत्तों की मध्यस्थता से रेबीज उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना विभिन्न हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है। दुनिया भर में सफल रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम लागू किए गए हैं, जो दर्शाता है कि उन्मूलन तकनीकी रूप से संभव है। पश्चिमी यूरोप, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और कुछ लैटिन अमेरिकी देशों से कुत्ते-मध्यस्थ रेबीज़ को समाप्त कर दिया गया है। यहां तक कि उप-सहारा अफ्रीका और एशिया के क्षेत्रों जैसे कम आय वाले देश भी बड़े पैमाने पर कुत्ते टीकाकरण रणनीति द्वारा बोझ को काफी कम करने में सक्षम हैं। गैर-सर्जिकल तरीके अतीत में मौजूद रहे हैं, हालांकि, संबंधित हितधारकों के बीच इच्छाशक्ति और समन्वय की कमी, अनुसंधान की कमी, लागत-प्रभावशीलता और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सहित अन्य कारणों से उन्हें व्यापक रूप से नहीं अपनाया गया है।

संबंधित भागीदार एजेंसियों के बीच स्वामित्व और बेहतर समन्वय सहित अधिक ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। इसके अलावा, सरकार को कुत्ते की नसबंदी के लिए सस्ते, गैर-सर्जिकल विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान का समर्थन करना चाहिए। आरडब्ल्यूए को अधिक संवेदनशील होना चाहिए और आवारा कुत्तों की गिनती की निगरानी और एंटी-रेबीज टीकाकरण में मदद करनी चाहिए।

## आप की बात

### यूएनएलएफ से समझौता

**मणिपुर** राज्य में सक्रिय सबसे पुराने अलगाववादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के भारत सरकार के साथ हुए समझौते से इस अलगाववादी संगठन के बहाने भारत को परेशान करने वाले चीन को एक बड़ा झटका माना जा रहा है। चीन के साथ करीबी संबंधों के कारण यूएनएलएफ का घोषित उद्देश्य मणिपुर को भारत से अलग करके उसमें म्यांमार के कबोब घाटी को शामिल करना था। यूएनएलएफ का पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठनों के साथ काफी करीबी संबंध रहा है। नक्सलियों को हथियार सप्लाई के भी इन संगठनों पर आरोप लगाते रहे हैं। यूएनएलएफ संगठन के जरिए भारत के अलगाववादी संगठनों को चीन की मदद पहुंचाने की बात भी हमेशा ही कही जाती रही है। इसी तरह एक अन्य अलगाववादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आफ मणिपुर के जरिए भी चीन नक्सलियों को हथियार सप्लाई करता रहा है। यूएनएलएफ के साथ शांति समझौते के बाद अब पूरे पूर्वोत्तर भारत में स्थाई शांति स्थापित होने तथा अलगाववाद पूरी तरह समाप्त होने की उम्मीद है। इस समझौते से यहां स्थित अन्य उग्रवादी गुटों पर भी हिंसा का रास्ता छोड़ने का दबाव बनेगा। यह समझौता मणिपुर समेत पूरे भारत में शांति का आधार बनेगा।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### भारत की आर्थिक प्रगति

**जब** रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-हमास युद्ध के चलते दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा रही है, ऐसे में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर होना हर्ष की बात है। यह रेटिंग एजेंसी क्रिसिल व स्वयं रिजर्व बैंक के अनुमानों से अधिक है। भारत में जीएसटी से कर संग्रह भी रिकार्ड स्तर पर बना हुआ है। इन आंकड़ों के साथ भारत दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसके बावजूद आर्थिक असमानता बनी हुई है तथा अनेक आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, निम्न मध्यम वर्ग को इस वृद्धि का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। खुशी की बात है कि मुफ्त राशन योजना आदि से सबसे गरीब वर्ग का तो ध्यान रखा जा रहा है। मगर उससे ठीक ऊपर वाले स्तर पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निम्न मध्यम वर्ग के लिए भी राहतें देने वाली व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही कम से कम नौकरीपेशा वर्ग अपनी टैक्स जिम्मेदारियां पूरी करता है। उम्मीद करनी चाहिए कि मोदी सरकार के अंतिम बजट में करदाताओं समेत निम्न मध्य वर्ग को देश की आर्थिक प्रगति के लाभ पहुचांने की दिशा में समुचित कदम जरूर उठाए जाएंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### स्वागत योग्य कदम

**निसंदेह** यह एक स्वागत योग्य कदम है की सरकार ने 81.35 करोड़ गरीब लोगों के लिए अगले 5 वर्षों के लिए हर महीने मुफ्त पांच किलो खाद्यान देने का निर्णय लिया है। यह भी प्रशंशनीय है कि वन कार्ड वन नेशन स्कीम के तहत गरीब जनता देश के किसी भी कोने से अपना राशन ले सकती है। यह स्थिति प्रवासी कामगारों के लिए बहुत अच्छी है। सरकार को इसके साथ ही देश के गरीब किसानों को फ़सल विविधीकरण के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि दो हेक्टर से कम जमीन वाले 80 प्रतिशत किसान लाभान्वित हों। इसके अलावा देश के अधिकाधिक युवाओं को ऐसा कौशल प्रशिक्षण दिया जाए जिससे वह आत्मनिर्भर हो सके या उसे नौकरी मिल सके। मोदी सरकार ने अपनी सभी जन-कल्याणकारी योजनायें सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसमें राजनेताओं व सरकारी तंत्र का व्यापकतम उपयोग करने का इरादा है। देखना होगा कि यह विकसित भारत अभियान वास्तव में कितने लोगों तक केन्द्र व राज्यों की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा पाता है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### वायु प्रदूषण का मुद्दा

**सभी** जानते हैं कि धर्म, जाति, दाल-रोटी से लेकर फ्री गैस, बिजली व मोबाइल से लेकर जनता को खुश करने के अनेक मुद्दे हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावो के केंद्र में रहे। लेकिन जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जिसके बिना जीवन असंभव है, यानी कि साफ हवा की चर्चा किसी भी राजनीतिक दल की रैली अथवा वक्तव्य में नहीं दिखी, जबकि सालों से समाचार पत्रों और समाचार चैनलों के माध्यम से प्रदूषण की खबरें चर्चा में बनी रहती है। प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 21 लाख 80 हजार लोगों को वायु प्रदूषण के कारण अपना जीवन गंवाना पड़ता है। अगर हम आने वाली नस्लों को स्वस्थ और दीर्घजीवी देखना चाहते है तो वायु प्रदूषण के प्रति सर्वप्रथम प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को न केवल पर्यावरण को चुनावी मुद्दा बनाना होगा, बल्कि सत्ता में आने के बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समुचित कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी होगी।

– **सुनील,** मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# फसल गुणवत्ता के गिरते स्तर को संभालने के लिए कृषि वैज्ञानिक आगे आएं : मनोहर लाल

## हरियाणा कृषि विवि में तीन दिन का अंतर्राष्ट्रीय खाद्य पोषण सम्मेलन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य के लिए रणनीति विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कृषि महाविद्यालय परिसर में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा उद्यमियों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित है। इस सेंटर के माध्यम से गत 4 वर्षों में 6 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाकर 100 स्टार्टअप शुरू करवाए जा चुके हैं। इन स्टार्टअपस के माध्यम से टिश्यू कल्चर तकनीक से केला, गन्ना की बेहतरीन किस्म तैयार करना तथा मोटे अनाज से तैयार खाद्य उत्पाद तैयार किए गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 14 देशों की प्रसिद्ध शोध संस्थाओं से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। यहां के कृषि उत्पाद का निर्यात कई देशों में हो रहा हैं। अब उत्पादन के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कई देशों के साथ राज्य सरकार द्वारा काम किया जा रहा है।

उन्होंने सेमिनार में उपस्थित हरियाणा सरकार के मंत्री गणों व अन्य अतिथियों का वैज्ञानिकों से परिचय करवाते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के उत्थान को लेकर सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नई-नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप हरियाणा प्रदेश ने इस क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है।

कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी हो गई है। अधिक खाद एवं दवाइयां के प्रयोग से फसल गुणवत्ता का स्तर गिर रहा है, जिससे मानव को अनेक बीमारियां अपनी गिरफ्त में ले रही है। यही नहीं पानी तथा पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इन तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए अब चिंतन करना बहुत आवश्यक हो गया है। इसमें वैज्ञानिकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण बन जाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारे वैज्ञानिक इन समस्याओं व चुनौतियों से पार पाकर आने वाली पीढियां को सुखद जीवन देने का काम करेंगे।

### 15 देशों के 900 वैज्ञानिक व शोधार्थी ले रहे भाग

**गौरतलब** है कि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो बीआर काम्बोज के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में 4 से 6 दिसंबर तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, कजाखस्तान, जापान, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, ट्यूनीशिया, ब्राजील, मोरक्को सहित 15 देशों के 900 वैज्ञानिक व शोधार्थी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साथ देश के किसानों का भावनात्मक रिश्ता है। देश को अनाज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की अहम भूमिका रही है। सोमवार को सम्मेलन के प्रारंभिक सत्र में फ्रांस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी रिडेकर व अमेरिका की टेक्सास ए एंड एम, विश्वविद्यालय के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी कापारेडा ने तकनीकी विषयों पर अपना व्याख्यान दिया। तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले मुख्य वक्ताओं में जर्मनी से डॉ डिटर एच त्रुट्ज ओस्नाब्रुक, डेनमार्क से डॉ अहमद जहूर, जापान से प्रोफेसर यो तोमा व डॉ. टाकुरो शिनानो, कजाकिस्तान से डॉ विक्टर कामकिन व डॉ ओक्साना एर्माकोवा, फ्रांस से डॉ बोचाइब खदरी, पौलेंड से डॉ. टकाओ इशिकावा, मिस्त्र से डॉ. हॉसम रूश्दी, कोलम्बिया से डॉ. देवकी नंदन, सीम्यीट मैक्सिको से डॉ. एम.के. गथाला एवं डॉ. मैक्सवेल मकोंडीवा,, ब्राजील से डॉ. फ्रांसिस्को फग्गिओं व डॉ. वाल्मी हैजे-फग्गिओं, ईरी-शार्क से डॉ. राबे याहया, ईक्रीसेट से डॉ. एसके गुप्ता, कैलिफोर्निया से डॉ. चंद्र पी. अरोड़ा शामिल हैं।देश के प्रसिद्ध शोध संस्थाओं में कार्यरत प्रख्यात वैज्ञानिक भी इस सम्मेलन में व्याख्यान देने पहुंचे हैं, जिनमें एडीजी आईसीआर डॉ. एस.के शर्मा, एडीजी आईसीआर डॉ. बीपी मोहंती इत्यादि शामिल हैं।

### वंचित लोगों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराए जाने को उठाए जा रहे कदम

# समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आगे लाना ही सरकार का लक्ष्य: मंत्री कंवरपाल

**स्कूल शिक्षा मंत्री ने विकसित भारत जन संवाद संकृप यात्रा कार्यक्रम में गांव कोट बसावा सिंह व डारपुर में किया जन संवाद**



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**हरियाणा** सरकार में स्कूल शिक्षा, वन, पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना ही सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार रात दिन काम कर रही है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने जगाधरी खण्ड के गांव कोट बसावा सिंह व डारपुर में आयोजित विकसित भारत जन संवाद संकृप यात्रा के दौरान लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केन्द्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और गरीब कृयाण स्वप्र को साकार करने के लिए सरकार संकृपबद्ध है। सरकार का मानना है जब तक समाज के अंतिम पड्क्षक्त में खड़े व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास नही हो जाता तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का सपना अधूरा है। इसके लिए सरकार द्वारा वंचित लोगों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में सरहानीय कदम उठाए जा रहे है। मंत्री ने कहा कि अब हरियाणा में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी इसके लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी है।

मंत्री ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। सरकार के इस निर्णय से 100 लोगों में से 60 गरीब परिवार के लोगों को नौकरियां मिल रही हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उद्देश्य प्रत्येक परिवार में चूल्हा जले इसके लिए लोगों को स्व रोजगार से जोड़ा जा रहा है। अब एक लाख रुपये से कम आय वाले परिवार के बच्चों को हरियाणा रोजगार कौशल निगम में पहले ही 30 नम्बर ज्यादा मिलेंगे और एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय के परिवार को 20 अंक अधिक मिलेंगे। हरियाणा में सात लाख परिवार ऐसे हैं जिन की आय एक लाख रुपये से कम है।

मंत्री ने कहा कि गरीब लोगों को आत्म निर्भर बनाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाकर सरकार स्व रोजगार से जोड़ रही है। ऋण उपलब्ध करवाने के लिए गांरटी सरकार दे रही है और ऋण पर जो ब्याज लगेगा वह भी सरकार देगी।

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा पहुंची गांव महमदपुर व गांव सादिकपुर में

# लोगों दी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। सढौरा/यमुनानगर

**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत सोमवार को पूर्व विधायक बलवंत सिंह द्वारा गांव महमदपुर व सादिकपुर में केन्द्र व हरियाणा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

मुख्यातिथि पूर्व विधायक बलवंत सिंह व वशिष्ठ अतिथि जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। पूर्व विधायक ने उपस्थित जन समूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है, सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा' के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आम जन तक पंहुचते हुए लोगों को और अधिक लाभ आबंटित कर रही है। जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नही था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुआ रहित हो, इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनैक्शन दिए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीब परिवार की बेटियों की शादी पर 71 हजार रुपये शगुन के रूप में दिए जा रहे है।



**विकास गीतों के माध्यम से कलाकारों ने किया ग्रामीणों को जागरूक**

**जिला** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार अमले ने सोमवार को महमदपुर व सादिकपुर गांव में आयोजित 'विकसित भारत संकृप यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रमों में' विकास गीतों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान खेतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात सांझा की।

# एनएसएस राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल





**उच्च** शिक्षा निदेशालय एनएसएस सेल हरियाणा द्वारा दस दिवसीय एनएसएस राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज में किया गया। इसमें हरियाणा की सभी यूनिवर्सिटीज से 50 एनएसएस स्वयं सेवकों, चार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

केयू से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीन और 17 एनएसएस स्वयं सेवकों का चयन हुआ था। यह शिविर 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज में लगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीन और डॉ सिद्धांत ने बताया गया कि वहां पर रिवर क्रॉसिंग, स्किंग, नॉट प्रैक्टिस, माउंटरिंग ट्रैनिंग और कई प्रेरक व्याख्यान, माउंटरनिंग स्क्रिस के बारे में अच्छे से सिखाया गया। इसके अलावा स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। दस दिनों के शिविर में स्वयं सेवकों ने सभी साहसिक गतिविधियों में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि के बतौर पर चीफ इंचार्ज ऑफ अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स सेंटर के मिस्टर लुधिर सैन ने शिरकत की।

## संक्षिप्त समाचार

### सैन चौक बनाने से समाज की काफी पुरानी मांग पूरी हुई



संत शिरोमणि सैन महाराज की रैली के जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाते राजीव जैन।

**सोनीपत।** बहालगढ़ रोड पर स्थित सेक्टर 7 के चौक का नामकरण सैन महाराज के नाम पर किया गया है। नव निर्मित चौक का उद्घाटन मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने रिबन काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। भाजपा नेता ने जींद में होने वाली संत शिरोमणि सैन महाराज की रैली में जाने वाले काफिले को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजीव जैन ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान तीनों राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत की बधाई देते हुए सैन समाज के लोगों को मिठाई बांटी और संत शिरोमणि सैन महाराज जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार सैन महाराज की जयंती सरकार द्वारा जींद में मनाई जा रही है, इससे सैन समाज की शिक्षाएं एवं प्रेरणाएं सर्व समाज में फैलेगी। राजीव जैन ने कहा कि चौक बनाने से समाज की काफी पुरानी मांग पूरी हुई है और भाजपा शासनकाल में सैन समाज की सब्जी मंडी के पास स्थित धर्मशाला में आर्थिक सहयोग देकर निर्माण कार्य करवाया गया था।

### विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा के द्वारा चलाए गए ड्रग डी एडिक्शन अवेयरनेस कैंपेन के अन्तर्गत विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के पूर्ण कार्यान्वयन को सक्षम करने और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम के माध्यम से इसके उल्लंघन से लड़ने के लिए 17 मार्च 1986 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो बनाया गया था। हरियाणा में इसकी स्थापना 25 अगस्त 2020 को हुई, इसका मुख्यालय मधुबन में है। नारकोटिक ड्रग्स पर एकल रोकथाम, साइकोट्रॉपिक पदार्थों पर रोकथाम और नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों में अवैध यातायात के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के तहत भारत की संधि दायित्वों को पूरा करने के लिए कानून स्थापिह्नत किया गया था। इस संगठन में भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा और अर्धसैनिक बलों से सहयोग लिया जाता है। उन्होंने बताया कि नशा दो प्रकार का होता है एक प्रकार तो वह है जिसे अंतर्गत शराब, सिगरेट, तंबाकू का सेवन किया जाता है और दूसरा प्रकार वह है जिसमें अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन व कोकेन जैसे घातक नशीले पदार्थ शामिल हैं।

### देश के दिल में बसे हैं नरेंद्र मोदी: चुघ

# विधानसभा चुनाव ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को नकारा

पायनियर समाचर सेवा। चण्डीगढ़/जालंधर

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री तरुण चुघ ने विधानसभा चुनाव के परिणाम पर खुशी जताते हुए चारों राज्यों के मतदाताओं को धन्यवाद दिया है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता के दिल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। मोदी जी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं का सेवाभाव पर जनता ने अपना विश्वास जताया।

चुघ ने कहा कि सेवा ही संगठन की भावना से ओत-प्रोत भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक, सुव्यवस्थित और सेवाभावी स्वरूप में अभूतपूर्व जीत दिलाई है। गृहमंत्री अमित शाह जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में चारों राज्यों में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी महती भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान रूपी महायज्ञ में एक-एक कार्यकर्ताओं ने समर्पण भाव से परिश्रम किया है। इसके लिए पार्टी की बूथ कमेटी से लेकर केन्द्रीय नेतृत्व को धन्यवाद।

चारों राज्यों की जनता ने कांग्रेस की तुष्टिकरण को ओर आम आदमी पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी जी के राष्ट्रवाद और विकासवाद को स्वीकार कर लिया है। मतदाताओं ने स्पष्ट संकेत दे दिया है विकसित और सुरक्षित भारत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव है।

### प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज में छूट के साथ बकाया राशि में मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट

**सोनीपत।** नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि नगर निगम की सीमा में आने वाले उन संपतिकरदाताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं, जिन्होंने काफी समय से अपना संपतिकर नगर निगम कोष में जमा नहीं करवाया है। उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद भी अगर जो संपतिकर दाता अपना संपतिकर जमा नहीं करवाता तो उसकी संपति को नगर निगम एक्ट 1994 धारा के अंतर्गत सीलिंग किया जा रहा है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। निगमायुक्त ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को संपतिकर से संबंधित विवरण जैसे नाम, एरिया, वर्ग इत्यादि में कोई त्रुटि है तो वह ऑनलाइन पोर्टल या नगर निगम कार्यालय में स्थित नगर सुविधा केन्द्र (सीएफसी) में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा संपत्तिकरदाता नगर निगम एरिया में अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की गई है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना अधीन तख्त श्रीहजूर साहिब के दर्शन कर लौटा 200 श्रद्धालुओं का जत्था

### पहल के लिए पंजाब सरकार को दिया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



**पंजाब** सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों की मुफ्त यात्रा करवाने की विशेष पहल मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 27 नवंबर को जालंधर से रवाना हुए 200 तीर्थयात्री तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र के दर्शन के बाद कल रात यहां लौट आए।

दोपहर करीब एक बजे ट्रेरल गाड़ी से लौट रहे श्रद्धालुओं के जत्थे का एसडीएम गुरसिमरन सिंह व मेजर डा.इरविन कौर ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पंजाब पर का जोरदार स्वागत किया।तीर्थयात्रा से लौटे तीर्थयात्रियों ने पंजाब सरकार की पहल की सराहना की और मुख्यमंत्री भगवंत मान का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।जत्थे में शामिल अर्जन नगर, मिट्ठू बस्ती के श्रद्धालु गुरविंदर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार की इस पहल से उन्हें पहली बार श्री हजूर साहिब के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है, जिसके लिए वह हमेशा रहेंगे सरकार के आभारी रहेगे।एक अन्य श्रद्धालु, नकोदर के गांव कांगना की तलविंदर कौर ने कहा कि वह पंजाब सरकार के आभारी है, जिन्होंने पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन करवाने के लिए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल की बदौलत वे बिना किसी खर्च के धार्मिक स्थल की यात्रा कर पाए है।अन्य तीर्थयात्रियों ने भी देश भर में पवित्र स्थानों की यात्रा के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए भगवंत मान सरकार को धन्यवाद दिया। बता दे कि मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत खाना-पीना, यात्रा खर्च, जिसमें ए.सी.ट्रेन और आवास सहित, पंजाब सरकार द्वारा किया जाएगा।

# आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ने 'कुटुंब' का 15वां चैप्टर पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** की सबसे तेजी-से बढ़ती डिजिटल फर्स्ट होम फाइनेंस कंपनी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड और एशियाई विकास बैंक ने संयुक्त रूप से 'कुटुंब' कार्यक्रम के 15वें चैप्टर और एशियाई विकास बैंक के साथ दिल्ली में लगातार एक के बाद एक 10वें चैप्टर की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में भारत के किफायती आवास क्षेत्र के भीतर ग्रीन बिल्डिंग ईको-सिस्टम (हरित भवन पारिस्थितिकी तंत्र) से जुडी चर्चाओं को प्रोत्साहित करने पर सबसे ज़्यादा ध्यान केंद्रित किया गया।

आईआईएफएलहोम फाइनेंस लिमिटेड और एशियाई विकास बैंक 'महिलाओं के लिए हरित किफायती आवास हासिल करने के तरीकों में सुधार करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम करना' नामक एक तकनीकी सहायता पहल के लिए एक साथ एक मंच पर आए। यह कार्यक्रम भारत में हरित भवन, किफायती आवास और आवास तक महिलाओं की पहुंच जैसे प्रमुख क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, प्रचार-प्रसार, क्षमता निर्माण और अनुसंधान और नवाचार को मूल रूप से एक साथ एक मंच पर ले आने का काम करता है। 'कुटुंब' इवेंट भारत में ग्रीन अफोर्डेबल हाउजिंग को बढ़ावा देने और उसे आगे बढ़ाने पर आधारित अंतर्दृष्टि के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुलभ ग्रीन हाउसिंग के अवसर पैदा करना रहा है।

इस कार्यक्रम में, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, अजय जायसवाल ने कहा, एशियाई विकास बैंक के साथ हुआ यह संयुक्त कार्यक्रम भारत में लागत प्रभावी, पर्यावरण के अनुकूल आवास के परिदृश्य को समझाने में खास तौर से सफल हुआ है।

# भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का परिणाम: रेखा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश सचिव रेखा वाल्मीकि।

**भाजपा** महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश सचिव रेखा बाल्मीकि ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की हुई भव्य जीत पर कहा कि देश में एक ही गारंटी चलती है और वो है प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी। तीनों राज्यों की जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का परिणाम है।

प्रधानमंत्री ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान से देश के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। रेखा बाल्मीकि ने कहा कि लोगों के मन में पीएम मोदी बसे हैं और मोदी के मन में लोग बसें हैं। प्रधानमंत्री मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं। पूरा देश पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। देश को विकसित बनाने के लिए मोदी के संकृप में देश की जनता शामिल होना और समर्थन करना चाह रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कृयाण नीतियों और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की योजना और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की संगठनात्मक कुशलता का परिणाम है कि जनता कमल पर बार-बार विश्वास जता रही है। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन के मूल मंत्र पर चलते हुए भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर तक मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं को पहुंचा रहे हैं।

# बैटल ऑफ माइंड्स-इंडियन आर्मी क्विज 2023 का शानदार फिनाले

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** सेना अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम बैटल ऑफ माइंड्स-इंडियन आर्मी क्विज 2023 के साथ कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 25वीं सालगिरह का जश्न मना रही है, इस कार्यक्रम का समापन 3 दिसम्बर 2023 को दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में फाइनल राउण्ड के साथ हुआ।

चार महीने तक चली इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता को शानदार प्रतिक्रिया मिली, जिसमें देश भर से 32000 से अधिक स्कूलों ने हिस्सा लेकर इसे देश की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक क्विज प्रतियोगिता बना दिया। बैटल ऑफ माइंड्स- इंडियन आर्मी क्विज 2023 सेंट जॉन्स स्कूल बी एल डबल्यू वाराणसी विजयी रहा। इसअवसर पर राजीव चन्द्रशेखर, केन्द्रीय विद्युत एवं सूचना प्रोद्यौगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ जनरल मनोज पाण्डे, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ एवं अर्चना पाण्डे, प्रेजीडेन्ट एडब्ल्यूडब्ल्यूए ने टीमों को सम्मानित किया। प्रतिभागियों को नकद राशि, प्रमाणपत्र, टैबलेट और विजेता टीम को मिनी स्कूल बस से सम्मानित किया गया। कारगिल विजय दिवस की 25वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में इस क्विज प्रतियोगिता ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की जीत का जश्न मनाया और उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की, जिनके समर्पण और साहस की वजह से देश को यह जीत मिली। इस पहल की शुरूआत इसी साल अगस्त में हुई थी, जब 32,441 स्कूलों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया। प्रतियागिता के तहत देश भर में ऑनलाईन और ऑफलाईन राउण्ड हुए, जिसमें क्वार्टर और सेमी-फाइनल्स भी हुए। हर स्कूल से 10 से 16 वर्ष के 4 छात्रों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मुख्य बिन्दु थे, इनॉग्रल ऑनलाईन राउण्ड, जिसमें अगले राउण्ड के लिए 3600 स्कूल क्वालिफाय हुए। देश भर में 12 स्थानों पर क्वार्टर फाइनल हुए, उत्तर में श्रीनगर से लेकर दक्षिण में बैंगलुरू, पूर्व में नारंगी और गुवाहाटी तथा पश्चिम में कोटा तक प्रतियोगिताएं हुईं। कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की जीत के उपलक्ष्य में सात अक्टूबर 2023 को कारगिल वार मैमोरियल पर फिजिकल मोड में स्पेशल कोमेमोरेशन राउण्ड हुआ। स्पेशल राउण्ड में 12 स्थानीय स्कूलों ने हिस्सा लिया, जहां स्थानीय छात्रों को वार मैमोरियल पर युद्ध नायकों की अमर मौजूदगी में प्रतियोगिता का अवसर मिला।

# राजस्थान चुनाव में जमानत जब्त होने वाली पार्टी बनी दुष्यंत की जजपा

## आधे से ज्यादा प्रत्याशियों को मिले नोटा से भी कम वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**ना** खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम,ना इधर के रहे ना उधर के रहे, किसी शायर की ये पंक्तियां राजस्थान चुनाव के ताजा परिणामों के बाद हरियाणा की जननायक जनता पार्टी के संदर्भ में सटीक बैठती दिखाई दे रही है। हरियाणा की राजनीति में बिल्ली के भागों छींका टूटने वाली चरितार्थ हुई उक्ति के चलते मात्र दस विधायकों के बल पर हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा के साथ गठबंधन कर सत्ता सुख भोग रही जजपा ने हरियाणा भाजपा में अपने प्रति बढ़ते रोष व हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में भी सत्ता की भागीदारी की गर्ज से राजस्थान विधान सभा चुनाव में जोर-शोर से ताल ठोक दी थी। लेकिन राजस्थान की जनता ने जजपा को सिरे से नकारते हुए उसके सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त करवाकर उसे राजस्थान में जजपा की जगह जमानत जब्त पार्टी बना दिया।

विदित रहे कि 25 सितंबर को जननायक चौधरी देवी की जयंती के अवसर पर सीकर में एक विशाल रैली कर जजपा ने राजस्थान की राजनीति में जगह बनाने के प्रयासो की शुरुआत कर दी थी। इन्ही प्रयासो को आगे बढ़ाते हुए जजपा ने भाजपा के सहयोग से चुनाव लड़ने की योजना बनाई, लेकिन भाजपा द्वारा गठबंधन में चुनाव लड़ने से इंकार करने के बाद जजपा ने अकेले ही राजस्थान में चुनाव लड़ने का फैसला कर 26 प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की घोषणा कर दी। लेकिन जजपा के चुनावी अभियान उस समय ग्रहण लगता दिखाई दिया जब उसके 7 प्रत्याशियों ने चुनाव से पहले चुनाव का मैदान छोड़ दिया। प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने से पहले


दुष्यंत चौटाला।

ही चुनावी मैदान छोड़ने की घटना ने जजपा को बैकफुट पर धकेलने का तो काम किया ही था बाकी रही सही कसर राजस्थान की जनता ने भी उनके सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त करवा पूरी कर दी। राजस्थान चुनाव में जजपा को किस कदर मुहं की खानी पड़ी इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उसके एकमात्र प्रत्याशी नंदकिशोर को ही फतेहपुर विधान सभा से 23851 प्राप्त हुए और उसे भी नंदकिशोर का व्यक्तिगत वोट बैंक माना जा रहा है। इसके अलावा जजपा के आधे से ज्यादा प्रत्याशी एक हजार से कम और कुछ को नोटा से भी कम वोट मिले और कुछ प्रत्याशियों को तो 500 से भी कम वोट मिले है।

इन सबसे बढ़कर राजस्थान चुनाव परिणामों के बाद जजपा को जिस बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है वह यह है कि जिन 19 सीटों पर जजपा ने अपने प्रत्याशी उतारे थे उन जगहों की 10 सीटों पर भाजपा को कांग्रेस से हार का सामना करना पड़ा जिसको लेकर भाजपा हाईकमान भी जजपा से नाखुश बताया जा रहा है।

हरियाणा में गठबंधन के नाम पर सत्ता की मलाई खाने के आरोपों के चलते भाजपा नेताओं का विरोध झेल रही जजपा का अब हरियाणा भाजपा में मुखर विरोध होना तय माना जा रहा है। दूसरी तरफ जजपा का एक बड़ा वोट बैंक जजपा से पहले ही इसलिये खफा है क्योंकि जजपा ने भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़कर चुनाव जीतने के बाद भाजपा से ही गठबंधन कर सत्ता में अपनी भागीदारी कर ली थी। अब यदि ऐसे में भाजपा ने जजपा से किनारा कर लिया तो जजपा के लिए अकेले दम पर हरियाणा में लड़ाई लड़ना मुश्किल काम हो जायेगा। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजस्थान में सत्ता की चाबी बनने के लालच में बिना तैयारियों के राजस्थान में चुनाव लड़ना अब दुष्यंत के लिए आत्मघाती कदम साबित होने जा रहा है। माना जा रहा है कि अपने इस अति-उत्साही कदम से दुष्यंत राजस्थान में तो सत्ता की चाबी नही बन पाये लेकिन उनके इस कदम से अब हरियाणा में उनकी दुकान बंद होने की नौबत आ सकती है।

# कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर निगम में शुरू की भूख हड़ताल

### मुख्य सचिव ने सीएम की लंबित घोषणाओं को लेकर उपायुक्तों के साथ की विडियों काफ्रेंस

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


नगर निगम में भूख हड़ताल पर नपा कर्मचारी संघ के सदस्य।

**नगर** पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर नगर निगम सोनीपत के इकाई के प्रधान भारत कंडेरा की अध्यक्षता में भूख हडताल शुरू की।

मंच संचालक इकाई सचिव राजा भाई ने किया। नगर पालिका एवं अग्निशमन कर्मचारी के प्रति सरकार की बेरुखी, वायदा खिलाफी, तानाशाही व गुरुग्राम के 3480 सफाई कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, समझोते को लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को 24 घंटे की क्रमिक भुख हड़ताल की शुरुआत की गई। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रेस सचिव राजीव खत्री व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान देशराज नैन, जिला सचिव सुनील दत्त, सोनीपत ब्लाक के प्रधान आनन्द हुड्डा, पूर्व प्रधान राममेहर शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 29 अक्टूबर और 5 अप्रैल को संघ से वार्ता के दौरान दर्जनों मांगों पर सहमति जताई थी, लेकिन आज तक मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए गए।

सरकार ने 8 फरवरी को सफाई कर्मचारी व सीवरमैनों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से वर्षों से लगे अनुबंध सफाई कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर नियमित नियुक्ति करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन आज तक इस पत्र को लागू नहीं किया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने का पत्र जारी नहीं किया गया तथा एक हजार सभी सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता भत्ता देना तय हुआ था, लेकिन सरकार ने उसमें कुछ कर्मचारियों को देने की बात कही है, जो एक तरफा घोषणा है। फायर के कर्मचारियों को भी एक हजार जोखिम बता देने का निर्णय हुआ था, जो अभी तक लागू नहीं किया गया, वर्दी बता देते हुए फायर कर्मचारियों के साथ सरकार ने नाइंसाफी की है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में छंटनी के खिलाफ दो महीने से चल रहे आंदोलन का कोई भी समाधान नहीं किया गया। अगर सरकार समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा आने वाले समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा फैसला भी ले सकता है।

# राष्ट्रवादी तथा विकासवादी सोच पर जनता ने अपना संदेश दिया है: नांदल

### देश व प्रदेश में बनेगी तीसरी बार भाजपा सरकारः अभिनंदन

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक


भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते भाजपा नेता।

**तीनो** राज्यों में शानदार जीत प्रधान मंत्री मोदी व भाजपा की नीतियों की जीत है प्रधान मंत्री मोदी विकास के साथ-साथ विरासत का संवर्धन भी कर रहे है।चंद्र यान मिशन तथा जी-20 की मेजबानी कर भारत का मान बढ़ाया है ये जीत मोदी जी के भरोसे की जीत है। राजस्थान जीत के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सतीश नांदल ने कहा कि से वापिस आय के विकास के लिए केंद्र के साथ बेहतर समन्वय आवश्यक है इसलिए देश डबल इंजन की सरकार की और बढ़ रहा है। सतीश नांदल ने कहा कि देश की जनता ने जात पात की राजनीति को नकार दिया है तथा मोदी जी के विजन से देश को एकता के सूत्र बांधने वाले मंत्र सबका साथ सबका विकास का दृष्टिकोण को एक बार फिर प्रमाणित किया।

उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी जी पहले कहीं अधिक बड़े जनादेश के साथ तीसरी बार प्रधान मंत्री बनेंगे। विपक्षी दल झूठी गारंटी देते घूम रहे हैं जबकि देश की जनता को मोदी की गारंटियों पर विश्वास है इन तीन राज्यों छत्तीस गढ़, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में भाजपा को मिली प्रचण्ड जीत इसका जीता जागता उदहारण है। सतीश नांदल ने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां भी विपक्षी पार्टियों की सरकार है वहां वहां की सरकार मोदी की जन-कल्याणकारी योजनाओ में रोड अटका कर जनता को उनके हक से महरूम करने का काम कर रहे है। अब जनता इनकी चालों को समझ चुकी। तीन राज्यों का जनादेश ये स्पष्ट संदेश दे रहा है की अब विकास विरोधी लोगो के लिए जनतंत्र में कोई स्थान नहीं है।

# राजस्थान के रण में हार से जेजेपी पर हमलावर हुए भाजपा नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी जेजेपी को कोई सीट न मिलने के बाद भाजपा नेता जेजेपी पर हमलावर हो गए है। जहा लंबे समय से जेजेपी से भाजपा का गठबंधन तोड़ने की सलाह देते आ रहे भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने एक बार फिर जेजेपी के भाजपा में विलय या फिर गठबंधन से बाहर होने की सलाह दी है। इसी बीच हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी और जेजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी अब जेजेपी बन गई है।पांच राज्यों की 700सीटो पर आम आदमी पार्टी की जमानत जब्त हुई है। यानी कि यह जमानत जब्त पार्टी बन गई है।

राजस्थान के चुनावी रण में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को मिली करारी शिकस्त पर हरियाणा के डिप्टी सीएम और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने सफाई दी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को जो उम्मीद थी, उसके मुताबिक पार्टी को परिणाम हासिल नहीं हो सके हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को राजस्थान की जनता ने नकार दिया है. जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने पहली बार राजस्थान में 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन जेजीपी का वहां एक कार्यकर्ता या बूथ एजेंट तक नहीं था। इसके बावजूद जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) वहां पर साठ हजार लोगों के वोट हासिल करने में कामयाब हुई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जब भी कोई नई शुरुआत होती है तो वो बीज लगाने से होती है. अगर किसी को पेड़ लगाना है तो उसे पहले बीज से शुरुआत करनी होगी. तब कही जाकर पूरा पेड़ लगेगा. इसी तरह जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने राजस्थान में पहली बार चुनाव लड़ा और हमने बीज से शुरुआत की है।

### भ्रष्टाचार को खत्म करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है : कल्याण

**करनाल।** घरौंडा हल्के के गांव पनौड़ी व कैमला में विकसित भारत संकल्प यात्रा संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत कर नई दिशा देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं हर वर्ग के लिए कारगर साबित हो रही है, वर्तमान सरकार की शिक्षा नीति बेहतर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली मैं नौकरियों के मामले में पर्ची व खर्ची पर पूरी तरह से लगाम लगी है। इसी तरह अन्य कार्यों में भी भ्रष्टाचार को खत्म करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कल्याण ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना व अंतिम श्रेणी तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना मुख्य रूप से है।

# घोषणों को लेकर किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी : संजीव कौशल


मुख्य सचिव की वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेते जिला उपायुक्त।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सीएम की लंबित घोषणाओं को लेकर होने वाले कार्यों से संबंधित जमीनी मामलों को लेकर प्रदेश के उपायुक्तों की बैठक लेकर उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारण सीएम घोषणा से संबंधित कार्य नहीं करवा जा सकता तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय भेंजे, ताकि उच्च अधिकारियों से बातचीत कर उस घोषणा को नोट फिजिबल की श्रेणी में रखा जाए। इन घोषणों को लेकर किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। वीसी के दौरान उपायुक्त मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री द्वारा भैंसवाल कलां, बरोदा, गन्नौर, जाखौली में राजकीय महिला कॉलेज बनाने की घोषणा के संदर्भ में जानकारी दी कि भैंसवाल कलां की रिपोर्ट पंचायत विभाग मुख्यालय भिजवा दी है। इसके अलावा अन्य की रिपोर्ट अगले 15 दिन तक पंचायत विभाग मुख्यालय को भिजवा दी जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने जाट जोशी में बनने वाले बस अड्डे के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी दी।

वीसी के बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें, ताकि इन कार्यों को निश्चित समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जहां पर जमीन की जरूरत है, वहां संबंधित पंचायतों के साथ अधिकारी बैठक करके मामले को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाएं।

# पोर्टल के माध्यम से जनता का कीमती समय जाया हो रहा है : सतीश गर्ग


पार्टी की नीतियों का प्रचार करते हुए सतीश गर्ग।

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**जिला** इनेलो अध्यक्ष शहरी सतीश गर्ग ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ गांव मुंदड़ी, नैना, खनौदा, बंदराना आदि गांवों में जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। सभी पार्टी कार्यकताओं को 6 दिसंबर को आरकेएम फार्म कैथल में आने के लिए दिन न्योता दिया। इस दिन पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को आईएसओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अर्जुन चौटाला संबोधित करेंगे। गर्ग ने बताया कि भाजपा जनविरोधी नीतियों बना कर किसानों मजदूरों, व्यापारियों की अनदेखी कर रही है। पोर्टल के माध्यम से जनता का कीमती समय जाया हो रहा है। साथ में रिकॉर्ड में हेराफेरी करके लूटा जा रहा है। अतीत से चली आ रही जन कल्याणकारी नीतियों से प्रदेश की जनता वंचित हो जाएगी।

उद्योग कारखाने बंद होने के कगार पर है। युआ विदेश जाने को मजबूर हैं। आज भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। लाखों स्वीकृत सरकारी पद खाली पड़े हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस बारे तुरंत संज्ञान ले।

### सोनीपत जिले के तीन हजार लाभ पात्रों को एक साथ वृद्धावस्था पेंशन की मंजूरी

**चंडीगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद कार्यक्रम से जोड़ा है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला सोनीपत में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लाभ पात्रों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री ने जिले के 3000 नये लाभापात्रों की एक साथ पेंशन स्वीकृत की। मनोहर लाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा-समाज सेवा व मानव सेवा के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संकल्प लिया है और उसी भावना पर चलते हुए पिछले 9 वर्षों से लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे हरियाणा की 2.80 करोड़ जनसंख्या को अपना परिवार मानते हैं और परिवार के मुखिया के नाते उनके हर दुख-तकलीफ को दूर करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले बुढ़ापा पेंशन का लाभ लेने के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, फिर भी उनकी पेंशन नहीं बनती थी।

# स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत ड्रग्स व पेस्टिसाइड फ्री इंडिया की थीम लेकर एनएसओ की यात्रा पहुंची करनाल, हुआ स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल




**नेशनल** सोशल ऑर्गेनाइजेशन के नेतृत्व में चलाई जा रही के.टू.के. वॉक फॉर हेल्थी इंडिया पद यात्रा श्रीनगर से जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़ से करीब 900 किमी का सफर तय करके करनाल पहुँच गई है।

स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत ड्रग्स फ्री इंडिया - पेस्टिसाइड फ्री इंडिया की थीम लेकर चल रहे दीपक यादव व हीरालाल महावर का क्रिकेटर सुमित नरवाल व एएसपी सोनू नरवाल द्वारा स्थानीय रोड धर्मशाला के बाहर भव्य स्वागत किया गया व नशामुक्त भारत की इस मुहिम की सहारना की गयी।पद यात्रा धर्मशाला से चलकर बाज़ार के रास्ते से महाराणा प्रताप चौक से नामस्ते चौक पहुची, जिसमे युवा साथी पैदल चलकर साथ गये और नमस्ते चौक से पानीपत की ओर रवाना हुए ।

पद यात्रा में संस्था के मुख्य सलाहकार सरदार हरमिन्दर सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर एनएसओ टीम से प्रदीप मेहला, कुलदीप प्योंत, आकाश शर्मा, विश्वास वालिया, सनी छिक्कारा, रवीन्द्र मलिक, भूषण शर्मा, यशपाल, मोहित रोहिला, सचिन शर्मा, सिमरन नागपाल, शालु राणा, बट्टा सिंह, किमतिलाल, भारत मक्कड़, जतिन कुमार, अभिषेक, ज्योति, गरिमा शर्मा, शालु कुमारी, प्रतीक्षा, चींकी, ईशा आदि पद यात्रा में शामिल रहे रहें।

## भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह से आढ़ती किसान व कामगार की विरोधी है : सतबीर

**कैथल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह से आढ़ती, किसान व कामगार की विरोधी है। इन तीनों वर्गों को परेशान करने के लिए बार-बार कोई न कोई नया हथकंडा तलाशना प्रदेश सरकार की आदत में शुमार हो चुका है। सतबीर भाणा हलके के विभिन्न गांवों में कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रहे थे। इसके बाद ढांड में पंचमुखी चौक पर स्थित कार्यालय में एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए सतबीर भाणा ने आरोप लगाया कि किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा व फसल बीमा के क्लेम दिलाने में विफल रहने वाली सरकार आढ़तियों का कमीशन रोके हुए है, जबकि कामगारों को मजदूरी भी जारी नहीं कर रही। प्रदेश में धान की सरकारी खरीद 20-25 दिन पहले बंद हो चुकी है। इसके बावजूद आढ़ती अपनी कमीशन के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं, तो धान की सफाई से लेकर लोडिंग-अनलोडिंग करवाने में पसीना बहाने वाले कामगारों की आंखें मजदूरी की आस में पथराने लगी हैं। सरकार का किसान, आढ़ती व कामगार विरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को अभी तक जुलाई महीने में बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा भी प्रदेश सरकार ने नहीं दिया है।

# हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स ग्लासवेयर का चेहरा बने कार्तिक आर्यन

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार

**दोस्ती** अप्रत्याशित रूप से पनपती है, फिर चाहे किसी पुराने दोस्त से दोबारा मुलाकात हो, एक से शौक के लिए किसी पड़ोसी से जुड़ाव हो, या फिर किसी नए शहर में एक अजनबी से संपर्क हो। अक्सर हमें पता भी नहीं चलता कि अपने यारों के साथ अपने संपर्क को बनाए रखने के लिए हम कितना आगे तक चले जाते हैं, और ये दोस्ती हमें बढ़ने, सीखने और उन पहलुओं की खोज करने में कितनी मदद करती हैं, जिनके बारे में हमने कभी सोचा भी नहीं था। इसी को हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स ग्लासवेयर ने प्तयारों वाली बात नाम दिया है। यारों वाली बात एक हृदयस्पर्शी संबंध की अभिव्यक्ति है, जो न केवल अपनी मौजूदा दोस्ती, बल्कि नई मुलाकात से पनपती दोस्ती की असीमित संभावनाओं का चित्रण कर रहा है। इसी भावना को जीवंत कर रहे हैं, हमारी पीढ़ी के सबसे अच्छे यार - कार्तिक आर्यन। कार्तिक आज की पीढ़ी की डायनामिक्स का प्रतीक हैं, जिनकी मौजूदगी से न केवल ब्रांड का आकर्षण बढ़ेगा, बल्कि दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव भी विकसित होगा। कार्तिक किरदार में जान फूंक देते हैं और इस टीवीसी के लिए उन्होंने न केवल आईएसएल (इंडियन साईन लैंग्वेज) सीखी, बल्कि इसे टीवीसी के लिए परफेक्ट भी बना दिया।जैसे हम अपने दोस्तों के साथ सीमाओं को भूल जाते हैं, वैसे ही कार्तिक आर्यन हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स ग्लासवेयर के लिए अपनी नई कैम्पेन फिल्म में अपनी 'यारों वाली बात' का चित्रण कर रहे हैं। वो अपनी फिल्मों के एक लोकप्रिय दृश्य को फिर से जीवंत कर अपने यार के प्रति अपने भावों का प्रदर्शन करने के लिए विशेष संकेत सीख रहें हैं। वो साईन लैंग्वेज़ द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनका दोस्त, जो हियरिंग इंपेयर्ड है, वो उनके साथ खास और जश्न में शामिल महसूस करे। यह कैम्पेन इस बात पर बल देता है कि कभी-कभी छोटे-छोटे और अर्थपूर्ण संकेतों की मदद से असीमित संभावनाएं निर्मित हो सकती हैं। इस कैम्पेन में यह चित्रण भी हो रहा है कि समावेशन हर दोस्ती का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

# प्रदेश उत्तर भारत की लोक कला के संरक्षण का केंद्र बनेगा: संजीव कुमार धूपर

## सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष ने किया चारपाई कार्यशाला का अवलोकन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**विरासत** उत्तर भारत की लोककला के संरक्षण का केन्द्र बनेगा, विरासत जिस प्रकार चारपाई कला को संरक्षित कर युवा पीढ़ी से जोड़ने का काम कर रहा है, उसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। चारपाई के साथ-साथ उत्तर भारत की अनेक लोककलाओं को विरासत संरक्षित कर एक ऐसे केन्द्र के रूप में उभरेगा जिसकी अपनी अलग पहचान बनेगी।

यह उद्गार सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार धूपर ने हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित विरासत में चल रही पांच दिवसीय चारपाई बुणाई कार्यशाला का अवलोकन करने के पश्चात कहे। उन्होंने कहा कि चारपाईयों के अलग-अलग आकार


चारपाई कार्यशाला का अवलोकन करते सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजीव कुमार धूपर।

एवं प्रकार के साथ विभिन्न प्रकार के डिजाईनों की डॉक्यूमेंटेशन विरासत में की जा रही है वह वास्तव में लोककला का खजाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी पुरातन संस्कृति से रूबरू होना चाहिए और लोक पारंपरिक काम-धन्धों के प्रति जागरूकता दिखानी चाहिए। पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कृति का स्थानान्तरण ही भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। धूपर ने कहा कि भारतीय पुरातन संस्कृति विविधताओं का खजाना है। विरासत हेरिटेज विलेज इस खजाने को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इससे पूर्व विरासत में चारपाई कार्यशाला के संयोजक डॉ. महा सिंह पूनिया ने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पगड़ी के साथ स्वागत करते हुए विरासत की भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने चारपाईयों से जुड़ी हुई बुणाई कला के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव राणा, स्थानीय प्रबंधक आरएस दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 2022 में हत्या के 28,522 मामले दर्ज, रोज 78 मामले आए सामने: एनसीआरबी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में 2022 में हत्या के मामलों की कुल 28,522 प्राथमिकी दर्ज की गई यानी रोजाना 78 मामले या प्रति घंटे तीन से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एनसीआरबी ने बताया कि 2021 में 29,272 और 2020 में 29,193 मामले दर्ज किए गए थे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाले एनसीआरबी की वार्षिक अपराध रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में हत्या का सबसे बड़ा कारण विवाद था। देश में 9,962 मामलों में हत्या का कारण विवाद रहा। इसके बाद 3,761 मामलों में निजी प्रतिशोध या दुश्मनी और 1,884 मामलों में लाभ के लिए हत्या की गई। एनसीआरबी के अनुसार, देश में प्रति लाख जनसंख्या पर हत्या की दर 2.1 थी, जबकि ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 81.5 थी। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में हत्या के मामलों में सबसे अधिक प्राथमिकी उत्तर प्रदेश में दर्ज की गईं। उत्तर प्रदेश में इन मामलों में 3,491 प्राथमिकी दर्ज की गईं। इसके बाद बिहार (2,930), महाराष्ट्र



(2,295), मध्य प्रदेश (1,978) और राजस्थान (1,834) में प्राथमिकी दर्ज की गईं। देशभर में हत्या के कुल मामलों में से इन शीर्ष पांच राज्यों में 43.92 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए।

### सबसे कम मामले इन राज्यों में सामने आए

**एनसीआरबी** के अनुसार, जिन राज्यों में हत्या के मामलों की सबसे कम प्राथमिकी दर्ज की गईं, उनमें सिक्किम (नौ), नगालैंड (21), मिजोरम (31), गोवा (44), और मणिपुर (47) शामिल हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2022 में हत्या के 509 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद जम्मू-कश्मीर (99), पुडुचेरी (30), चंडीगढ़ (18), दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव (16), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (सात), लद्दाख (सात) और लक्षद्वीप (शून्य) में मामले दर्ज किए गए।

### सबसे अधिक मामले झारखंड में सामने आए

**पूरे** भारत में 2022 में हत्या की दर झारखंड (चार) में सबसे अधिक थी। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश (3.6), छत्तीसगढ़ और हरियाणा (दोनों 3.4), असम (तीन) और ओडिशा (तीन) में हत्या की दर सबसे अधिक रही। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश (1.5), बिहार (2.3), महाराष्ट्र (1.8), मध्य प्रदेश (2.3) और राजस्थान (2.3) का प्रदर्शन बेहतर रहा। एनसीआरबी के अनुसार, हत्या संबंधी मामलों के पीड़ितों में 8,125 महिलाएं और नौ तृतीय लिंगी व्यक्ति थे जबकि लगभग 70 प्रतिशत पीड़ित पुरुष थे।

## उड़ान योजना के तहत 1.30 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की

एजेंसी। नई दिल्ली

**नागर** विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि उड़ान योजना के तहत देश भर में अब तक 1.30 लाख यात्रियों ने विमान से यात्रा की है और 2030 तक देश में कुल हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 42 करोड़ हो जाने का अनुमान है।

सिंधिया ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, उड़ान योजना के तहत 1.30 लाख लोगों ने हवाई यात्रा की जिन्होंने कभी विमान में यात्रा करने के बारे में सोचा भी नहीं होगा।

नागर विमानन मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) की चर्चा करते हुए कहा कि इस योजना के लागू होने के बाद देश के वायु मानचित्र पर 76 नए हवाई अड्डे जुड़ गए हैं। महाराष्ट्र के नांदेड़ हवाई अड्डा का जिक्र करते हुए सिंधिया ने कहा कि वह राज्य सरकार का हवाई अड्डा है जिसे उसने एक निजी कंपनी को दे दिया था।

# हार का गुस्सा छोड़ सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े विपक्ष: मोदी

कहा, पिछले नौ सालों की नकारात्मकता को पीछे छोड़ें

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी दलों से आग्रह किया कि संसद के शीतकालीन सत्र में वे विधानसभा चुनावों में मिली पराजय का गुस्सा ना निकालें बल्कि उससे सीख लेते हुए पिछले नौ सालों की नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़ें, तभी उनके प्रति लोगों का नजरिया बदल सकता है।

सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यदि विपक्षी दल विरोध के लिए विरोध का तरीका छोड़ दें और देश हित में सकारात्मक चीजों में साथ दें तो देश के मन में उनके प्रति आज जो नफरत है, हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों को बहुत ही उत्साहवर्धक करार देते हुए उन्होंने कहा, देश ने नकारात्मकता को नकारा है। चार में तीन राज्यों में भाजपा ने रविवार को भारी बहुमत से जीत हासिल की। मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य में उसने सत्ता में वापसी की वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में सफल रही। तेलंगाना में भले ही भाजपा सत्तासीन होने में विफल रही लेकिन दक्षिणी राज्य में उसने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मैं वर्तमान चुनाव नतीजे के आधार पर कहूं तो विपक्ष में जो बैठे हुए साथी हैं उनके लिए यह स्वर्णिम अवसर है। इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले नौ साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर, इस सत्र में अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा। मोदी ने कहा कि वे (विरोधी दल) विपक्ष में हैं, फिर भी वह उन्हें सकारात्मक सुझाव दे रहे हैं कि सकारात्मक के साथ ही हर किसी का भविष्य उज्ज्वल है और उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। कहा, लेकिन कृपा करके बाहर की पराजय का गुस्सा सदन में मत उतारना। हताशा, निराशा होगी। आपके साथियों को दम दिखाने के लिए कुछ न कुछ करना भी पड़ेगा, लेकिन कम से कम लोकतंत्र के इस मंदिर को वह मंच मत बनाइए। मोदी ने कहा कि वह अपने लंबे अनुभव के आधार पर कह रहे हैं कि आप (विपक्ष) थोड़ा सा अपना रुख बदलिए और विरोध के लिए विरोध का तरीका छोड़ दीजिए। कहा, देश हित में सकारात्मक चीजों का साथ दीजिए। जो कमियां है उन पर चर्चा कीजिए। आप देखिए, देश के मन में आज जो (विपक्ष के प्रति) नफरत पैदा हो रही है। हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए। तो मौका है यह। इसे जाने मत दीजिए।

### मोहब्बत की दुकान खोलने की बात का किया जिक्र

**उल्लेखनीय** है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अक्सर नफरत के माहौल में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से संसद सत्र में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इसी में उनकी भलाई है कि वह देश को सकारात्मकता का संदेश दें। इसलिए, हर बार में करबद्ध प्रार्थना करता रहा हूं कि सदन में सहयोग दीजिए।

आज मैं राजनीतिक दृष्टिकोण से भी कहना चाहता हूं कि आपका भी भला इसमें है कि आप देश को सकारात्मकता का संदेश दें। आपकी छवि नफरत की और नकारात्मकता की नहीं बने। लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं है। लोकतंत्र में विपक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है, उतना ही मूल्यवान है और उतना ही सामर्थ्यवान भी होना चाहिए। और लोकतंत्र की भलाई के लिए मैं फिर से एक बार अपनी ये भावना प्रकट करता हूं।

### ओडिशा में जंगली हाथी ने दो ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खुर्दा जिले में एक जंगली हाथी ने दो ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार देर रात को टांगी वन क्षेत्र में जरीतापुर गांव में हुई। मृतकों की पहचान कृष्ण चंद्र प्रधान (65) और लक्ष्मीधर बेहरा (70) के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों को सोमवार सुबह उनके शव मिले पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों लोग फसलों पर नजर रखने के लिए अपने धान के खेतों में गए थे तभी उन्होंने हाथी को फसलों को नष्ट करते हुए देखा। जब उन्होंने हाथी को भगाने का प्रयास किया तो उसने उन्हें कुचल दिया। गुस्साएं स्थानीय लोगों ने मृतकों के परिजन को उचित मुआवजा देने और उनकी फैसलों की जंगली हाथियों से रक्षा करने की मांग की।

### तुर्किए में 5.1 तीव्रता से आया भूकंप

**अंकारा।** उत्तर पश्चिम तुर्किए में सोमवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से लोग दहशत में आ गए और घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से जानमाल के नुकसान की अभी कोई सूचना नहीं है।आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी के अनुसार 5.1 तीव्रता के भूकंप का केंद्र बर्सा प्रांत के जेमलिक शहर के पास मरमारा सागर में था। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर लगभग समुद्र में नौ किलोमीटर की गहराई में आया था।

## सरकार का प्रयास डाकघरों को सेवा प्रदाता बनाना और बैंक में तब्दील करना: वैष्णव

एजेंसी। नई दिल्ली




**दूरसंचार** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने प्रासंगिकता खो रहे डाकघरों का पुनरुद्धार करते हुए इन्हें सेवा प्रदान करने वाला संस्थान बनाने और इन्हें बैंकों में तब्दील करने के लिए पिछले नौ साल में कई प्रयास किए हैं।

वैष्णव ने डाकघर विधेयक 2023 को विचार एवं पारित करने के लिए उच्च सदन में रखते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह विधेयक 125 साल पुराने डाकघर कानून में संशोधन करने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि देश भर में डाक, डाकघर और डाकिया ऐसे संस्थान है जिन पर देश की जन-जन का काफी विश्वास है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आ गया था जब लगने लगा था कि डाक और डाकघर अप्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विशेषतौर पर पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के शासन काल में इसे खत्म करने की बात होने लगी थी। वैष्णव ने कहा कि लेकिन पिछले नौ वर्ष में जिस प्रकार से डाकघर संस्थान के पुनरुद्धार के प्रयास किए गए उसकी छाप इस विधेयक में दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में डाक, डाकघर और डाकिया संस्थान को चिट्ठी बांटने के स्थान पर सेवा प्रदान करने वाले संस्थान के रूप में बदला गया है। उन्होंने कहा कि डाकघरों को व्यावहारिक रूप से एक बैंक में तब्दील किया गया है। उन्होंने कहा कि डाकघरों के विस्तार को देखें तो 2004 से 2014 के बीच 660 डाकघर बंद किए गए वहीं 2014 से 2023 के बीच में करीब 5,000 नए डाकघर खोले गए तथा करीब 5746 डाकघर खुलने की प्रक्रिया में हैं। दूरसंचार मंत्री ने कहा कि 1,60,000 डाकघरों को कोर बैंकिंग और डिजिटल बैंकिंग से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि डाकघर में बने 434 पासपोर्ट सेवा केंद्रों में अभी तक करीब सवा करोड़ पासपोर्ट आवेदनों पर समुचित कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि 13,500 डाकघर आधार सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं।

### सुकन्या समृद्धि खातों में 41 हजार करोड़ जमा

डाकघरों में तीन करोड़ से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं, जिसमें एक लाख 41 हजार करोड़ जमा हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि डाकघर निर्यात सुविधा एक ऐसी सुविधा है जिसमें देश के दूरदराज में रहने वाला कोई भी व्यक्ति अपने समान का निर्यात दुनिया में कहीं भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभी 867 डाक निर्यात केंद्र खोले गए हैं जिसमें 60 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात किया गया है।




चर्चित लेखक देवदत्त पटनायक ने कहा

## तुलसी की मानस को ही मूल रामकथा मान लेना घमंड की बात

एजेंसी। नई दिल्ली

**रामायण** और महाभारत जैसे आख्यानों पर आधारित चरित्रों तथा कथाओं पर लेखन करने वाले चर्चित लेखक देवदत्त पटनायक का मानना है कि रामकथा को लेकर भारत में तमाम प्रसंग प्रचलित हैं और केवल तुलसीदास कृत रामचरित मानस को ही मूल कथा मान लेना घमंड है तथा ऐसी सोच भारत को तोड़ देगी।

पौराणिक चरित्रों पर जय, बुक ऑफ राम, सीता, विष्णु गीता जैसी बीस से अधिक पुस्तकें लिख चुके पटनायक का कहना है कि किसी भी समाज के आख्यानों के जरिए उस समाज के मनोविज्ञान को समझने में मदद मिलती है। उनके अनुसार, माइथोलॉजी शब्द का हिंदी में सही अनुवाद मिथकीय नहीं होना चाहिए और इसके लिए सही शब्द आख्यान शास्त्र है। पटनायक ने भाषा के साथ बातचीत में कहा कि वह आख्यान शास्त्र पर लिखते हैं। उन्होंने कहा कि बाइबिल भी मध्य एशिया का एक आख्यान शास्त्र है और इसी तरह अरब जगत, चीन, जापान तथा अफ्रीकी देशों के भी अपने आख्यान हैं और वे



अपने को आख्यानों का विशेषज्ञ मानते हैं। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने अपने लेखन और व्याख्यानों के लिए इस क्षेत्र और इससे संबंधित विषय को ही क्यों चुना, पटनायक ने कहा, मैंने देखा कि लोगों का इस विषय में ज्ञान बहुत ही कम है। बिलकुल नहीं के बराबर है।

पटनायक ने कहा, भारत में रामायण और महाभारत को लेकर बच्चों की कहानियां हैं किंतु उनके पीछे जो विषद विश्लेषण हैं, व्याख्या है, वो यहां कहीं नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें या तो कहानियों के तौर पर सुना दी जाती हैं या इन पर गुरुजन जैसे लोग आध्यात्मिक संदर्भों में कुछ बता देते हैं किंतु इनके बारे में गूढ़ शोध करके लिखने का काम अभी तक कम ही हुआ है।

भाजपा के सांसद ने की मांग

## घुसपैठियों को बढ़ावा देने वाली झारखंड सरकार को बर्खास्त किया जाए

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड सरकार पर आदिवासियों के लिए राज्य में खराब माहौल बनाने और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा देने का सोमवार को लोकसभा में आरोप लगाते हुए केंद्र से उसे बर्खास्त करने की मांग की।



दुबे ने शून्यकाल में कहा कि झारखंड के सुंदर पहाड़ी क्षेत्र में पिछले दिनों एक पर्वतीय जनजाति के करीब 20 बच्चों की मौत किसी संक्रमण से हो गई, लेकिन इलाके में जाने पर पता चला कि वहां एक भी चिकित्सक नहीं है। कहा कि जब वह आदिवासी बहुल क्षेत्र का दौरा करने गए तो पता चला कि वहां न एक भी प्रधानमंत्री आवास है, न चिकित्सक की सुविधा है और सड़कों की हालत भी खराब है। दुबे ने कहा, आदिवासियों के लिए खराब माहौल बनाने वाली और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा देने वाली (झारखंड) सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। राज्य में अध्ययन के लिए केंद्रीय दल को भेजा जाए।

शून्यकाल में अन्य सदस्यों ने भी लोक महत्व के विभिन्न विषयों को उठाया। भाजपा के जगदंबिका पाल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग और डीपफेक तकनीक के प्रसार पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्वाई की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो इस तरह की चीजों को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। ओडिशा से भाजपा के बसंत पांडा ने राज्य सरकार पर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए केंद्र से अनुरोध किया कि राज्य में भवानीपटना के पास एक अकादमिक फिल्म संस्थान और एक राष्ट्रीय फिल्म स्टूडियो स्थापित किया जाना चाहिए।

### दवे शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर के रूप में शपथ ली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की संसद में 2019 में भारतीय मूल के पहले सांसद के रूप में निर्वाचित हुए दवे शर्मा ने न्यू साउथ वेल्स लिबरल सीनेट के चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सीनेटर के रूप में सोमवार को शपथ ग्रहण की। शर्मा ने न्यू साउथ वेल्स के पूर्व मंत्री एंड्रयू कॉन्स्टेंस को हराकर सदन में वापसी की। शर्मा (47) पूर्व विदेश मंत्री मैरिस पायने की जगह लेंगे , जिनकी सीनेट से सेवानिवृत्ति हो चुकी है। सीनेटर मारिया कोवाचिक ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए दवे शर्मा को शपथ ग्रहण की बधाई दी। लिबरल पार्टी की उपनेता सुसान ले ने भी एक्स पर लिखा, उनके (दवे के) पास संसद और वरिष्ठ राजनयिक पदों पर काम करने का अच्छा अनुभव है। हम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे खतरनाक भू-राजनीतिक परिस्थितियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में विदेश नीति को लेकर दवे की गहरी समझ मददगार होगी।


### हिमाचल प्रदेश के एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के सुन्नी के निकट सोमवार की सुबह एक वाहन के खाई में गिर जाने की घटना में कम से कम छह मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा यहां से लगभग 35 किलोमीटर दूर करारघाट में हुई, जब पिकअप ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के रहने वाले मजदूर मंडी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घायलों का उपचार इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसीएच) में जारी है। पुलिस ने कहा कि छह मृतकों में से चार की पहचान फरीद, गुलाब, सहबीर और तालिब के रूप में की गई, जबकि दो अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## अमेरिका के प्रधान उप-सुरक्षा सलाहकार ने विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात



एजेंसी। नई दिल्ली

**अमेरिका** के प्रधान उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की और विभिन्न द्विपक्षीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। नई दिल्ली में यह बैठक अमेरिकी अभियोजकों द्वारा अमेरिका में एक खालिस्तानी नेता को मारने की साजिश में कथित संलिप्तता को लेकर एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अदालत में दायर किए गए एक मामले की पृष्ठभूमि में हुई।

समझा जाता है कि जयशंकर और फाइनर के बीच बैठक में यह मुद्दा उठा, हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, "आज दोपहर अमेरिका के प्रधान उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर से अच्छी मुलाकात हुई। वैश्विक स्थिति पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

भारत ने बृहस्पतिवार को अमेरिका द्वारा एक भारतीय अधिकारी को सिख चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति से जोड़ने को चिंता का विषय बताया था। नई दिल्ली ने नाकाम साजिश से संबंधित आरोपों की जांच के लिए एक जांच टीम का गठन किया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने बुधवार को 52 वर्षीय निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया।

# भारी बारिश के चलते चेन्नई के कई इलाकों में हुआ जलभराव

एजेंसी। पुडुचेरी

**चक्रवात** मिचौंग के पश्चिमी मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिण आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु से टकराने की उम्मीद है। इस संभावना को देखते हुए पुडुचेरी के जिला अधिकारी ने समुद्री इलाकों के आसपास धारा 144 लागू कर दिया है। जिला अधिकारी ने तीन दिसंबर की शाम सात बजे से पांच दिसंबर की शाम छह बजे तक लोगों को समुद्री तटीय इलाकों में नहीं जाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निर्देश का उल्लंघन करने वाले को जुर्माना या छह महीने की जेल की सजा सुनाई जाएगी। मौसम विभाग ने शुक्रवार को तमिलनाडु के उत्तर तटीय क्षेत्र, पुडुचेरी और

### पुडुचेरी के तटीय इलाकों में धारा 144 लागू

कराईकल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में तीन दिसंबर से चार दिसंबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठ रहे चक्रवात मिचौंग के आंध्र प्रदेश के वेलोर और मछलीपट्टनम में मंगलवार की दोपहर को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने की आशंका है। यह चक्रवाती तूफान फिलहाल दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के पास उठ रहा है। भारी बारिश के कारण चेन्नई में जलभराव हो गया। इस वजह से अलंदूर के थिलई गंगा नगर सबवे को बंद कर दिया गया है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच कनाथुर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन दीवार ढह गई। इस



हादसे में दो की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण पूर्वी तटीय क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। चक्रवात के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। केंद्र और राज्य के एजेंसियों को लोगों की सुरक्षा और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए भेजा गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने कहा, स्थिति पर राज्य और केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम स्तर पर देखा जा रहा है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे राज्य सरकार के निर्देश का पालन करें और घर पर ही सुरक्षित रहें। चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम विभाग के डायरेक्टर बालाचंद्रन ने कहा, %चक्रवात मिचौंग उत्तरपूर्व और पूर्वी चेन्नई से केवल 100 किमी की दूरी पर है। पिछले छह घंटों में इसकी रफ्तार 10 किमी प्रति घंटा हो चुकी है। चक्रवाती तूफान के नेलोर और मछलीपट्टनम में शाम के चार बजे तक पहुंचने की संभावना है। चेन्नई में आज शाम तक भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की उम्मीद है।

चक्रवात मिचौंग को देखते हुए चेन्नई सेंट्रल ने 11 ट्रेनें रद्द कर दी है। भारी बारिश के कारण व्यासरपाड़ी और बेसिन ब्रिज नंबर 14 पर पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। तूफान के कारण चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, बैंक और अन्य सरकारी दफ्तरों को पांच दिसंबर तक बंद रखा गया है। भारतीय सेना की 12 मद्रास यूनिट ने चेन्नई के मुगलिवक्कम और मनापक्कम इलाकों में भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित लोगों के बचाव में जुटे हुए हैं।

## पंच प्रण ही विकसित भारत की राह: योगी

एजेंसी। गोरखपुर (उप्र)

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि वर्तमान में 142 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश को विकसित और दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग है।



मुख्यमंत्री ने यहां महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत वर्ष में पंच प्रण की राह पर चलने का लक्ष्य दिया है। पंच प्रण यानी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, महापुरुषों, लोक कलाओं-परम्पराओं पर गौरव, एकता का संकल्प और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन। देश की 142 करोड़ आबादी अगर पंच प्रण के अनुरूप राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करे तो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता। कहा, वर्तमान समय में जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर वही लोग बांटना चाहते हैं जो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में नहीं देखना चाहते। उन्होंने देश के 142 करोड़ लोगों से एकजुट रहने एवं विखंडन की खाई को चौड़ा नहीं होने देने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करे तो देश पंच प्रण के लक्ष्यों की ओर तेजी से अग्रसर होगा।

# एक्सप्रेसवे पर हवा-हवाई रेस्टोरेंट बना नया ब्लैक स्पॉट, 4 फुट ऊंची अस्थायी दीवार लगाई जाएगी

**● 11 महीने में नौ सड़क हादसे, दुर्घटनाओं में 6 की मौत, करीब 20 लोग घायल हुए**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**29 नवंबर** की रात दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार दो दोस्तों राहुल और शिवनंदन की मौत हो गई।

वो एक पुराने हवाई जहाज के अंदर बनाए गए हवा-हवाई रेस्टोरेंट को देखते हुए जा रहे थे। उनका ध्यान भटका और बाइक आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि इस हवाई जहाज के सामने 11 महीने में 9 सड़क हादसे हुए हैं। इन हादसों में 6 लोगों की मौत हुई और करीब 20 लोग घायल हुए।

पुलिस प्रशासन के अफसरों ने माना है कि रेस्ट एरिया में खड़े हवाई जहाज को देखने के चक्कर में वाहन से अपना नियंत्रण खो देते हैं और सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इसके मद्देनजर अब ये फैसला लिया है कि एक्सप्रेसवे पर चार फुट ऊंचे व्यू कटर लगाए जाएंगे, जिससे वाहन चालकों को हवाई जहाज न दिखे और हादसों पर रोकथाम लग सके। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया गाजियाबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद कुमार ने बताया हमने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हवाहवाई रेस्टोरेंट के पास लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का संज्ञान लिया है। हमने वहां नो पार्किंग जोन के साइन बोर्ड पहले ही लगवा दिए हैं।

अब वहां व्यू कटर लगवाने की तैयारी है। इसकी ऊंचाई करीब चार फुट होगी। इसका प्रपोजल बनाकर हेडक्वार्टर भेजा जा चुका है। दिसंबर के आखिर तक व्यू कटर लग जाने की उम्मीद है।

इसके बाद वाहन चालकों को चलते हुए ये हवाई जहाज दिखाई नहीं देगा। हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने एक्सप्रेसवे की साइड वॉल करीब चार फुट ऊंची है। चार फुट ऊंचे ही व्यू कटर अस्थायी दीवार लग जाएंगे। जिसके बाद एक्सप्रेसवे से इस वॉल की ऊंचाई आठ फुट हो जाएगी। ऐसे में बाइक सवारों या चार पहिया वाहन सवार लोगों को चलते वक्त ये हवा.हवाई रेस्टोरेंट नहीं दिखेगा। उसे देखने के लिए इन्हें एक्सप्रेसवे से नीचे रेस्ट एरिया में उतरना ही होगा। इस प्रकार सड़क दुर्घटनाओं में यहां पर कमी आने की उम्मीद है।

# बेकाबू ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, बेटी की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● आरोपी चालक मौके से फरार**

**मोदीनगर** में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर तेल मिल गेट के पास रविवार देर रात एक बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में 20 साल की युवती की मौत हो गई। वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

घटना के बाद मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। पिता-पुत्री सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे। नगर के गांव मोहम्मदपुरी कदीम निवासी सोमपाल श्रमिक है। बताया कि सोमपाल अपनी पुत्री अंजलि 20 के साथ रविवार शाम बाइक से खरीदारी करने कस्बा रोड आए थे। खरीदारी के बाद रात करीब आठ बजे दोनों घर लौट रहे थे। जैसे ही वह तेल मिल गेट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने किसी वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक पर पीछे बैठी अंजलि सड़क पर गिर गई। ट्रक का पहिया उसे कुचलता हुआ निकल गया। अंजलि की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें सोमपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमपाल को उपचार के लिए जीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

भोजपुर के हापुड़ मार्ग पर गांव किल्हौड़ा के पास रात को बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक क्षतिगस्त हो गई। भोजपुर के गांव फजलगढ़ निवासी जोगेन्द्र सिंह रविवार रात हापुड़ मार्ग होते हुए बाइक द्वारा घर लौट रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार



चिकित्सा व अग्निशमन शिविर के उद्घाटन के मौके पर पदाधिकारी।

### चिकित्सा व अग्निशमन शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** आरडब्ल्यूए व सामाजिक संस्था श्रीसिद्धिविनायक फॉउंडेशन के तत्वावधान में यशोदा अस्पताल व ऑल सेशन डेंटल क्लिनिक वसुंधरा के चिकित्सकों की टीम के द्वारा इलाके में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन विभाग के प्रमुख राहुल पाल के निर्देश पर विभाग के शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वार्ड 54 के पार्षद सतेंद्र पाल चौधरी के द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र पाल सिंह, जतिन त्यागी, धनेश सिंघल, नितिन त्यागी, एस.एन. त्यागी, नेत्रपाल, आदेश त्यागी, दीपेंद्र सिंह, अमित त्यागी, अजय तिवारी, नितिन कुमार, पदम् सिंह व नरेन्द्र आदि जिला अग्निशमन विभाग से मौजूद रहे। यशोदा अस्पताल की तरफ से शिविर दीपक कुमार ने कोर्डिनेट किया। ऑल सेशन डेंटल क्लिनिक सेक्टर 16 वसुंधरा की दंत चिकित्सक हिमानी त्यागी की टीम मौजूद रही।

### सीईओ ने विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**नोएडा।** प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने वर्क सर्किल .9 के विकास कार्य का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान वर्क सर्किल 9 के वरिष्ठ प्रबंधक व अभियंता उनके साथ रहे। सीईओ ने वर्क सर्किल में एक्सप्रेस वे के समानांतर 45 मीटर चौड़ी सड़क जहां सर्विस रोड से कनेक्ट हो रही है उन चौ राहों पर सिविल एवं सौंदर्यीकरण कराने, फुटपाथों एवं सेंट्रल वर्ज पर लगे कर्व स्टोनों को ठीक करने, इंटरलॉकिंग टॉयल्स एवं फुटपाथ की मरम्मत करने के अलावा नोएडा एक्सप्रेस वे पर ग्राम सुलतान पुर के सामने बने अंडर पास को चौड़ा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एक्सप्रेस वे के समानांतर निर्मित क्षतिग्रस्त नाले के भाग को आरसीसी में परिवर्तित करने, सेक्टर 166 व 167 के बीच सड़क का निर्माण, सेक्टर 164 में चल रहे समस्त सड़क एवं नालियों के कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। वर्क सर्किल 9 में नए सेक्टरों के विकास के लिए 45 व 30 मीटर चौड़ी सड़क के लिए भूमि चिह्नित करने, ग्राम छपरौली बांगर से दल्लूपुरा एवं उससे आगे जाने वाली मुख्य सड़क पर बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए सड़क को चौड़ा करने के लिए कहा।

### सड़क पर लहूलुहान हालात में मिला युवक का शव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर क्षेत्र के चचुरा रोड पर सड़क किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान पड़ा हुआ मिला। पुलिस युवक की सड़क हादसे में मौत होना बता रही है, वहीं परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। इसके अलावा अलग.अलग सड़क हादसों में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीआरवी को सूचना मिली कि चचुरा मार्ग पर एक ही युवक लहूलुहान अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। घायल युवक के पास ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी हुई थी। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी उक्त व्यक्ति को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त ग्राम अस्तौली निवासी 23 वर्षीय सोहित पुत्र महेश के रूप में हुई। सूचना मिलने पर महेश के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसकी हत्या किए जाने के आशंका जताई।

### इलेक्ट्रोनिक स्टोर से लाखों का माल चोरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में चोरों ने अलग.अलग स्थान पर चोरी की तीन घटनाओं को अंजाम दिया। चोर एक स्टोर से लाखों रुपये के बिजली के केबल के बंडल व सीपी फिटिंग चोरी कर ले गए। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख में टेक्जोन 5 निवासी अभिषेक कुमार मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अपेक्स स्प्लेंडर सोसायटी में उसका स्टोर रूम है। 12 नवंबर को वह अपना स्टोर बंद कर चला गया था। अगले दिन जब वह स्टोर पर पहुंचा तो वहां मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था स्टोर के भीतर जाने पर पता चला कि कर लाखों रुपए मूल्य के 222 वायर बंडल तथा सीपी फिटिंग के 367 नग चोरी कर ले गए हैं।

# बदमाश की करीब 23 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**● रणदीप भाटी गिरोह के सक्रिय सदस्य बृजनंदन पर कई मामले दर्ज दर्ज**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**कुख्यात** बदमाशों और अपराधियों के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में कमिश्नरेट गौतम बुध नगर की जारचा पुलिस ने कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गिरोह के सक्रिय सदस्य बृजनंदन की करीब 23 करोड रुपए की संपत्ति को कुर्क किया गया। मथुरा जिले में पुलिस के द्वारा यह कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है । इसी के क्रम में सोमवार को पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14/1 गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत थाना जारचा पुलिस के शासन द्वारा घोषित कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य बृजानन्द पुत्र भीम निवासी ग्राम तिगांव थाना तिगांव जनपद फरीदाबाद हरियाणा के खिलाफ कार्रवाई की गई।यह बदमाश गैंग संख्या आईएस 298 का संक्रिय सदस्य है। इस कुख्यात बदमाश पर जनपद के कई थाने मे मुकदमे पंजीकृत है।

इसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई। गैंगस्टर एक्ट के इसके द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए गए। ग्रेटर नोएडा की जारचा पुलिस के द्वारा इसके गाँव मौज कोसीकला नई आबादी ईदगाह एरिया तहसील छाता जनपद मथुरा पहुंचकर ढोल नगाड़े बजाकर कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान इसकी चल अचल संपत्ति को कुर्क किया गया। पुलिस द्वारा 2 आवासिय प्लाट भूमि जो लगभग 3757.58 वर्ग मीटर जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। सम्पत्ति की कीमत 23,6471024 रुपये है। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि कुख्यात माफिया और बदमाशों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# गूगल की सहायता लेनी पड़ गई भारी चंद मिनटों में लगा लाखों का चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● अज्ञात जालसाज पर मुकदमा दर्ज**

**गूगल** से बैंक का नंबर लेना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड गया। गूगल से लिए गए फोन नंबर के जरिए साइबर ठग ने उक्त व्यक्ति को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ थाना सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

नोएडा के सेक्टर 20 डी ब्लॉक में रहने वाले संजय कुमार वार्ष्णेय ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीते 9 अक्टूबर को अपने खाते की जानकारी लेने के लिए बैंक आफइंडिया के कार्यालय में फोन मिला रहा था। कई बार फोन मिलाने पर भी बैंक के क्लर्क से संपर्क नहीं हो पाया, जिसके बाद उसने गूगल से बैंक आफइंडिया का हेल्पलाइन नंबर डायल किया। उक्त नंबर पर बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए उसकी समस्या पूछी उसने जब अपने अकाउंट से बेटे के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने को कहा। जालसाज ने अपनी बातों के जाल में फंसाते हुए कहा कि वह उसके बेटे के अकाउंट में डायरेक्ट उसके खाते से पैसे ट्रांसफर कर देंगे। इसके बाद उसने ईमेल आईडी से अपना आइसीआइसीआइ बैंक का अकाउंट नंबर डाला। आइसीआइसीआइ बैंक की साइड खोलकर ईमेल आईडी डाली और पासवर्ड डाला तो उसके क्रेडिट कार्ड से पांच बार में 2,52, 000 रुपये निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई जिसके बाद उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ मिला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद में 12 साल की छात्रा ने घर में लगे रोशनदान में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस का कहना है कि छात्रा 4-5 दिन से स्कूल नहीं जा रही थी।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि लड़की चार से पांच दिन से स्कूल नहीं जा रही थी, जिसको लेकर परिवार ने उसे डांटा था। उसके बाद सोमवार को सुबह वह सबसे मिली और उसके बाद अपने कमरे में चली गई। जब वह वापस नहीं निकली तो परिजन उसके कमरे में गए तो देखा कि वह दरवाजे के ऊपर रोशनदान से लटकी हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# मेट्रो से तीन जगह लिंक होगी आरआरटीएस की नमो भारत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**सिटी** में मेट्रो के कई स्टेशन पब्लिक फैसलिटी के लिए और भी स्मार्ट बनने जा रहे है। आरआरटीएस से मेट्रो स्टेशन से जोड़ा जाएगा। ताकी जो मुसाफिर नमो भारत ट्रेन में सफर करने के बाद मेट्रो में जाना चाहेंगे उन्हें इसका फायदा होगा।

नमो भारत ट्रेन का रूट मेट्रो स्टेशन के पास से होकर जाएगा। नमो भारत ट्रेन मेट्रो के शहीद स्थल न्यू बस अड्डा, से लिंक होगी। इसके बाद नमो भारत ट्रेन लिंक रोड पर वैशाली, कौशांबी पर भी लिंक होगी। इसके अलावा आगे भी नमो भारत ट्रेन मेट्रो से लिंक की जाएगी। अभी तक जो प्लान तैयार है उसके हिसाब से गाजियाबाद सिटी एरिया में नमो भारत ट्रेन मेट्रो के स्टेशन से तीन स्थानों से जोड़ी जाएगी।

# ट्रांजैक्शन हुआ पांच रुपये का, खाते से गायब हो गए लाखों

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**साइबर** ठग नित नए नए तरीके से लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये का चूना लगा रहे हैं। कोरियर वापस करने का भय दिखाकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति से 5 रुपये की ट्रांजैक्शन कराकर उसके बैंक खाते में सेंध लगा दी। साइबर ठग ने बैंक खाते से 119000 ऑनलाइन निकाल लिए। पीड़ित ने थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 36 स्थित रिलायंस स्मार्ट स्टोर में कार्यरत अभिजीत बक्शी ने पुलिस की शिकायत में बताया कि उसने 25 अक्टूबर को ट्रैकॉन कंपनी के द्वारा एक कोरियर अल्फा.वन मार्केट से किया था। यह कोरियर गुडगांव के लिए किया गया था। 27 अक्टूबर को ट्रैकॉन कंपनी की तरफ से उसके मोबाइल पर कॉल आई और बताया गया कि उसके द्वारा किए गए कोरियर पर पते का पिन कोड एक्टिव नहीं है, जिस कारण कोरियर वापस हो जाएगा। पिनकोड एक्टिव करने के लिए उसे 5 रूपये ट्रांजैक्शन करने का ऑफर दिया गया। 5 रूपये ट्रांसफर करने के लिए उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करते ही पेटीएम का ऑप्शन आया जिस पर उसने 5 रूपये ऑनलाइन पैमेंट कर दी।

5 रूपये पैमेंट करने के कुछ देर बाद ही उसके दो बैंक खातों से एक साथ एक लाख 19 हजार रुपये ऑनलाइन निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। अभिजीत बख्शी ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि उसने तुरंत अपने दोनों बैंक खाता बंद कर दिए और इस मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस से की। पीड़ित ने कोरियर कंपनी की साइबर ठगों से मिली भगत होने की आशंका व्यक्त की है।

## पार्क में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर.121 स्थित पार्क में एक महिला का शव पेड़ से लटका मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने पेड़ से लटकती बाड़ी देखी तो पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा। मृतका की पहचान ममता पत्नी सुनील पाल निवासी तिलक खेड़ा हरदोई हुई है। दोनों पति पत्नी गढ़ी चौखंडी के एक किराए के मकान में रहते थे। प्राथमिक जांच में आपसी विवाद के चलते ममता ने सुसाइड किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ममता और सुनील की शादी 2016 में हुई थी। इन दोनों का एक सात साल का बच्चा भी है। बताया गया कि शनिवार रात को ममता और सुनील के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद ममता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। ममता के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस सुनील से पूछताछ कर रही है। पुलिस पीआरओ पकंज सिंह ने बताया कि मौके पर फारेंसिक टीम गई है। एरिया को सील कर दिया गया है।

# बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● 70 लोगों को सुरक्षित निकाला गया**

**गाजियाबाद** के वसुंधरा सेक्टर-3 में किंग फॉक बैंक्वेट हॉल में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बिल्डिंग की बाहरी दीवार का मैटेरियल जलकर नीचे गिर रहा था। जिस वक्त बैंक्वेट हॉल में आग लगी, वहां मैरिज एनिवर्सिरी पार्टी चल रही थी। इसमें मौजूद करीब 70 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है।

फायर फाइटर्स की टीम मौके पर मौजूद है और आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। वसुंधरामें तीन मंजिला रियल स्क्वायर मॉल है। नीचे ऑफिस और होटल बना हुआ है। ऊपर के दो फ्लोर पर बैंक्वेट हॉल है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, यहां दोपहर करीब दो बजे आग लगने की सूचना मिली। तुरंत दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। इससे पहले स्थानीय लोग अपनी सोसाइटी के हौज पाइप से आग बुझाना शुरू कर चुके थे।

आग ने फर्स्ट फ्लोर पर ऑफिस और जेनरेटर को चपेट में ले लिया और थर्ड फ्लोर तक पहुंच गई।

आग इतनी भीषण थी तीसरी मंजिल से सामान जलकर नीचे गिरने लगा। कुछ कमरों में सोफे, गद्दे भी आग की चपेट में आकर जल गए। सीएफओ ने बताया, दमकल की गाड़ियों ने फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है।

# सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्मार्ट व डिजिटल

**● इंदिरा गांधी कला केंद्र में संपर्क स्मार्ट शाला अभियान का शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**नोएडा** के सभी 120 सरकारी स्कूल अब स्मार्ट व डिजिटल हो जाएंगे। नोएडा विधायक पंकज सिंह ने सेक्टर 6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में संपर्क स्मार्ट शाला अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल व छात्रों को स्मार्ट क्लास के लिए मॉनिटर मॉडम तथा डिजिटल गैजेट्स दिए। चीफ गेस्ट विधायक पंकज सिंह ने कहा, प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने का अभियान शुरू कर चुकी है।

इसी के तहत स्कूलों में मॉडर्न भवन, फर्नीचर, टॉयलेट व अन्य सुविधा शुरू की जा रही हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए डिजिटल कक्षाएं भी शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में नोएडा के सभी ब्लॉक में स्थित 120 सरकारी स्कूलों में संपर्क स्मार्ट शाला अभियान के तहत डिजिटल कक्षाएं शुरू की जाएगी।

# जेवर में फर्जी बैनामा दिखाकर जालसाज ने लगाया लाखों का चूना

एजेंसी। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा में प्लॉट का फर्जी बैनामा दिखा कर जालसाज ने एक व्यक्ति से लाखों रुपये हड़प लिए। फर्जीवाडे का पता चलने पर पीड़ित में जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। कोर्ट के निर्देश पर पीड़ित ने थाना जेवर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा जेवर के मानक चौक निवासी इंतजार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसने वर्ष.2004 में मोहल्ला खलीफान निवासी गोवर्धन से एक प्लॉट का सौदा किया था। गोवर्धन ने उसे प्लॉट का बैनामा दिखाते हुए बताया कि उसने बुक प्लॉट को अल्लामेहर नामक व्यक्ति से खरीदा है। उक्त प्लॉट का सौदा 32 लाख रुपए में तय हुआ जिसके एवज में उसने एक लाख रुपये बयाने के रूप में दे दिए। प्लॉट के बैनामे की तारीख 3 माह की तय हुई। इसका एक एग्रीमेंट भी बनवाया गया। निर्धारित समय के पश्चात भी गोवर्धन ने प्लॉट का बैनामा उसके नाम नहीं कराया। इस दौरान उसने साढ़े तीन लाख रुपये और गोवर्धन को दे दिए। इंतजार के मुताबिक इस दौरान उसे पता चला कि गोवर्धन ने उसे कूटरचित बैनामा दिखाया था। उक्त बैनामे की जमीन की खतौनी में खरीदार के नाम वह नहीं थेए जो बैनामे में दर्ज थे। उसने इस बारे में जब गोवर्धन से बात की तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज कर जांच करने की धमकी देने लगा। इंतजार के मुताबिक उसने 2 मार्च 2023 को गोवर्धन से अपने पैसे मांगे तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मामला नोएडा कोर्ट के निर्देश पर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# नोएडा प्राधिकरण में आठ साल से नहीं हुई कोई नई भर्ती

**● आरटीआई से मिला जानकारी- सरकार का पैसा बचाने में भी टॉप तीन में**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**यूपी** के सबसे अमीर प्राधिकरण में से एक नोएडा प्राधिकरण सरकार का पैसा बचाने में भी टॉप पर है। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि सरकार का पैसा बचाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने पिछले आठ सालों में नोएडा प्राधिकरण में कोई नई भर्ती नहीं निकाली है।

प्राधिकरण के इस फैसले ने बड़ी संख्या में क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के अरमानों पर पानी फेर रखा रखा है। आपको बता दें कि नोएडा के जाने माने आरटीआई एक्टिविस्ट व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रंजन तोमर की एक आरटीआई के जवाब में खुद प्राधिकरण ने अपनी इस बड़ी नाकामी का खुलासा कर दिया है। अधिवक्ता रंजन तोमर ने नोएडा प्राधिकरण में एक आरटीआई दाखिल कर यह पूछा था कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा खुलेतौर पर चयन कर नौकरियां कितनी निकाली गई हैं और कितने लोगों का चयन हुआ है। इसके जवाब में प्राधिकरण ने अपनी बड़ी विफलता का खुलासा खुद ही कर दिया। आरटीआई के जवाब में खुलासा हुआ है कि वर्ष 2015 में नोएडा में नोएडा प्राधिकरण में समूह खए गए घ के लिए 254 खाली पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था, लेकिन प्राधिकरण में संविदाकार के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों द्वारा इन खाली पदों पर उनकी सेवा को नियमित करने तथा चयन प्रक्रिया को निरस्त करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया गया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में स्थगन आदेश दिया, जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया को नोएडा प्राधिकरण की 194वीं बोर्ड बैठक में 26.4.2018 में भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है।

2015 के बाद से प्राधिकरण में चयन प्रक्रिया के आधार पर कोई नियुक्ति नहीं की गई है। आरटीआई दाखिल करने वाले अधिवक्ता रंजन तोमर ने नोएडा प्राधिकरण के इस जवाब पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने अपनी जमीन नोएडा के विकास के लिए नोएडा प्राधिकरण को दी है। जिसके कारण ग्रामीणों के होनहार बच्चे आज भी बेरोजगार हैं, लेकिन नोएडा प्राधिकरण खुनी चयन प्रक्रिया के जरिए नौकरियां नहीं निकाल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण किसी योजना के तहत इस पर काम कर रहा है और वह नहीं चाहता कि नई चयन प्रक्रिया आए।

उन्होंने अपने संगठन नोवरा के माध्यम से मांग की है कि प्राधिकरण की लिखित नीतियों के अनुसार कुछ प्रतिशत नौकरी नोएडा के उन किसान पुत्रों को दी जाए जिन्होंने नोएडा प्राधिकरण को अपनी जमीन कौडियों के दाम दी है। मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत सामाजिक संगठन नोवरा के उपाध्यक्ष अजय चौहान ने बताया कि प्राधिकरण की इस बड़ी लापरवाही की शिकायत वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाएंगे तथा स्थानीय सांसद व विधायकों के सामने भी इस मुद्दे को रखकर नोएडा प्राधिकरण में खुली चयन प्रक्रिया फिर से शुरू करने की मांग की जाएगी।

# मिजोरमः जेडपीएम राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

## 2017 के बाद अस्तित्व में आई जेडपीएम

### 1982 में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी रह चुके लालदुहोमा




एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** आईपीएस लालदुहोमा ने जोराम नेशनलिस्ट पार्टी नाम से एक दल बनाया, जिसके जरिए वे राज्य की राजनीति में सक्रिय हुए। वहीं दूसरी ओर, राज्य के पांच अन्य छोटे दलों के साथ लालडुहोमा की पार्टी ने गठबंधन कर लिया। जिसके बाद वह गठबंधन राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो गया, जो 2017 में जेडपीएम (जोरम पीपुल्स मूवमेंट) पार्टी के नाम से अस्तित्व में आया।

मिज़ोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालडुहोमा मिज़ोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, 1972 से 1977 तक लालडुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के प्रधान सहायक के तौर पर काम किया था। अपनी स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा दी। 1977 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने गोवा में एक स्क्वाड लीडर के तौर पर काम किया। तैनाती के दौरान उन्होंने तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी के तौर पर उनकी उपलब्धियां सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनने लगी थीं। 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया था। पुलिस उपायुक्त के रूप में विशेष पदोन्नति दी गई थी। राजीव गांधी की अध्यक्षता में 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति के सचिव भी थे। 1984 में पुलिस सेवा से इस्तीफा देने के बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए। उसी वर्ष दिसंबर माह में लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर लालडुहोमा संसद पहुंचे थे। 1988 में कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद उन्हें दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित किया गया था, जिसके कारण उन्हें लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी थी।

लालडुहोमा के प्रयास से जेडपीएम(ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट) अस्तित्व में आया। पिछले विधानसभा चुनाव में लालडुहोमा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री लालथनहलवा को करारी शिकस्त दी, जिसके बाद से वे राजनीतिक गलियारों में सुर्खियां बन गए। उस वक्त लालडुहोमा की गठित पार्टी को चुनाव आयोग से मान्यता नहीं मिल सकी, जिसके कारण उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरना पड़ा था।

कुछ समय बाद, जेडपीएम को चुनाव आयोग से राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता मिली। इस दौरान पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर लालडुहोमा को चुना गया। इस आधार पर उन्हें अपनी विधानसभा सदस्यता को गंवाना पड़ा। बता दें 27 नवंबर 2020 को मिज़ोरम राज्य में विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाले लालडुहोमा पहले विधायक बन गए थे। हालांकि राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटना को लालडुहोमा के लिए संजीवनी बताते हैं। 2021 में सेरछिप सीट पर हुए उपचुनाव में उन्होंने इसे मुद्दा बना दिया। इस उपचुनाव में उन्हें फिर से विधानसभा पहुंचा दिया था।



## एमएनएफ की हार का कारण सत्ता विरोधी लहर

**आइजोल।** मिजोरम के निवर्तमान मुख्यमंत्री और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के अध्यक्ष जोरमथांगा ने सोमवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की हार का एक प्रमुख कारण सत्ता विरोधी लहर थी।

जोरमथंगा ने जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के हाथों मिली करारी हार के बाद सोमवार शाम को राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एमएनएफ ने 40 सदर्स्ईय सदन में 10 सीट पर जीत हासिल की है जबकि विपक्षी जेडपीएम ने 27 सीट पर जीत दर्ज करते हुए बहुमत हासिल कर लिया है। राज्य में 2018 में हुए चुनाव में एमएनएफ को 26 सीट मिली थीं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जोरमथांगा स्वयं आइजोल ईस्ट-1 सीट पर जेडपीएम के उम्मीदवार लालथनसांगा से 2,101 मतों से हार गए। इस्तीफा सौंपने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए जोरमथांगा ने कहा कि सात नवंबर को हुए राज्य विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की हार का मुख्य कारण सत्ता विरोधी लहर और कोविड-19 का प्रकोप है। कहा, लोग कोविड-19 महामारी के कारण हुई असुविधा के कारण एमएनएफ सरकार के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रकोप ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाला और सरकार के कामकाज को बाधित किया।

## छह क्षेत्रीय दलों के गठजोड़ से बनी पार्टी सत्ता के शीर्ष पर

एजेंसी। नई दिल्ली



**पूर्वोत्तर** राज्य मिजोरम में जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने 25 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। 40 सीटों वाले मिजोरम विधानसभा में बहुमत के लिए 21 सीटों की जरूरत थी। एक पूर्व आईपीएस अधिकारी, विधायक और पूर्व सांसद लालडुहोमा द्वारा स्थापित पार्टी जेडपीएम के मिजोरम में सत्ता के शिखर तक पहुंचने की कहानी बहुत दिलचस्प रही है। आइए जानते हैं इस पार्टी के बारे में सबकुछ।

जोरम पीपुल्स मूवमेंट का गठन छह क्षेत्रीय दलों के गठबंधन के रूप में किया गया था। यह छह क्षेत्रीय दल थे। मिजोरम पीपुल्स कॉफ्रेंस, जोरम नेशनलिस्ट पार्टी, जोरम एक्सोडस मूवमेंट, जोरम डिसेंट्रेलाइजेशन फ्रंट, जोरम रिफॉर्मेशन फ्रंट और मिजोरम पीपुल्स पार्टी। इन दलों ने आगे चलकर एक एकीकृत इकाई के रूप में विलय कर दिया, इसके बाद आधिकारिक तौर पर 2018 में जोरम पीपुल्स मूवमेंट यानी आज के जेडपीएम का गठन हुआ। हालांकि चुनाव आयोग में पंजीकृत होने के लिए जेडपीएम को और इंतजार करना पड़ा।

2018 के मिजोरम विधान सभा चुनावों में जेडपीएम पहली बार मैदान में उतरा। पार्टी ने खुद को मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) के राजनीतिक विकल्प के रूप में पेश किया। पार्टी ने शराबबंदी की वकालत की। पार्टी ने 36 में से 40 सीटों पर चुनाव लड़ा। उस वक्त लालडुहोमा की गठित पार्टी को चुनाव आयोग से मान्यता नहीं मिल सकी थी, जिसके कारण उनके उम्मीदवारों को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरना पड़ा था। निर्दलीय उम्मीदवारों के रूप में जेडपीएम ने 8 सीटों पर जीत हासिल की। यह अपेक्षाकृत नए ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। चुनाव में लालडुहोमा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री लालथनहलवा को करारी शिकस्त दी, जिसके बाद से वे राजनीतिक गलियारों में सुर्खियां बन गए।

### 2019 में जेडपीएम को चुनाव आयोग से मान्यता मिली

जेडपीएम का उद्देश्य मिजोरम के लोगों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाना था। इसका गठन सामाजिक चिंताओं और सामुदायिक कल्याण पर ध्यान देने के लिए एक गैर-राजनीतिक इकाई के रूप में किया गया था। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आधिकारिक तौर पर जुलाई 2019 में पार्टी को पंजीकृत किया। हालांकि इस खुशी खबर के बीच एक बुरी खबर भी आई। एक तरफ जेडपीएम को राजनीतिक पार्टी का दर्जा मिला दूसरी ओर इसकी सबसे बड़ी संस्थापक पार्टी, मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, 2019 में ही गठबंधन से बाहर हो गई।

### 2023 के मिजोरम विधानसभा चुनाव में जेडपीएम को बहुमत

2023 के मिजोरम विधानसभा चुनावों में, जेडपीएम ने सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ा। सात नवंबर को हुए चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। चार दिसंबर को शुरू हुए वोटों की गिनती में जेडपीएम ने मिनट तक 40 में से 25 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर ली है। ऐसे में प्रदेश में जेडपीएम की सरकार बननी और लालडुहोमा का मुख्यमंत्री बनना तय हो गया है। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालडुहोमा मिज़ोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, 1972 से 1977 तक लालडुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के प्रधान सहायक के तौर पर काम किया था। अपनी स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा दी। 1977 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने गोवा में एक स्क्वाड लीडर के तौर पर काम किया। तैनाती के दौरान उन्होंने तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी के तौर पर उनकी उपलब्धियां सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनने लगी थीं। 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया था। पुलिस उपायुक्त के रूप में विशेष पदोन्नति दी गई थी। राजीव गांधी की अध्यक्षता में 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति के सचिव भी थे।

## राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगेः लालदुहोमा

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव में विजेता बनकर उभरी पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के मुख्यमंत्री पद के दावेदार लालदुहोमा ने सोमवार को कहा कि राज्य की अगली सरकार केंद्र के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, लेकिन उनकी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। मिजोरम में अभी तक विपक्षी की भूमिका निभा रही जेडपीएम ताजा विधानसभा चुनाव में विजेता बनकर सामने आई है। जेडपीएम ने 40 सदर्स्ईय विधानसभा में 27 सीट पर जीत दर्ज की है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी लालदुहोमा ने पीटीआई वीडियो से की गई विशेष बातचीत में सदन में पार्टी को मिले बहुमत पर संतोष व्यक्त किया और केंद्र सरकार से मजबूत संबंध बनाने पर जोर दिया। वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सुरक्षा प्रभारी की भूमिका भी निभा चुके हैं।

## चार राज्यों के नजीजों को मायावती ने बताया रहस्यमयी

### बसपा सुप्रीमो दस दिसंबर को करेंगे बैठक

### ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है



एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने चार राज्यों के चुनावी नतीजों को विचित्र और रहस्यमयी करार दिया है। सोमवार को एक्स पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि चार राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से सभी लोगों का शंकित, अचंभित व चिंतित होना स्वाभाविक है। चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है।

उन्होंने आगे कहा कि पूरे चुनाव के दौरान माहौल एकदम अलग व कांटे के संघर्ष जैसा दिलचस्प रहा। हालांकि चुनाव परिणाम उससे बिल्कुल अलग होकर पूरी तरह से एकतरफा हो गये। यह ऐसा रहस्यात्मक मामला है, जिस पर गंभीर चिंतन व उसका समाधान जरूरी है। लोगों की नब्ज पहचानने में भयंकर 'भूल-चूक' चुनावी चर्चा का नया विषय है। बसपा के सभी लोगों ने पूरे तन, मन, धन व दमदारी के साथ यह चुनाव लड़ा। जिससे माहौल में नई जान आई, लेकिन उन्हें ऐसे अजूबे परिणाम से निराश कतई भी नहीं होना है और डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना है। इस चुनावी परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगे लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी की ऑल इंडिया बैठक आगामी 10 दिसंबर को लखनऊ में बुलाई गयी है। चुनाव परिणाम से विचलित हुए बिना आंबेडकरवादी मूवमेंट आगे बढ़ने का हिम्मत कभी भी नहीं हारेगा।

## भाजपा की जीत लोकसभा चुनाव में जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को जोर देकर कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों राज्यों में जनता ने कांग्रेस के विभाजनकारी अभियान को सिरे से नकार दिया। पार्टी मुख्यालय पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, तीनों राज्यों में कांग्रेस के जोर-शोर से चलाए गए विभाजनकारी अभियान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए जनता ने सिरे से खारिज कर दिया। महिलाओं, गरीबों, किसानों और युवाओं के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयास रंग लाए। उन्होंने कहा, तीनों राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

## पहली बार छत्तीसगढ़ विधानसभा में राजपरिवार का कोई भी सदस्य नहीं

एजेंसी। रायपुर



**छत्तीसगढ़** विधानसभा में यह पहली बार है कि जब राज परिवार का कोई भी सदस्य निर्वाचित नहीं हुआ है। राज्य में इन परिवारों के सात सदस्यों को हार का सामना करना पड़ा है।

इस बार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजपरिवारों के तीन-तीन सदस्यों को अपना उम्मीदवार बनाया था जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने राजपरिवार के एक सदस्य को मैदान में उतारा था। कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार विधायक थे जो अपनी सीट नहीं बचा सके। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद विधान सभा के सभी पांच कार्यकालों में पूर्व शाही परिवारों के सदस्य थे। इस चुनाव में प्रभावशाली कांग्रेस नेता और उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव अपनी अंबिकापुर सीट 94 वोट के मामूली अंतर से हार गए। वह सरगुजा के पूर्व शाही परिवार से हैं। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए भाजपा के राजेश अग्रवाल ने उन्हें शिकस्त दी है। सिंहदेव ने लगातार तीन बार 2008, 2013 और 2018 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। माना जाता है कि सिंहदेव के परिवार का उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में काफी प्रभाव है। इस क्षेत्र के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में 2018 में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार ये सभी सीट भाजपा ने जीत लीं। सरगुजा क्षेत्र के एक अन्य शाही परिवार की सदस्य अंबिका सिंहदेव को कांग्रेस ने बैकुंठपुर सीट से अपना उम्मीदवार बनाया लेकिन वह भाजपा के भैयालाल राजवाड़े से 25,413 मतों के अंतर से हार गईं।

## कॉप-28: 2022-23 में 23 देशों ने सूखे को लेकर घोषित किया आपातकाल

**संयुक्त** राष्ट्र द्वारा सूखे पर जारी नए वैश्विक मानचित्र से पता चला है कि 2022-23 के दौरान भारत सहित कम से कम 23 देशों ने सूखे का सामना किया था। जहां राष्ट्रीय और स्थानीय तौर पर सूखे की गंभीर स्थिति को देखते हुए इमरजेंसी तक की घोषणा करनी पड़ी थी। यह कहीं न कहीं वैश्विक स्तर पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देता है।

ग्लोबल ड्रॉट स्नैपशॉट 2023 रिपोर्ट में जारी आंकड़ों से यह भी पता चला है कि कुछ ही आपदाएं ऐसी हैं जो उनसे होने वाली मौतों, आर्थिक क्षति और समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों के मामले में सूखे से आगे हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टिफिकेशन (यूएनसीसीडी) द्वारा 101 देशों के लिए जारी आंकड़ों के मुताबिक 184 करोड़ लोग सूखे से प्रभावित हैं, जिनमें से 4.7 फीसदी भीषण सूखे की चपेट में थे। गौरतलब है कि यह रिपोर्ट एक दिसंबर, 2023 को कॉप-28 सम्मेलन के दौरान यूएनसीसीडी द्वारा जारी की गई थी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जलवायु परिवर्तन पर चर्चा के लिए वार्ताओं का दौर 30 नवंबर से शुरू हो चुका है। इसमें दुनिया भर के देश हिस्सा ले रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक चलने वाले इस सम्मलेन में जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ उससे जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

दुनिया में सूखे की स्थिति कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2022-23 के दौरान इसके चलते 23 देशों में आपातकाल तक घोषित करना पड़ा था। इनमें से सबसे ज्यादा आठ यूरोपियन देश थे, जिनमें स्पेन, इटली और यूनाइटेड किंगडम ने क्रमश: अप्रैल, मई और जुलाई 2023 में इसकी घोषणा की थी, जबकि ग्रीस, पुर्तगाल, रोमानिया और सर्बिया में जुलाई 2022 के दौरान सूखे की वजह से आपातकाल घोषित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि 2022-23 के दौरान यूरोपियन देश केवल सूखे और सूखे जैसी

**करीब 184 करोड़ लोग सूखे से प्रभावित हैं, जिनमें से करीब पांच फीसदी को भीषण सूखे का सामना करना पड़ा था**

गंभीर परिस्थितियों से परेशान थे। इस दौरान चिलचिलाती गर्मी ने भी उन्हें प्रभावित किया था। कई जगहों पर तो अब तक की सबसे गर्म गर्मियां अनुभव की गई। इसी तरह 2022 में यूरोप के सूखा प्रभावित क्षेत्रों को देखें तो वो चरम पर पहुंच गया। इस दौरान यूरोप का 6.3 लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा हिस्सा सूखे की चपेट में था, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यूरोपियन एनवायरनमेंट एजेंसी के मुताबिक 2000 से 2022 के बीच यूरोप में औसतन हर साल 1.67 लाख वर्ग किलोमीटर जमीन सूखे की चपेट में आई है।

**बढ़ते तापमान के साथ बढ़ रहा है सूखे का कहर**

आंकड़ों की मानें तो हाल के वर्षों में सूखे का कहर बढ़ा है जो पहले से कहीं ज्यादा क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले रहा है। मैप के मुताबिक जहां अमेरिका को जनवरी 2022 में वहीं कनाडा को भी मार्च 2023 में सूखे की आपात स्थिति की घोषणा करनी पड़ी थी। वहीं एशिया के पांच देशों ने भी इस दौरान सूखे के आपातकाल की घोषणा की थी। भारत और श्रीलंका को जहां अगस्त 2023 में, इंडोनेशिया ने जुलाई 2023, वहीं कजाकिस्तान और चीन ने क्रमश: अप्रैल और मई 2022 में सूखे के लेकर आपात स्थिति घोषित कर दी थी। बता दें कि साल 2023 में भीषण गर्मी ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। 17 नवंबर, 2023 को वैश्विक तापमान दो डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर गया था। यह वो सीमा है जिसको पार न करने की लगातार वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं।

### हॉर्न ऑफ अफ्रीका ने किया चार दशकों में सबसे भीषण सूखे का सामना

वहीं हॉर्न ऑफ अफ्रीका को अपने पिछले 40 वर्षों के इतिहास में सबसे भीषण सूखे का सामना करना पड़ा है। विशेष तौर पर इथियोपिया, केन्या और सोमालिया में हालात बेहद नाजुक रहे। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा 2023 के लिए जारी आंकड़ों के मुताबिक बारिश के सीजन के लगातार पांचवी बार विफल रहने से पूर्वी अफ्रीका के बड़े हिस्से को भारी तबाही का सामना करना पड़ा। नतीजन वहां कृषि उत्पादकता, खाद्य असुरक्षा के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी इजाफा दर्ज किया गया। रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि मानव-प्रेरित सूखे के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। यूएनसीसीडी के कार्यकारी सचिव इब्राहिम थियाव के मुताबिक, मीडिया का ध्यान आकर्षित करने वाली अन्य आपदाओं के विपरीत, सूखा चुपचाप आता है, और अक्सर किसी का ध्यान उसपर नहीं जाता। ऐसे में उसपर तत्काल सार्वजनिक और राजनीतिक प्रतिक्रिया देने में विफल रहते हैं। उनका आगे कहना है कि यह मौन विनाश उपेक्षा के चक्र को जारी रखता है, जिससे प्रभावित समुदायों को अकेले बोझ उठाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हालांकि पिछले दो दशकों में, केवल 26 फीसदी वैज्ञानिक अध्ययनों में इस बात को समझने पर ध्यान केंद्रित किया है कि समाज किस हद तक सूखे के खतरों की अवधि और तीव्रता प्रभावित करता है। वहीं यूएनसीसीडी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि बहुत कम करीब दस फीसदी शोधकर्ता समाज और सूखे के जोखिम के बीच के दीर्घकालिक संबंधों का अध्ययन कर रहे हैं।

साभार-डीटीई

## नतीजों ने बताया आखिर कौन है पनौती?



अमित बिश्नोई

**एक** देहाती कहावत है कि कौआ के कोसने से डांगर नहीं मरते, किसी को अभागा कहने से कोई अभागा नहीं बनता। राजनीति भी ऐसी चीज है जो बहुत जल्दी आपको परिणाम दे देती है, इसलिए एक राजनेता को बहुत सोच समझकर बोलना चाहिए। बड़े बुजुर्ग कह गए हैं कि बड़ा निवाला खा लो मगर बड़ा बोल न बोलो क्योंकि आपके बोल आपके सामने आते हैं जो आ चुके हैं और राहुल गांधी से सवाल पूछ रहे हैं कि अब बताओं पनौती कौन? जिसको आपने पनौती कहा उसने तो शानदार तरीके से अपना गढ़ यानि मध्य प्रदेश बचा लिया जिसको जीतने का आप पिछले कई महीनों से दावा कर रहे थे, अब बताओ पनौती कौन? सारे राज्यों में छत्तीसगढ़ मॉडल का ढिंढोरा आप पीट रहे थे, लेकिन चुनाव में वहां बुरी तरह पिट गए, अब बताओ पनौती कौन है? राजस्थान की चिरंजीवी योजना का बड़ा हो हल्ला था, इतिहास और परंपरा बदलने के बड़े बड़े दावे हो रहे थे मगर चुनावी नतीजा क्या रहा, अब बताओं पनौती कौन?

मेरे हिसाब से तो राहुलजी असली पनौती आप हो, अपनी पार्टी के लिए भी और देश की राजनीती के लिए भी। अगर पनौती न होते देश के प्रधानमंत्री को पनौती कभी न कहते, खासकर उस समय जब पूरा देश ओडीआई विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार से निराश था, खेल के कंधे पर बन्दूक रखकर प्रधानमंत्री मोदी पर आपका निशाना साधना देश को पसंद नहीं आया। न ये सही मौका था और न ही इस तरह का दस्तूर है कि देश के प्रधानमंत्री को कोई अपने चुनावी फायदे के लिए अभागा कहे। भाजपा ने अगर इसे प्रधानमंत्री का अपमान कहा तो बिलकुल सही कहा, नरेंद्र मोदी आपके राजनीतिक विरोधी हो सकते हैं उनके बारे में आप शायद भाषा की मर्यादा भी लांघ सकते हैं, हालांकि लांघना नहीं चाहिए लेकिन आप यह कैसे भूल गए कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री भी हैं, देश की जनता राजनेता नरेंद्र मोदी का अपमान शायद बर्दाश्त भी कर जाए लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती, विशेषकर हिंदी भाषी राज्य के लोग तो बिलकुल भी नहीं और शायद यही वजह रही जो उसने अपने मतों के अधिकार के ज़रिये आपको यह बता दिया कि प्रधानमंत्री मोदी अभागे नहीं बल्कि भाग्यशाली हैं, मध्य प्रदेश राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जनता के लिए भी और भारतीय जनता पार्टी के लिए भी। राहुलजी एक तरफ तो आप देश भर में घूम घूम कर कहते फिर रहे हैं कि आप नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान खोल रहे हैं, दूसरी तरफ बार बार राजनीतिक मंचों से देश के प्रधानमंत्री का अपमान करते फिर रहे हैं। यह मोहब्बत की कौन सी भाषा है जिसमें पनौती शब्द का इस्तेमाल होता है, पनौती शब्द में नफरत की साफ झलक मिलती है, सिर्फ पनौती ही नहीं, पिछले कई महीनों से राजनीतिक मंचों से आपने पीएम मोदी के लिए जिस तरह तू तड़ाक का सम्बोधन किया है, जिस टपोरी भाषा का इस्तेमाल किया वो सभ्य इंसान के लिए कतई शोभा नहीं देता। ध्यान रखिये मैं अभी भी आपको सभ्य इंसान मान रहा हूं. हम जिस समाज में रहते हैं, वहां इस तरह की भाषा इस्तेमाल नहीं की जाती, खासकर अपने बड़ों से तो बिलकुल भी नहीं और याद रखियेमोदी जी आपसे बड़े हैं, उम्र में भी और पद में भी। देश के किसी भी नागरिक के लिए अपने प्रधानमंत्री का सम्मान करना फर्ज होता है भले उसके विचारों, उसके कामों, उसकी बातों से आप कितना भी असंतुष्ट हों।

वैसे भी इतिहास रहा है, जब जब आपके दल की तरफ से प्रधानमंत्री के खिलाफ किसी तरह के अपशब्द का इस्तेमाल हुआ, मोदीजी को फायदा और आपकी पार्टी को नुक्सान हुआ है, आपकी पप्पू की इमेज भी इसी वजह से बनी है। पनौती शब्द का खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा ये बात मैंने उसी दिन अपने लेख में कह दी थी जब आपने पीएम मोदी को पनौती मोदी कहा था। माना कि पनौती शब्द के इस्तेमाल से पहले छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव हो चुके थे और आपके इस उद्वोधन का उनपर असर नहीं पड़ने वाला था, लेकिन राजस्थान जहां कांटे की टक्कर की बातें हो रही थीं आपके इस शब्द ने गेहलोत के लिए आपको पनौती साबित कर दिया। भारत जैसे देश में राजनेता द्वारा बोले गए एक एक शब्द का बड़ा महत्व होता है, राजनेता द्वारा बोले गए शब्दों का असर होता है, सही मौके, सही स्थान पर अगर सही शब्द बोला जाय तो बिगड़ी बात बन जाती है मगर जब इन्ही हालात में पनौती जैसा कोई गलत शब्द बोला जाय तो बनती बात बिगड़ जाती है और राहुल गांधी के पनौती सम्बोधन के केस में कुछ ऐसा ही हुआ। प्रधानमंत्री मोदी को पनौती साबित करने की कोशिश में पप्पू के साथ पनौती का टैग भी आपने अपने साथ जोड़ लिया।



# वेस्टइंडीज का वनडे में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज



## होप ने 49वें ओवर की चार गेंदों में तीन छक्के जड़े

एजेंसी। एंटीगुआ

**वेस्टइंडीज** ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की घरेलू सीरीज में कप्तान साई होप की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत जीत के साथ शुरुआत की है। कैरेबियन टीम ने एंटीगुआ में खेले गए पहले मुकाबले में ब्रिटिश टीम को चार विकेट से हराया। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 325 रन बनाए। 326 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कैरेबियन टीम ने सात बॉल शेष रहते हुए छह विकेट के नुकसान पर बना लिए और मैच को चार विकेट से अपने नाम कर लिया।

यह वेस्टइंडीज का उनके इतिहास में दूसरा सबसे सफल पुरुष वनडे रन चेज भी था। इससे पहले कैरेबियन टीम ने 2019 में मालाहाइड में आयरलैंड के खिलाफ चेज करते हुए पांच विकेट पर 331 रन बनाए थे। इंग्लैंड के ओपनर फिल साल्ट और विल जैक्स ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर 5.4 ओवर में 50 रन बना लिए।

इंग्लैंड को पहला झटका 8.2 ओवर में गुडाकेश मोती ने साल्ट को कैच आउट करा कर दिया। उस समय टीम का स्कोर 77 रन था। साल्ट 28 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं इंग्लैंड को दूसरा झटका अल्जारी जोसेफ ने दिया। उन्होंने विल जैक्स को साई होप के हाथ कैच कराकर पवेलियन भेजा। जैक्स ने 24 गेंदों पर 26 रन बनाए।

### इंग्लैंड ने 10 से 40 ओवर में चार विकेट गंवाए

**इंग्लैंड** ने 10 से 40 ओवर में 158 रन बनाने के साथ ही 4 विकेट गवांए। जबकि 40 से 50 ओवर के बीच 4 विकेट केवल 89 रन के अंदर गवां दिए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट 110 रन पर गिरा। वहीं चौथे विकेट के लिए जैक क्राउली और हैरी ब्रूक ने 54 गेंदों पर 50 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड का पांचवां विकेट 191 रन पर गिरा। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 71 रन हैरी ब्रूक ने बनाए। वहीं जैक क्राउली इंग्लैंड के दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 63 गेंदों पर 48 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती,ओशेन थॉमस और रोमारियो शेफर्ड ने 2-2 विकेट लिए। जबकि अल्जारी जोसेफ और यानिक कैरियो ने 1-1 विकेट लिए।


## एसएलसी ने पूर्व खेल मंत्री रणसिंघे के खिलाफ शिकायत की

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अन्य खेलों के विकास के लिए उसके द्वारा जारी कोष के कथित दुरुपयोग के मामले में सोमवार को देश के पूर्व खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के खिलाफ रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई।

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने 27 नवंबर को रणसिंघे को पद से हटा दिया था।श्रीलंका बोर्ड ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इस शिकायत को दर्ज करने का फैसला इस चिंता के कारण है कि रोशन रणसिंघे सांसद ने एसएलसी द्वारा इच्छित उद्देश्यों के लिए आवंटित धन के उपयोग का उचित खुलासा नहीं किया है।

## धोनी के प्रेरणादाई शब्दों ने जीत दिलाने में मदद की: होप

एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)



**वेस्टइंडीज** के कप्तान शाई होप ने खुलासा किया कि लक्ष्य का पीछा करने में माहिर महेंद्र सिंह धोनी की आखिर तक हार न मानने की सलाह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उन्हें प्रेरित किया जिससे उनकी टीम रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रही।

पूर्व भारतीय कप्तान धोनी को शांतचित्त होकर अपने काम को अंजाम तक पहुंचाने और अपने मैच विजेता कौशल के लिए जाना जाता है। वेस्टइंडीज ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट 213 रन पर गंवा दिए थे। ऐसे में होप ने धोनी से हुई बातचीत को याद किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। होप ने नाबाद 109 रन की पारी खेलने के बाद संवाददाताओं से कहा, बेहद चर्चित व्यक्ति महेंद्र सिंह धोनी से मेरी बात हुई थी और उन्होंने कहा था कि आप जितना सोचते हो उससे अधिक समय आपके पास होता है। धोनी की तरह विकेटकीपर बल्लेबाज होप ने कहा, इतने वर्षों में जब से मैं वनडे क्रिकेट खेल रहा हूं उनकी यह बात मेरे दिमाग में हमेशा घूमती रहती है।

# भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने किया टीम का ऐलान

**वनडे और टी-20 में ऐडन मार्करम करेंगे कप्तानी**



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के खिलाफ 10 दिसंबर से खेले जाने वाले तीनों फॉर्मेट की सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका टीम का ऐलान हो गया है।

वनडे और टी-20 में ऐडन मार्करम और टेस्ट में टेम्बा बावुमा कप्तानी करेंगे।

साउथ अफ्रीका ने अपने वनडे कप्तान बावुमा और तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ लिमिटेड ओवर की सीरीज के लिए आराम दिया है। बावुमा की गैरमौजूदगी में टी-20 कप्तान मार्करम वनडे टीम की भी कप्तानी करेंगे। जेराल्ड कूट्जी, मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी पहले दो टी-20 में ही खेलेंगे।

10 दिसंबर से शुरू होने जा रहे इस दौरे पर टीम इंडिया को तीन टी-20, 3 वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे के लिए टीम छह दिसंबर को रवाना होगी।

बैटर ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। हेनरिक क्लासन को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है।

पीठ की चोट से जूझ रहे तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं और वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### तीनों फॉर्मेट के लिए साउथ अफ्रीका टीम

**टी-20 टीम:** ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, जेराल्ड कूट्जी (पहला और दूसरा मैच), डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन (पहला और दूसरा मैच), हेनरिक क्लासन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहला और दूसरा मैच), एंडिल फेलुक्वायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स।
**वनडे टीम:** ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासन, केशव महाराज, मिहलाली पोंगवाना, डेविड मिलर, वायन मुल्डर, एंडिल फेलुक्वायो, तबरेज शम्सी, रासी वान डर डसन, काइल वेरियन और लिजाड विलियम्स।
**टेस्ट टीम:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, जेराल्ड कूट्जी, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, मार्को यानसन, केशव महाराज, ऐडन मार्कराम, वायन मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरियन।

## ख्वाजा ने कहा, स्मिथ और वॉर्नर हीरो हैं

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन द्वारा डेविड वॉर्नर की आलोचना बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के गले नहीं उतरी है और उन्होंने अगले साल जनवरी में सिडनी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे इस सलामी बल्लेबाज का बचाव किया है। द वेस्ट आस्ट्रेलियन अखबार में अपने कॉलम में जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 दिसंबर से पर्थ में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्ईय टीम में वॉर्नर के चयन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि अपने फॉर्म के आधार पर 37 वर्ष के वॉर्नर टीम में जगह पाने के हकदार नहीं हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में 2018 में हुए सैंडपेपर कांड में भी अपनी भूमिका की पूरी जिम्मेदारी नहीं ली है। ख्वाजा ने वॉर्नर और स्टीव स्मिथ का बचाव किया है जो उस समय आस्ट्रेलिया के कप्तान थे। उन्होंने कहा , वॉर्नर और स्मिथ मेरी नजर में हीरो हैं। उन्होंने खराब समय में एक साल क्रिकेट नहीं खेली। कोई भी परफेक्ट नहीं होता। मिचेल जॉनसन भी नहीं हैं।

# आईपीएल 2024 मिनी ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होगा

## 1166 खिलाड़ियों ने कराया है रजिस्ट्रेशन

एजेंसी। मुंबई

**आईपीएल** 2024 की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होगी। ऐसा पहली बार होगा, जब आईपीएल का ऑक्शन देश से बाहर हो रहा है। आईपीएल प्रशासन ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। इस बार पिछले साल की तुलना में टीमों के पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए पांच करोड़ रुपये ज्यादा होंगे। पिछले सीजन में फ्रेंचाइजी के पास टीम के लिए 95 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई थी।

इस बार टीम तैयार करने के लिए 100 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। साथ ही टीमों के पास पिछले सीजन यानी 2023 की बची हुई राशि भी होगी। आईपीएल ऑक्शन के लिए 1166 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 830 भारतीय और 336 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। विदेशी खिलाड़ियों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने नाम नहीं दिया। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंग, ट्रैविस हेड, जेराल्ड कूट्जी और रचिन रवींद्र जैसे खिलाड़ी बड़े विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन में उतरेंगे। भारतीय खिलाड़ियों में हर्षल पटेल, शार्दूल ठाकुर, उमेश यादव और जयदेव उनादकट जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इनकी कीमत 10 करोड़ के पार जा सकती है।




### 10 टीमों में 77 खिलाड़ियों की ही जगह खाली

**टूर्नामेंट** में हिस्सा लेने वाली 10 टीमों ने अपने ज्यादातर खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा 77 खिलाड़ी ही खरीदे जा सकेंगे, जिनमें 30 विदेशी रहेंगे। टीमों के पास 262.95 करोड़ बाकी हैं, हर टीम का पर्स इस बार 100 करोड़ का रहेगा। ऑक्शन में 25 प्लेयर्स की बेस प्राइस 2 करोड़ है, इनमें ऑस्ट्रेलिया के सात और भारत के चार खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, ट्रैविस हेड, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, स्टीव स्मिथ, जोश इंग्लिस और सीन एबॉट की बेस प्राइस दो करोड़ है। भारतीयों में हर्षल पटेल, केदार जाधव, शार्दूल ठाकुर और उमेश यादव की बेस प्राइस सबसे ज्यादा है।

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हट सकता है ऑस्ट्रेलिया



एजेंसी। गोल्ड कोस्ट

**ऑस्ट्रेलिया** 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हट सकता है और उसके खेल अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महासंघ को अन्य देशों की दावेदारी पर विचार करने के लिए कह दिया है।

राष्ट्रमंडल खेल ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी क्रेग फिलिप्स ने गोल्ड कोस्ट के मेजबानी से हटने के बाद सोमवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले जुलाई में विक्टोरिया प्रांत मेजबानी से हट गया था। फिलिप्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया अभी मेजबानी से पूरी तरह नहीं हटा है लेकिन राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) को अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। फिलिप्स ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, हमने (सीजीएफ को) संकेत दिया है और ऐसा करने में उन्हें हमारा पूरा समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा, खेलों की मेजबानी करना हमारी प्राथमिकता है और हम ऐसा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन अगर उनके पास बेहतर विकल्प हैं तो फिर उन्हें उन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। गोल्ड कोस्ट के मेयर टॉम टेट ने रविवार को कहा था कि उन्हें सरकार से समर्थन नहीं मिल रहा है और इसलिए वह राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी नहीं कर सकते हैं। गोल्ड कोस्ट ने इससे पहले 2018 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी। उसके अलावा पर्थ ने भी 2026 की प्रतियोगिता की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाई थी।



## दो घंटे चले फाइनल में फिल्स को हराया

**जेद्दा।** हेमाद मेदजेदोविच ने शनिवार को यहां शीर्ष वरीय आर्थर फिल्स को हराकर उलटफेर करते हुए नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। मेदजेदोविच ने दो घंटे और 11 मिनट चले फाइनल में फिल्स को पांच सेट में 3-4 (6), 4-1, 4-2, 3-4 (9), 4-1 से हराया।

टूर्नामेंट के इतिहास में छह सत्र में पहली बार फाइनल में पांच सेट का मुकाबला हुआ। इक्कीस साल या इससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट में खिताबी जीत के दौरान 20 साल के मेदजेदोविच ने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया और इस टूर्नामेंट के जीतने वाले सर्बिया के पहले खिलाड़ी बने। वर्ष 2017 में पहले टूर्नामेंट से ही इसका आयोजन मिलान में हो रहा था जबकि इस साल पहली बार यह टूर्नामेंट सऊदी अरब में खेला गया।

# मैनचेस्टर सिटी और टोटेनहैम का रोमांचक मुकाबला बराबरी पर छूटा

एजेंसी। मैनचेस्टर

**मैनचेस्टर** सिटी और टोटेनहैम के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल का रोमांचक मुकाबला रविवार को यहां 3-3 की बराबरी पर छूटा। टोटेनहैम के दक्षिण कोरियाई स्ट्राइकर सोन ह्यूंग-मिन ने मैच के छठे मिनट में ही गोलकर टीम को बढ़त दिला दी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही उनके आत्मघाती गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया।

मैनचेस्टर सिटी ने इसके बाद मैच के 31वें मिनट में फिल फोडेन और 81वें मिनट में जैक ग्रीलिश के गोल से बढ़त बनाई लेकिन टीम इसे बरकरार रखने में नाकाम रही। जियोवानी लो सेल्सो (69वां मिनट) और डेजेन कुलुसेवोस्की (90वां मिनट) के गोल से टोटेनहैम मैच को बराबरी पर खत्म करने में सफल रहा। इस मुकाबले के बाद टोटेनहैम 14 मैचों में आठ जीत से 27 अंक के साथ पांचवें जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैचों में नौ जीत और 30 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।



अन्य मुकाबलों में तालिका में दूसरे स्थान की टीम लिवरपूल ने फुल्हम को 4-3 जबकि शीर्ष स्थान की टीम आर्सेनल ने वुल्व्स को 2-1 से हराया।

चेल्सी ने ईनजो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से ब्रिगटॉन को 3-2 से हराया।



# पीएसजी की जीत में एमबापे के गोल ने निभाई अहम भागेदारी

एजेंसी। पेरिस

**रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद पीएसजी को 80 से अधिक मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा**

**काइलियान** एमबापे और वितिन्हा के गोल के दम पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद रविवार को ली हावरे को 2-0 से शिकस्त दी।

मैच के 10वें मिनट में पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद पीएसजी को 80 से अधिक मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। कोच लुईस एनरिक की टीम ने रविवार को लगातार सातवीं जीत दर्ज करने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। टीम के नाम 14 मैचों में 10 जीत से 33 अंक है और वह दूसरे स्थान पर काबिज नीस से चार अंक आगे है। नीस को शनिवार को नैनटेस ने।-0 से हराया था। मौजूदा सत्र में नीस की यह पहली हार थी। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में मौजूदा सत्र का अपना 15वां गोल करते हुए टीम का खाता खोला। वितिन्हा ने 88 वें मिनट में मैनुअल उगारते की मदद से टीम की बढ़त को दोगुना किया।

तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज मोनाको ने ताकुमी मिनामिनो और विसम बेन एडर के गोल से मोंटपेलियर के खिलाफ 2-0 की जीत दर्ज की। मोनाको से एक स्थान नीचे की टीम लिली ने यूसुफ याजिसी और जोनाथन डेविड के गोल से मेट्ज को 2-0 से शिकस्त दी। मार्सिले ने चार मैचों के बाद जीत का स्वाद चखते हुए रेनेस को 2-0 से हराया।

## खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार समिति के अध्यक्ष होंगे पूर्व न्यायमूर्ति खानविलकर



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम खानविलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार की 12 सदस्यीय चयन समिति की अध्यक्षता करेंगे। खेल मंत्रालय ने रविवार को यह घोषणा की।

समिति में छह प्रमुख खेल हस्तियां भी शामिल हैं, जिनमें पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्ले, ओलंपियन मुक्केबाज अखिल कुमार, निशानेबाज शुमा शिरूर, टेबल टेनिस में आठ बार के राष्ट्रीय चैंपियन कमलेश मेहता प्रमुख हैं। मेहता भारतीय टेबल टेनिस महासंघ का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक इकाई की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे तथा पावरलिफ्टिंग महासंघ के फरमान बाशा भी समिति में शामिल हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान, लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम के पुष्पेंद्र गर्ग और खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रेम कुमार झा सरकारी अधिकारियों के रूप में समिति में शामिल किए गए हैं।

## रामकुमार ने जीता आईटीएफ खिताब

**कालाबुरगई।** भारत के रामकुमार रामनाथन ने ऑस्ट्रिया के डेविड पिचलर को सीधे सेटों में हराकर पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। यह 57 दिनों के अंदर उनका तीसरा आईटीएफ खिताब है। पिछले हफ्ते उन्होंने आईटीएफ मुंबई ओपन जीता था। पिचलर के खिलाफ फाइनल में उन्होंने 64 मिनट में 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। भारतीय डेविस कप टीम के सदस्य को 3200 डॉलर (लगभग 2.66 लाख रुपये) और 25 एटीपी अंक मिले। राम ने कहा लगातार दो खिताब जीतना अच्छा रहा। पिछले दो हफ्तों में मैंने अपना श्रेष्ठ खेल दिखाया है। यह कोर्ट मेरे अनुकुल नहीं था लेकिन मैंने इसको अपने अनुरूप ढाला।

## ब्रिस्बेन के मेयर ने 2032 ओलंपिक आयोजन समिति से इस्तीफा दिया

एजेंसी। ब्रिस्बेन



**ब्रिस्बेन** के लॉर्ड मेयर एड्रियन श्राइनर ने 2032 में यहां होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति से त्यागपत्र दे दिया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2021 में ब्रिस्बेन को 2032 के खेलों की मेजबानी सौंपी थी, लेकिन श्राइनर के इस्तीफे से आयोजकों में आपसी मतभेद का पता चलता है।

ब्रिस्बेन ने ओलंपिक के आयोजन के लिए लीडर्स फोरम का गठन किया था जिसमें सरकार के तीनों स्तर और अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हैं। लेकिन श्राइनर ने कहा कि इस समूह का उपयोग केवल हितधारकों को खुश करने के लिए किया जा रहा है जबकि सभी अहम फैसले राज्य सरकार कर रही है। श्राइनर ने रविवार को कहा, असलियत यह है कि हम हमेशा टीम के खिलाड़ी बनना चाहते हैं लेकिन राज्य सरकार राजनीति करना चाहती है। हमें महंगे स्टेडियमों की जरूरत नहीं है, हमें बेहतर परिवहन सुविधा की जरूरत है।

# वेड के आउट होने पर यकीन हो गया था कि हम मैच जीत सकते हैं: अर्शदीप

एजेंसी। बेंगलुरु

**पहले** तीन ओवर में 37 रन लुटाने के बाद अंतिम ओवर में शानदार वापसी करने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड को आउट करने के बाद उन्हें विश्वास हो गया था कि भारत पांचवा और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच जीत सकता है।

अर्शदीप को चिन्नास्वामी स्टेडियम की मुश्किल पिच पर अंतिम ओवर में 10 रन का बचाव करने का जिम्मा सौंपा गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने बाउंसर और यार्कर का अच्छा इस्तेमाल करके भारत को 6 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत ने पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती। अर्शदीप ने तीसरी गेंद पर वेड को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा कर भारत को वापसी दिलाई। इस तेज गेंदबाज को लगता है कि इससे भारत का पलड़ा भारी हो गया था। उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं लगता कि परिस्थितियां गेंदबाजों के अनुकूल थी क्योंकि मैंने बहुत ढीली गेंदें की। अर्शदीप से पूछा गया कि जब कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें अंतिम ओवर करने के लिए दिया तो वह कैसा महसूस कर रहे थे, उन्होंने कहा, मैं केवल यही सोच रहा था कि मेरे पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि मैं पहले ही काफी रन लुटा चुका था। सूर्या भाई ने भी यही बात कही कि देखते हैं क्या होता है।

उन्होंने कहा, मुझे लग रहा था कि मैं बाउंसर करके वेड के दिमाग में संदेह पैदा कर सकता हूं और जब मैंने उसका विकेट लिया तो मुझे विश्वास हो गया था कि हम मैच जीत सकते हैं। इस तेज गेंदबाज ने सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व कौशल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सूर्या भाई हमें काफी स्वतंत्रता देते हैं। हम इस श्रृंखला में पहले बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर खेले हैं लेकिन वह कहते रहे कि जहां चुनौतियां हैं वहां अवसर भी जरूर होंगे। अर्शदीप ने कहा, वह हमसे कहते रहे की परिणाम को लेकर चिंता मत करो तथा प्रक्रिया पर ध्यान दो। उन्होंने हम पर कभी दबाव नहीं बनाया। उन्होंने मुझसे कहा कि डेथ ओवरों में मैं जिस तरह की गेंदबाजी करना चाहता हूं वैसे ही करूं और वह उसका पूरा समर्थन करेंगे।



### दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बारे में बोलने से बचे गेंदबाज अर्शदीप सिंह

**अर्शदीप** ने एक सप्ताह के अंदर शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका के दौरे को बारे में कहा, हमारा ध्यान अभी वर्तमान श्रृंखला पर था। हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहे थे। एक बार जब हम वहां (दक्षिण अफ्रीका) पहुंच जाएंगे तो वहां की परिस्थितियों को देखकर ही अपनी रणनीति तय करेंगे।